RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 346
फरीदाबाद, शुक्रवार, 28 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



इन मिथकों को दें मात
पेज - 11

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,276 | ▼ 581 | |
| निफ्टी | 17,110 | ▼ 168 | |
| सोना | 48,190 | ▼ 677 | /10 gm |
| चांदी | 62,521 | ▼ 1514 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 18.00°C
न्यूनतम 07.00°C

## क्विक न्यूज

### कार्यकर्ताओं से पूछकर सीएम पर फैसला लेंगे

**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को पंजाब के दौरे पर हैं। उन्होंने जालंधर में कहा कि कार्यकर्ताओं से चर्चा कर मुख्यमंत्री पर फैसला लेंगे। पंजाब कांग्रेस पर मचे घमासान पर उन्होंने कहा कि नवजोत सिंह सिद्धू और चरणजीत सिंह चन्नी दोनों ने मुझे आश्वासन दिया कि दो लोग नेतृत्व नहीं कर सकते हैं, एक ही व्यक्ति नेतृत्व करेगा। दोनों ने कहा कि जो भी नेतृत्व करेगा, दूसरा व्यक्ति कसम खाकर अपनी पूरी शक्ति उसकी मदद में लगाएगा। अगर कांग्रेस पार्टी, पार्टी कार्यकर्ता और पंजाब चाहता है तो फिर हम मुख्यमंत्री का निर्णय लेंगे, हम इसका निर्णय अपने कार्यकर्ताओं से पूछकर लेंगे।

### यूक्रेन की सीमा पर एक लाख रूसी सैनिक तैनात

यूक्रेन। रूस के बाद यूरोप के दूसरे सबसे बड़े देश यूक्रेन पर युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देश रूस और यूक्रेन के बीच टकराव को टालने की कोशिशें कर रहे हैं। दिन-रात राजनयिक बैठकें हो रही हैं, लेकिन यूक्रेन सीमा के पास खड़ी एक लाख से अधिक रूसी फौज ने सिर्फ यूरोप और अमेरिका ही नहीं, पूरी दुनिया की सांसें अटका रखी हैं। यूक्रेन के पश्चिम में यूरोप है और पूर्व में रूस। 1991 में सोवियत संघ से अलग होने के बाद से ही इस देश का झुकाव पश्चिम की तरफ रहा है। पूरब के पड़ोसी रूस को ये बर्दाश्त नहीं है और वो इसे अपने प्रभाव के दायरे में लेने की कोशिश करता रहा है।

### आज पीएम एनसीसी रैली को संबोधित करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को राजधानी दिल्ली के करियप्पा ग्राउंड में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की रैली को संबोधित करेंगे। पीएमओ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जनवरी को दोपहर 12 बजे दिल्ली के करियप्पा ग्राउंड में एनसीसी की पीएम रैली को संबोधित करेंगे। देश के 17 प्रदेश महानिदेशालयों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से 380 लड़कियों एवं 500 सहायक स्टाफ सदस्यों समेत लगभग 1000 कैडेट्स करियप्पा ग्राउंड स्थित एनसीसी कैंप में भाग ले रहे हैं। इसका समापन शुक्रवार को रैली के साथ होगा।

### अंसल बंधुओं की सजा निलंबन पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने रियल एस्टेट कारोबारी सुशील और गोपाल अंसल की याचिका पर बृहस्पतिवार को फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने उपहार सिनेमा साक्ष्य छेड़छाड़ मामले में सात वर्ष जेल की सजा निलंबित करने का आग्रह किया है। न्यायमूर्ति सुब्रममण्यम प्रसाद ने अंसल बंधुओं और एक अन्य दोषी अनूप सिंह करायत के वकीलों के साथ ही दिल्ली पुलिस और उपहार कांड के पीड़ितों के संगठन की दलीलें सुनी।

# 70 हजार करोड़ के घाटे में चल रही एअर इंडिया हुई अब टाटा की मलकियत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

### टाटा संस के चेयरमैन चंद्रशेखरन ने की पीएम मोदी से मुलाकात

### सरकार की तरफ से गुरुवार को हुई अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी

**एअर** इंडिया की कमान टाटा ग्रुप के हाथों में जाते ही इसकी फ्लाइट्स के ऑपरेशन में बदलाव दिखना शुरू हो गया है। केंद्र सरकार ने गुरुवार को एअर इंडिया को टाटा ग्रुप को सौंप दिया। टाटा के एअर इंडिया के हैंडओवर की प्रक्रिया गुरुवार को आधिकारिक तौर पर पूरी हो गई। गुरुवार को टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद चंद्रशेखरन ने एअर इंडिया के अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने और एयरलाइन के वापस टाटा ग्रुप के पास आने पर खुशी जताई।



इसके साथ ही करीब 69 साल बाद एअर इंडिया की कमान फिर से टाटा के हाथों में आ गई है। सरकार ने अक्टूबर 2021 में एअर इंडिया की 100 फीसद हिस्सेदारी टाटा को बेच दी थी। एअर इंडिया को टेकओवर करते ही पहले ही दिन टाटा ने इसके ऑपरेशन में बदलाव शुरू कर दिया। इसके तहत टाटा ने मुंबई से चार शहरों की एअर इंडिया की उड़ानों में 'इनहैंस्ड मील सर्विस' या उन्नत भोजन सेवा शुरू की है। हालांकि अभी तुरंत एअर इंडिया की फ्लाइट टाटा के बैनर तले नहीं उड़ेगी। ऐसा आने वाले कुछ दिनों में होने की संभावना है। टाटा ने कहा है कि इनहैंस्ड मील सर्विस गुरुवार को एअर इंडिया की चार फ्लाइट्स मुंबई-दिल्ली, दिल्ली-मुंबई), मुंबई-अबू धाबी और मुंबई-बेंगलुरु में शुरू की गई है।

वहीं ये सेवा शुक्रवार को मुंबई-न्यूयॉर्क फ्लाइट और पांच मुंबई-दिल्ली फ्लाइट्स में भी उपलब्ध कराई जाएगी। टाटा इस सेवा को चरणबद्ध तरीके से और अधिक फ्लाइट्स में भी उपलब्ध कराएगी। माना जा रहा है कि तुरंत न सही, लेकिन कुछ महीनों में एअर इंडिया के टाटा के हाथों में जाने से बदलाव नजर आने लगेंगे। हालांकि ये इस पर निर्भर करेगा कि टाटा ग्रुप एयरलाइन का संचालन कैसे करने का फैसला करता है।

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टाटा समूह अपने सभी एयरलाइन बिजनेस का एक ही यूनिट के तहत विलय करने पर विचार कर रहा है। सरकार के साथ डील के तहत टाटा ग्रुप को एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस का पूरा मालिकाना मिलेगा। इसके अलावा टाटा के पास पहले ही एयर एशिया और विस्तारा एयरलाइंस की अधिकांश हिस्सेदारी है।

# सभी कार्यालयों में 30 जनवरी को शहीदों के लिए मौन रखें

## हरियाणा सरकार ने दिए आदेश

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

**हरियाणा** में 30 जनवरी को अब अकेले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नहीं बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में शहादत देने वाले सभी शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखेगी। गुरुवार को इसको लेकर सरकार ने आदेश जारी किए कि सभी कार्यालयों में 11 बजे कर्मचारी दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को याद करेंगे।

इसको लेकर आदेश केंद्र सरकार के हैं, जिसको हरियाणा में लागू करने की हिदायत मुख्य सचिव ने जारी की है। 30 जनवरी भारतीय इतिहास का अहम दिन है। 1948 में इसी दिन नाथूराम गोडसे ने



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उनकी पुण्यतिथि को हर साल शहीद दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है। वैसे 23 मार्च को भी शहीद दिवस मनाया जाता है, क्योंकि उसी दिन भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी।

# हरियाणा में फरवरी से खुलेंगे स्कूल

## अधिसूचना जारी

### वैक्सीन लेने वाले विद्यार्थियों को ही मिलेगी एंट्री

### स्कूल संचालकों के दबाव में सरकार का फैसला

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

**हरियाणा** सरकार ने प्रदेश में एक फरवरी से स्कूल खोलने को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। स्कूलों में उन्हीं विद्यार्थियों को एंट्री दी जाएगी, जिन्होंने कोरोना वैक्सीन की कम से कम एक डोज ली होगी। स्कूल शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में बृहस्पतिवार को गाइडलाइन जारी कर दी है।

पहली से नौवीं कक्षा के संबंध में अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है, जिसके चलते यह माना जा रहा है कि इन कक्षाओं के विद्यार्थी अभी घर बैठे ऑनलाइन पढ़ाई करेंगे। कोरोना की तीसरी लहर के चलते हरियाणा में इसी माह स्कूल बंद किए गए थे। स्कूल बंद करने के बाद अध्यापक-अभिभावक संगठन तथा निजी स्कूल संचालक सरकार पर स्कूल खोलने को लेकर दबाव बनाए हुए थे, जिसके चलते सरकार ने एक फरवरी से नौवीं से 12वीं कक्षा तक के स्कूल खोलने का फैसला किया है।

बृहस्पतिवार को जारी गाइडलाइन के अनुसार सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वह उन्हीं विद्यार्थियों को विद्यालय में आने की अनुमति दें, जिनके द्वारा कम से कम कोरोना वैक्सीन की एक डोज लगवाई जा चुकी है। विद्यार्थियों को स्कूल आने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। इसलिए ऑनलाइन कक्षाएं भी इसके समानांतर जारी रहेंगी। विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार कक्षा में शामिल होगा। एक या दो डोज लगवा चुके विद्यार्थियों को भी स्कूल में आने के लिए अपने माता-पिता से लिखित स्वीकृति स्कूल प्रबंधकों के पास जमा करवानी होगी।



### दिल्ली में फिलहाल बंद रहेंगे स्कूल-कॉलेज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में स्कूल और कॉलेज अभी बंद रहेंगे और इस मुद्दे को दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अगली बैठक में उठाया जाएगा। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। गुरुवार को हुई बैठक में दिल्ली सरकार ने स्कूलों को फिर से खोलने का सुझाव दिया और कहा कि दिल्ली में कोविड-19 की स्थिति में सुधार हुआ है। इसलिए यह जरूरी है कि बच्चों की सामाजिक और आर्थिक देखभाल को और क्षति होने से रोका जाए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, स्कूलों को फिर से खोलने के मुद्दे को डीडीएमए की अगली बैठक में उठाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि ऑनलाइन शिक्षा, भौतिक रूप से कक्षा में दी जाने वाली शिक्षा का विकल्प कभी नहीं बन सकती। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्कूल तब बंद किए थे, जब बच्चों को खतरा था लेकिन अत्यधिक सावधानी बरतने से उनका नुकसान हो रहा है। इससे पहले, महामारी और लोकनीति विशेषज्ञ चंद्रकांत लहरिया के नेतृत्व में बच्चों के माता-पिता के एक शिष्टमंडल ने सिसोदिया से मुलाकात की थी और 1600 से ज्यादा माता-पिता द्वारा हस्ताक्षरित एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें स्कूल पुनः खोलने की मांग की थी।

## देश में जहां संक्रमण दर 10 फीसदी, वहां 28 तक कोविड प्रतिबंध



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को मौजूदा कोविड-19 रोकथाम उपायों को 28 फरवरी तक बढ़ा दिया। मंत्रालय ने वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के कारण संक्रमण में तेजी से वृद्धि और 407 जिलों में संक्रमण दर के 10 प्रतिशत से अधिक रहने को लेकर यह फैसला किया है। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को लिखे एक पत्र में कहा कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 22 लाख से अधिक हो गई है, हालांकि ज्यादातर मरीज जल्दी ठीक हो रहे हैं और कम मरीज अस्पतालों में हैं। मौजूदा कोविड प्रतिबंधों को 28 फरवरी तक बढ़ाते हुए भल्ला ने मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा, यह अब भी चिंता का विषय है कि 34 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 407 जिलों में संक्रमण की दर 10 प्रतिशत से अधिक है... इसलिए, कोविड के मौजूदा रुख को देखते हुए सावधानी और सतर्कता बनाए रखने की जरूरत है।

### तिहाड़ जेल सुरक्षा उच्चतम न्यायालय का रुख कड़ा हुआ

# गृह मंत्रालय-सरकार की जवाबदेही से बचने की समस्या को सुधारेंगे

### तिहाड़ जेल के अधिकारियों की मिलीभगत पर एससी का संज्ञान

### यूनिटेक के पूर्व प्रमोटर्स जेल में ले रहे थे फाइव स्टार सुविधाएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र सरकार, कारागार महानिदेशक और दिल्ली सरकार के बीच जिम्मेदारी को एक-दूसरे पर डालने पर समस्या से प्रभावी समन्वय के साथ फैसला लेकर निपटने की जरुरत है। न्यायालय ने निर्देश दिया कि तिहाड़ जेल सुधार पर दिल्ली पुलिस आयुक्त की रिपोर्ट लागू करने पर ठोस फैसला लिया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा कि सिर्फ कागजी कार्रवाई कोई हल नहीं है और सुधारात्मक कार्रवाई जमीनी स्तर पर की जानी चाहिए, ताकि यूनिटेक के पूर्व प्रमोटर्स संजय चंद्रा और अजय चंद्रा के साथ तिहाड़ जेल के अधिकारियों की मिली-भगत जैसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो।

बता दें कि प्रवर्तन निदेशक ने पिछले साल नवंबर में एक आश्चर्यजनक खुलासा किया था कि उसने वहां गोपनीय भूमिगत कार्यालय का पता लगाया है, जिसे यूनिटेक के संस्थापक रमेश चंद्रा चला रहा है और पैरोल तथा जमानत पर जेल से बाहर





निकले उनके बेटे संजय और अजय वहां आते-जाते रहते हैं। मकान खरीददारों के धन के गबन के मामले में संजय और अजय दोनों अगस्त 2017 से जेल में बंद हैं। न्यायमूर्ति धनंजय वाई. चन्द्रचूड़ और न्यायमूर्ति एमआर शाह की पीठ ने कहा कि दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना की रिपोर्ट को लागू करने के लिए अगर प्रभावी कदम नहीं उठाया गया तो वह धूल खाती रहेगी। पीठ ने कहा, इस पृष्ठभूमि में, हमारा मानना है कि गृह मंत्रालय के नाम पर केंद्र, कारागार महानिदेशक और दिल्ली सरकार के बीच जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालने की समस्या का समाधान प्रभावी समन्वय और तेजी से फैसले लेकर निकालना होगा।

पीठ ने कहा, इसलिए हम निर्देश देते हैं कि गुरुवार से एक सप्ताह के भीतर, केंद्रीय गृह मंत्रालय के सचिव स्तर के अधिकारी, तिहाड़ जेल में कारागार महानिदेशक और एनसीटी दिल्ली के मुख्य सचिव के बीच बैठक होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि बैठक में दिल्ली पुलिस आयुक्त की रिपोर्ट लागू करने के संबंध में ठोस फैसला लिया जाना चाहिए।

## सिख विरोधी दंगा: कांग्रेस नेता कमलनाथ के विरुद्ध कार्रवाई पर एसआईटी से मांगा जवाब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) को 1984 के सिख विरोधी दंगे से जुड़े एक मामले में कांग्रेस नेता कमलनाथ की कथित भूमिका की जांच की मांग संबंधी एक अर्जी पर स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने भाजपा के मनजिंदर सिंह सिरसा की याचिका पर एसआईटी को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई की तारीख 28 मार्च तय की। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसका गठन किया था।

एक बयान में सिरसा ने कहा, इन (सिख विरोधी दंगे) मामलों में सिख समुदाय द्वारा इंसाफ की बाट जोहते हुए 37 साल से अधिक समय हो गया। हालांकि, सज्जन कुमार (कांग्रेस नेता) को उम्रकैद की सजा सुनाए के साथ ही कुछ सफलताएं मिली हैं लेकिन अब भी काफी कुछ किया जाना बाकी है, क्योंकि अन्य गुनाहगार कमलनाथ एवं अन्य कांग्रेसजनों की अबतक सुनवाई नहीं की गई और उन्हें सजा नहीं सुनाई गई।

सिरसा ने उच्च न्यायालय में दायर की गई अपनी याचिका में अदालत से अनुरोध किया है कि वह एसआईटी को पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में 1984 में दर्ज की गई प्राथमिकी में कमलनाथ के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दे, इस मामले में पांच व्यक्तियों को बतौर आरोपी नामजद किया गया था और उन्हें कथित रूप से कांग्रेस नेता के घर पर ठहराया गया था। इन आरोपियों को सबूत के अभाव में बरी कर दिया गया। हालांकि कमलनाथ को प्राथमिकी में कभी नामजद नहीं किया गया।

सिरसा ने अपनी याचिका में अदालत से अनुरोध किया है कि वह कमलनाथ को अविलंब गिरफ्तार करने का निर्देश दे। सिरसा का पक्ष अदालत में वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह और वकील गुरबख्श सिंह ने रखा। यह मामला यहां गुरुद्वारा रकाब गंज में दंगाइयों द्वारा हमला से जुड़ा है। कमलनाथ ने आरोपों से इनकार किया था। एसआईटी ने सितंबर 2019 में सात सिख विरोध दंगा मामलों को फिर से खोलने का फैसला किया था, जहां आरोपी या तो बरी कर दिए गए या सुनवाई बंद कर दी गई।

### चीन की घेराबंदी के लिए 22 फरवरी को होगा समारोह

**पेरिस।** हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते खतरे को देखते हुए अब यूरोप ने भी भारत के साथ आने का फैसला किया है। फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां-वेस द्रायन ने एक ऑनलाइन समिट के दौरान कहा कि उनका देश यूरोपियन यूनियन और हिंद प्रशांत के बीच रिश्तों को लेकर 22 फरवरी को पेरिस में एक समारोह आयोजित करेगा। इस कार्यक्रम को पेरिस फोरम का नाम दिया गया है। द्रायन ने कहा कि इस कार्यक्रम का एजेंडा हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा, कनेक्टिविटी और वैश्विक चुनौतियों का सामना करने से जुड़ा होगा। फ्रांस के इस फैसले का भारत ने भी स्वागत किया है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने द फ्रेंच प्रेसिडेंसी : ईयू इंडिया पार्टनरशिप ऑनलाइन समिट में फ्रांस के इस कदम की तारीफ की। उन्होंने कहा, हमने कल अपने गणतंत्र दिवस परेड में फ्रांस के विमानों को उड़ान भरते देखा।

### दिल्ली में युवती से सामूहिक दुष्कर्म के बाद सड़क पर घुमाया, नौ आरोपी गिरफ्तार किए

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक युवती का कथित तौर पर अपहरण किया गया, उसका यौन शोषण किया गया और हमलावरों ने उसके बाल काटकर, चेहरे पर कालिख पोतकर और जूतों की माला पहनाकर शहर के कस्तूरबा नगर इलाके में सड़क पर घुमाया। उन्होंने बताया कि इस घटना के संबंध में 11 आरोपियों में से नौ को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें एक परिवार की सात महिलाएं शामिल हैं। यह घटना बुधवार दोपहर को, एक पुलिस बूथ से कुछ ही मीटर की दूरी पर हुई जो गणतंत्र दिवस के चलते बंद था। यह मामला निजी दुश्मनी का बताया गया है। घटना के कई कथित वीडियो सोशल मीडिया पर चलाए जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि 11 आरोपियों में से सात महिलाएं और चार पुरुष हैं, जिनमें नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस ने सात महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

### गिरिडीह में नक्सलियों ने रेल लाइन मोबाइल टावर उड़ाया

**हजारीबाग।** भाकपा माओवादी के उग्रवादियों ने 24 घंटे के अपने बिहार-झारखंड बंद के दौरान बीती रात लगभग साढ़े बारह बजे हावड़ा-नई दिल्ली मार्ग पर धनबाद-गया रेलखंड में विस्फोट कर रेल लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे करीब छह घंटे तक रेल का परिचालन बंद रहा और लगभग साढ़े छह बजे रेल यातायात शुरू हो गया। इस बीच माओवादियों ने हजारीबाग में एक मोबाइल टावर को भी उड़ा दिया। रेलवे सुरक्षा बल के वरिष्ठ कमांडेंट हेमंत कुमार ने बताया कि चिचाकी और चौधरी बांध रेलवे स्टेशन के बीच आधी रात के बाद लगभग 12:30 बजे विस्फोट की सूचना पर रेल परिचालन को रोक दिया गया।

## बड़ी कामयाबी : असम में 246 उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया

**गुवाहाटी।** असम में बृहस्पतिवार को यूनाइटेड गोरखा पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन (यूजीपीओ) और तिवा लिबरेशन आर्मी (टीएलए) के कुल 246 उग्रवादियों ने यहां प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के सामने औपचारिक रूप से आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें 169 उग्रवादी यूजीपीओ के और 77 उग्रवादी टीएलए के हैं।

आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों का मुख्यधारा में स्वागत करते हुए सरमा ने कहा कि बराक घाटी के दो और ब्रू-रियांग उग्रवादी संगठन फरवरी में हथियार डाल देंगे। उन्होंने उग्रवादियों के आत्मसमर्पण के लिए आयोजित औपचारिक कार्यक्रम में कहा कि उल्फा (आई) और कामतापुर लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन (केएलओ) ही राज्य में उग्रवादी संगठन बचे रह जाएंगे। सरमा ने कहा, बराक घाटी में दो ब्रू-रियांग समूह आने वाले दिनों में आत्मसमर्पण कर देंगे। हम उनका फरवरी तक आत्मसमर्पण कराने की कोशिश करेंगे। उग्रवादियों के आत्मसमर्पण की प्रक्रिया से जुड़े एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने ब्रू रिवोल्यूशनरी आर्मी यूनियन (बीआरएयू) और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक लिबरेशन फ्रंट (यूडीएलएफ) का जिक्र किया। यूजीपीओ और टीएलए के उग्रवादियों ने सरमा के सामने विभिन्न प्रकार के 277 हथियार, 720 कारतूस और हथगोले जमा किए।

# बसपा ने घोषित किए अखिलेश-शिवपाल के खिलाफ उम्मीदवार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बहुजन समाज पार्टी ने गुरुवार को 53 उम्मीदवारों की नई सूची जारी कर दी। इससे पहले सुबह पार्टी ने छह उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। पार्टी अब तक 166 सीटों पर उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी है। गुरुवार को जारी सूची में मायावती ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल यादव के खिलाफ उम्मीदावारों का नाम भी दे दिया है। करहल विधानसभा सीट से सपा प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ कुलदीप नारायन पार्टी के उम्मीदवार होंगे। अखिलेश के चाचा और प्रसपा प्रमुख शिवपाल यादव के खिलाफ जसवंतनगर सीट से बृजेंद्र प्रताप सिंह बसपा उम्मीदवार होंगे।

मुस्लिमों को टिकट देने में अब तक सबसे आगे रही बसपा की गुरुवार की सूची में 53 में सिर्फ तीन मुस्लिम उम्मीदवार हैं। इनमें एक महिला और दो पुरुष उम्मीदवार है। एटा की अलीगंज सीट से सऊद अली खान उर्फ जुनैद मियां को उतारा गया है। कन्नौज जिले की छिबरामऊ सीट से वहीदा बानो जूही को तो कानपुर कैंट सीट से मोहम्मद सफी खान को टिकट दिया गया है। सफी खान पर चकेरी थाने में हत्या, हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी, लूट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, उनके भाई आरिफ उर्फ चिरौंदा और जकी खान उर्फ गुड्डू जिला बदर हो चुके हैं।

### भू-माफिया घोषित नेता की पत्नी और पूर्व डीसी की बेटी को टिकट

53 उम्मीदवारों की सूची में छह महिलाएं हैं। महरौनी से किरन रमेश खटीक को उम्मीदवार बनाया गया है। किरन पूर्व पालिकाध्यक्ष रमेश खटीक की पत्नी हैं। रमेश पर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के मामले में भूमाफिया घोषित किया गया है। इस वजह से उनकी जगह बसपा ने उनकी पत्नी को उम्मीदवार बनाया है। कानपुर की बिल्हौर सीट से मधु सिंह गौतम उम्मीदवार होंगी। मधु एलएलएम और एमएड हैं। वह रामजी लाल की पुत्री हैं, जो आयकर विभाग में डिप्टी कमिश्नर रह चुके हैं। कन्नौज के छिबरामऊ से वहिदा

### छह महिलाओं को मायावती ने दिया टिकट



बानो जूही, इटावा की भरथरा सीट से कमलेश अम्बेडकर, कानपुर देहात की रसूलाबाद सीट से सीमा संखवार और जालौन से माधौगढ़ सीट से शीतल कुशवाहा पार्टी की उम्मीदवार होंगी।

सुबह बसपा ने जिन छह सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए थे उनमें दो पर उम्मीदवार बदले गए थे। धामपुर में कमाल अहमद की जगह मूलचंद चौहान को उम्मीदवार बनाया गया। कुंदरकी में हाजी चांदबाबू मलिक की जगह मोहम्मद रिजवान को टिकट दिया गया। रिजवान यहां से सपा के मौजूदा विधायक हैं। सपा से टिकट नहीं मिलने के बाद चार दिन पहले ही वो बसपा में शामिल हुए हैं।

मूलचंद चौहान भी सपा सरकार में मंत्री रह चुके हैं। टिकट कटने के बाद उन्होंने भी बसपा का दामन थामा है। टिकट कटने से नाराज होकर सपा छोड़ने वाले अजय सिंह यादव को एटा से बसपा उम्मीदवार बनाया गया है। मायावती सरकार में मंत्री रहे रतनलाल अहिरवार के बेटे रोहित रतन अहिरवार को झांसी मऊरानीपुर से टिकट दिया गया है।

## शहर का तापमान

- अधिकतम 18.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 08.00 डिग्री सेल्सियस

## शहर में आज

- बिजली दफ्तरों पर कर्मचारियों का दो घंटे का विरोध प्रदर्शन: सुबह 10 बजे
- जिले में 74 स्थानों पर जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 10 बजे
- बीके अस्पताल की ओपीड़ी शुरू: सुबह 9 बजे
- कोरोना महामारी को लेकर बाजार होंगे बंद: शाम 7 बजे

## निवेश गुरु

**म्यूचुअल** फंड आपको अपने निवेश में डायवर्सिफिकेशन यानी विविधता लाने में मदद करते हैं। जब आप केवल एक-दो शेयर में निवेश करते हैं, तो बाजार के लुढ़कने पर आप बड़ा नुकसान उठा सकते हैं। हालांकि, आप विभिन्न एसेट क्लास में निवेश करके इस समस्या से बच सकते हैं। यदि आप शेयरों में निवेश कर रहे हैं और आपको डायवर्सिफिकेशन लाना है, तो आपको विभिन्न सेक्टरों से कम से कम 10 शेयरों का चयन करना होगा. यह एक लंबी, समय लेने वाली प्रक्रिया हो सकती है।

## यूटीलिटी न्यूज

### ऑनलाइन सूर्यनमस्कार का विडियो



**फरीदाबाद।** 75 करोड़ सूर्य नमस्कार के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए जिला फरीदाबाद का आयुष विभाग जिला आयुष अधिकारी डॉ. अजीत सिंह के नेतृत्व में समय-समय पर सभी विभाग एवं जन प्रतिनिधि की भागीदारी सुनिश्चित कर रहा। इसी क्रम में 26 जनवरी के अवसर पर आयुष विभाग के चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारियों ने प्रात: 30 सेकेंड का विडियो में सूर्यनमस्कार पूर्व कर ऑनलाइन माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज की एवं गणतंत्र दिवस की परेड में योग विशेषज्ञों द्वारा सूर्य नमस्कार झांकी में प्रस्तुति दी।

## क्विक न्यूज

### रावल अकादमी ने जीता मैच



**फरीदाबाद।** एनएच-दो स्थित बॉयस के सरकारी स्कूल में प्रेक्टिस मैच खेला गया। जिसमें रावल क्रिकेट अकादमी और विक्ट्री क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। जिसमें विक्ट्री क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। रावल क्रिकेट अकादमी की तरफ से बैटिंग करते हुए 30 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 262 रन बनाए। जिसमें नमन ने 50 रन, प्रमोद चंदीला ने 19 रन और आकाश ने 22 रन बनाए। वहीं विक्ट्री के गेंदबाज लक्ष्य ने 4 विकेट और अजय ने 2 विकेट लिए। विक्ट्री क्रिकेट क्लब की तरफ से 30 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए। जिसमें मुकेल ने 50 रन बनाए। वहीं अजय ने 27 रन बनाए। वहीं रावल के गेंदबाज प्रमोद चंदीला ने 3 विकेट लिए। जतिन जाखड, रतन और आकाश ने 1-1 विकेट लिए। अंत में यह मैच रावल क्रिकेट अकादमी ने 100 रनों से जीत लिया।

# देश के लिए प्यार और जज्बा रखने वालों में कुछ खास बात होती है : सीपी

### स्लेजहैमर कंपनी और क्रिकेट अकादमी में फहराए गए 105 फुट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज



स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी में 105 फुट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज को फहराते पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा।



स्लेजहैमर के डायरेक्टर केसी मोहंती निगमायुक्त यशपाल यादव को स्मृतिचिह्न देते हुए। साथ में खड़े हैं पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा, प्रदीप मोहंती, प्रवीण मोहंती और पुलिस प्रवक्ता सूबेसिंह।



स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी के मैदान में पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा बल्लेबाजी और निगमायुक्त यशपाल यादव गेंदबाजी करते हुए।

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**जो व्यक्ति** देश का गौरव बढ़ाने के लिए विशाल राष्ट्रीय ध्वज के रूप में शहर को इतना बड़ा प्रतीक दे सकता है, उसके मन में देश के प्रति कितना प्यार और जज्बा होगा। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसे व्यक्ति अन्य लोगों के मुकाबले कुछ खास ही होते हैं। स्लेजहैमर ऑयल टूल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक प्रदीप मोहंती उन्हीं खास लोगों में से एक हैं। ऐसा कहना था पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा का।

श्रीअरोड़ा गणतंत्र दिवस के मौके पर सेक्टर 86 स्थित स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी में 105 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर पुलिस आयुक्त ने शहर में विशाल राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करने के लिए स्लेजहैमर ग्रुप के एमडी प्रदीप मोहंती, डायरेक्टर केसी मोहंती, प्रवीण मोहंती और अंकुर कौशिक को बधाई देते हुए कहा है कि यह अकादमी प्रदेश और देश को क्रिकेट के बेहतरीन खिलाड़ी देती रही है।



105 फुट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज के साथ स्लेजहैमर ग्रुप के सहयोगी नवीन अरोड़ा अपने लाडले अर्ब और लाडली एशलिन के साथ।

### इंसान के लिए देश से बढ़कर कुछ भी नहीं होता : प्रदीप मोहंती



**सेक्टर-24** स्थित स्लेजहैमर ऑयल टूल्स प्राइवेट लिमिटेड और सेक्टर-86 स्थित स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी के प्रांगण में 105 फुट के राष्ट्रीय ध्वज के उद्घाटन के बाद ग्रुप के एमडी प्रदीप मोहंती ने कहा कि कोई सुबह मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा या चर्च में जाकर, कोई प्रभु का स्मरण करके तो कोई माता-पिता के चरण स्पर्श कर दिन की शुरूआत करते हैं, लेकिन देश इन सभी से कहीं ज्यादा ऊपर होता है। इंसान के लिए देश से बढ़कर कुछ भी नहीं होता। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के आगे नतमस्तक होकर ही हम देश को सम्मान देते हैं। इसी जज्बे की वजह से विशाल राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करने का फैसला लिया गया था। इस मौके पर उन्होंने कहा है कि सभी की मेहनत से देश लगातार तरक्की कर रहा है। देशहित में हमें सरकार और प्रशासन का हरसम्भव सहयोग करना चाहिए।

अकादमी परिसर में लगे विशाल राष्ट्रीय ध्वज को देखकर खिलाड़ियों के मन में देश के लिए बेहतर तरीके से खेलने का और जज्बा उत्पन्न होगा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सबसे खूबसूरत देशों में से एक हैं। यहां ऊंचे पहाड़, घने जंगल, समुंद्र, रेगीस्तान और कश्मीर की सुंदर वादियां मौजूद हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि हमने इस पावन धरती पर जन्म लिया। दुनिया की बड़ी-बड़ी हस्तियां गुरू की तलाश और मन की शांति के लिए भारत में ही आती हैं। इस मौके पर स्लेजहैमर ग्रुप के एमडी प्रदीप मोहंती, डायरेक्टर केसी मोहंती, प्रवीण मोहंती और अंकुर कौशिक ने पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा, नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव, डीसीपी नितिश अग्रवाल, डीसीपी मुकेश मल्होत्रा, एफआईए के अध्यक्ष बीआर भाटिया, डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के चेयरमैन रोहित जैनेंद्र जैन और अन्य अतिथियों पौधे और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्लेजहैमर अकादमी और बेन एडं गॉब्स की टीम के बीच एक मैत्री मैच भी खेला गया। जिसकी शुरूआत पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने बल्लेबाजी और नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव ने गेंदबाजी करते हुए की। मैच शुरू होने से पहले पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने एक बेहतरीन खिलाड़ी की तरह बल्लेबाजी की।

## शहर के लोगों के लिए बन चुके हैं प्रेरणा स्रोत: यशपाल यादव



सेक्टर-24 स्थित स्लेजहैमर ऑयल टूल्स के प्रांगण में 105 फुट का राष्ट्रीय ध्वज फहराते निगमायुक्त यशपाल यादव।

**नगर** निगम आयुक्त यशपाल यादव ने कहा कि शहर में 105 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करने के लिए स्लेजहैमर ग्रुप के एमडी प्रदीप मोहंती और डायरेक्टर प्रवीण मोहंती बधाई के पात्र हैं। देश के प्रति अपना प्यार और सम्मान दर्शाते हुए विशाल राष्ट्रीय ध्वज स्थापित कर दोनों भाई शहर के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बन गए हैं। इससे अन्य लोगों को भी देश के लिए कुछ खास करने की प्रेरणा मिलेगी। निगमायुक्त यशपाल यादव ने सेक्टर 24 स्थित ऑयल टूल्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रांगण में विशाल राष्ट्रीय ध्वज को फहराने के बाद ये शब्द कहे। इस मौके पर निगमायुक्त श्रीयादव ने कहा है कि यह बदलाव का वर्ष है। शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की दिशा में तेजी के साथ काम किया जा रहा है। सितम्बर 2021 में स्वच्छ बनेगा फरीदाबाद अभियान शुरू किया गया था। उससे पहले घरों से 45 प्रतिशत कूड़ा एकत्रित हो रहा था। जो अब बढ़कर 85 प्रतिशत हो चुका है। 31 मार्च के बाद शहर में कूड़ा सड़कों पर पड़ा हुआ नजर नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि एमसीएफ बदल रहा है। ऐसे में लोगों को भी अपनी पुरानी आदतों में बदलाव कर लेना चाहिए। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में लोगों को भी अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। सभी के प्रयासों से ही कामयाबी मिल सकती है। शहर की सड़कों के विषय में उन्होंने कहा कि एनआईटी औद्योगिक क्षेत्र की कुछ सड़कों पर कोर्ट का स्टे था, जो अब हट चुका है। यहां कई सड़कों का निर्माण शुरू हो चुका है। इस साल बरसात ज्यादा आने से शहर के अन्य हिस्सों की सड़के भी खराब हुई हैं। नगर निगम अथवा अन्य एजेंसियों ने सड़कों के निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल भराव की समस्या दूर करने के लिए सभी सीवर लाइनों के साथ छोटे बड़े नालों की सफाई की जा रही है। 30 अप्रैल तक यह काम पूरा हो जाने पर शहर की सड़कों पर पानी जमा नहीं होगा। इस मौके पर स्लेजहैमर कंपनी सबसे पुराने एवं वरिष्ठ सहयोगी आरएस भाटी ने निगमायुक्त यशपाल यादव और विशेष रूप से उपस्थित थाना मुजेसर के प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार को पौधे और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।



गणतंत्र दिवस पर सम्मानित हुए सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता के साथ कोरोना योद्धा सतपाल, पंकज, ऋषिराज।



कोरोना योद्धा के रूप में सम्मान पाने वाले डॉ. एसएस दहिया, तकनीकी अधिकारी राकेश कुमार चौहान, डॉ. प्रीति रहेजा, नर्सिंग ऑफिसर सविता।

# एमसीएफ, ट्रैफिक पुलिस, एफएमडीए की झांकियों को मिला पुरस्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**73वें** गणतंत्र दिवस जिला स्तरीय समारोह में बुधवार को विभिन्न विभागों और उद्योगों द्वारा अपनी विकास योजनाओं को प्रदर्शित करती हुई झांकियां निकाली गई। इन झांकियों में नगर निगम फरीदाबाद की झांकी प्रथम, ट्रैफिक पुलिस की द्वितीय और एफएमडीए की तृतीय स्थान पर रही। परेड में हरियाणा पुलिस (पुरूष) की टुकड़ी पहले, हरियाणा पुलिस (महिला) दूसरे और एनसीसी आर्मी और सैंट जोंस एम्बुलेंस सयुंक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। योगा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सभी टीमों को पुरस्कृत किया गया।

परेड में शामिल सभी टुकड़ियां भव्य मार्च पास्ट में शामिल हुई तथा मुख्य मंच के सामने से गुजरते हुए मंत्री को सलामी दी। परेड कमाण्डर एसीपी मुनीष सहगल के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस टुकड़ी के इन्चार्ज पीएसआई विशाल, हरियाणा पुलिस महिला टुकड़ी की इन्चार्ज पीएसआई सुमन, हरियाणा होमगार्ड टुकड़ी के इन्चार्ज एसजे बिजेन्द्र, एनसीसी एसआर विंग टुकड़ी के इन्चार्ज विकास, एनसीसी जेआर विंग टुकड़ी के इन्चार्ज रविकु मिश्रा, सैंट जोनसन ब्रिगेड टुकड़ी के इन्चार्ज विनीत, भारतीय स्काउट टुकड़ी के इंचार्ज अमन कुमार, भारतीय गाइड टुकड़ी के इन्चार्ज पंकज कुमार, हिन्दुस्तान स्काउट टुकड़ी के इन्चार्ज सचिन, हिन्दुस्तान गाइड टुकड़ी की इन्चार्ज मनिषा और प्रजातंत्र के प्रहरी के इन्चार्ज गोल्डी रहे। मंच संचालन डीआईपीआरओ राकेश गौतम ने किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बेहतरीन देश भक्ति व देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा के विद्यार्थियों ने तेरी मिट्टी में मिल जावा, वन्देमातरम वन्देमातरम, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल ओल्ड के विद्यार्थियों द्वारा राजस्थानी लोकगीत होलिया में उडे रे गुलाल, कहियो मंगेतर से, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-5 के विद्यार्थियों ने हरियाणवी नृत्य हरियाणा एक हरियाणवी एक, दुनिया में होगा नाम मेरे हरियाणा का, झूलण जांगी हे मां मेरी बागां मै सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिनमें हरियाणा के अलावा पंजाब व राजस्थान की समृद्ध संस्कृति की झलक देखने को मिली। गणतंत्र दिवस समारोह का समापन राष्ट्रीय गान से हुआ।



गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेती नगर निगम की झांकी।



बल्लभगढ़ में कोरोना योद्धा के रूप में सम्मान पाते हुए जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मान सिंह।



समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर लोक उत्थान क्लब के संस्थापक आरपी हंस को सम्मानित करते हुए खेल राज्यमंत्री संदीप सिंह।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103



## नज़रिया

दिनेश रघुवंशी, कवि

**हुकूमत ने चालाई जिस्म पर शमशीर उभरी है**
**इन्हें आँसू नहीं समझो पलक पर पीर उभरी है**
**नज़रिया आपका अपना भला कुछ भी रहे लेकिन**
**सड़क पर हुक्मरां के ज़ुल्म की तस्वीर उभरी है**

# ओमेक्स फाउंडेशन के बच्चों ने फहराया तिरंगा

### जब वर्ल्ड स्ट्रीट पर गूंज उठा राष्ट्रगान, तिरंगा फहराया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ओमेक्स** फाउंडेशन के बच्चों ने पूरे जोश और देशभक्ति की भावना के साथ ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट, फरीदाबाद में 73वां गणतंत्र दिवस मनाया। समारोह की शुरुआत ओमेक्स फाउंडेशन के बच्चों द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ जो वर्ल्ड स्ट्रीट पर गूंज उठा और आसमान में तिरंगा फहराया। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा दिन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कई प्रस्तुतियां दी गईं।

ओमेक्स फाउंडेशन, अपनी अध्यक्ष सुषमा गोयल के नेतृत्व में, उत्तर भारत के कई शहरों में बच्चों की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और अन्य से संबंधित कारणों के लिए पिछले 16 वर्षों से जमीनी स्तर पर काम कर रहा है। ओमेक्स फाउंडेशन विशेष रूप से विकलांग लोगों को भी सहायता प्रदान करता है। फरीदाबाद में, फाउंडेशन शहर का गौरव बनाने में हमारे सहयोगी निर्माण मजदूरों के बच्चों के लिए ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट पर एक स्कूल चलाता है।



ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में गणतंत्र दिवस पर झंडा फहरती हरियाणा रेडक्रास सोसाइटी वाइस प्रेसिडेंट सुषमा गुप्ता, ओमेक्स लिमिटेड के अध्यक्ष श्रवण गोयल व अन्य।

सेक्टर 79, फरीदाबाद में ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट यहां का सबसे प्रतिष्ठित और पसंदीदा गंतव्य स्थल है। इस ध्वजारोहण समारोह के अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी, हरियाणा की सुषमा गुप्ता, ओमेक्स लिमिटेड के अध्यक्ष श्रवण गोविल, ओमेक्स लिमिटेड के उपाध्यक्ष मुकेश गोयल और ओमेक्स लिमिटेड के अन्य अधिकारी उपस्थित थे और शहर के सामाजिक आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए ओमेक्स के प्रयासों की सराहना की। बच्चों के समूह ने विविधता में एकता का संदेश देते हुए देशभक्ति गीतों पर विशेष नृत्य और गायन की प्रस्तुतियां दीं।

राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष में कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया जहां दिनेश रघुवंशी और श्री महेंद्र अजनाबी ने सुंदर कविता के माध्यम से राष्ट्रवाद और देशभक्ति का संदेश फैलाया। देश के क्रांतिकारी नेताओं के बलिदान को याद करते हुए कविता पाठ ने श्रोताओं पर अपना जादू बिखेर दिया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान विशेष मैजिक शो का भी आयोजन किया गया। दिल को छू लेने वाली प्रस्तुतियों ने सभी के बीच प्रेम, गर्व और देशभक्ति की भावना जगाई और पूरा माहौल देशभक्ति की भावना से भर गया। गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने वालों में आस-पास की हाउसिंग सोसाइटी के बच्चे, वॉक-इन और ओमेक्स सहयोगी सहित परिवार शामिल थे।

# आयुष विभाग ने निकाली मनमोहक झांकी



**फरीदाबाद।** 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयुष विभाग फरीदाबाद द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉ. अजीत सिंह के नेतृत्व में सेक्टर-12 परेड मैदान में मनमोहक झांकी निकाली गई।

मुख्यातिथि संदीप सिंह राज्य मंत्री, खेल एवं युवा मामले हरियाणा सरकार के समझ आयुष झांकी, जिसमें प्राचीन पाकशाला, धूपन के लाभ, पंचगत्य, कोविड वाटिका के साथ-साथ 12 बार सूर्य नमस्कार को दर्शाया गया। जिससे जन-जन तक आयुर्वेद एवं योग के महत्व के बारे में जानकारी एवं भागीदारी का प्रचार-प्रसार किया जा सके।

## मृतक की पहचान



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अनजान व्यक्ति बाबा के भेष मे मेवला महाराज फ्लाई ओवर फरीदाबाद पर ऐक्सीजर में देहान्त हो गया है जिसकी नाश पहचान हेतू बीकेएच मोर्चरी में रखी हुई है। जिसने कमर में सफेद व काली जैकिट गले में लाल रंग का कपड़ा व माला व पैरों मे लाल पजामी पहने हुए है। मुकद्दमा न. 43 तिथि 25.01.2022, थाना सेक्टर-31, फरीदाबाद में दर्ज है। पहचान होने पर निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना सेक्टर-31 फरीदाबाद- 9582200122, 9582200140**

# गणतंत्र भारत ने सभी को दिया बराबरी का अधिकार


सेक्टर 16 ए स्थित राज्य महिला महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करते कर्मचारी ।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय नचौली ने संयुक्त रूप से आजादी के अमृत महोत्सव के अंर्तगत 73वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर ध्वजारोहण महाविद्यालय के कर्मचारी कुसुम एव लालाराम ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने महाविद्यालय द्वारा दिए गए इस सम्मान के प्रति अपना आभार प्रकट किया। प्राचार्या डा. सुनिधि ने कहा कि हम 15 अगस्त 1947 को आजाद तो हो गए, लेकिन सही मायनों में आजादी हमे संविधान ने प्रदान की है। हमारे संविधान ने देश के सभी नागरिकों को समानता का अधिकार है। इसलिए देश का कोई भी नागरिक या कर्मचारी छोटा या बड़ा नही है। अपनी संस्कृति एवं सभ्यता के कारण हमारा देश विश्वभर में प्रसिद्ध है। इस अवसर पर संगीत विभाग के प्राध्यापक डा. रामनिवास एवं प्रभाकर पांडेय ने कई देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर सभी के हृदय में देशभक्ति की भावना जागृत की।

# आज भी आवाज उठाने से कतराती हैं पीड़िताएं

## दुष्कर्म पीड़िता महिला ने दिया ऑपरेशन से बच्चे को जन्म

**कविता।** फरीदाबाद




**शहर** में अब भी दुष्कर्म पीड़िताएं न्याय के लिए आवाज उठाने से कतराती हैं। यहां तक कि माता-पिता से घटना छिपाने को मजबूर हो रही हैं। ऐसा ही एक मामला 20 वर्षीय युवती का सामने आया है। बार-बार बेहोश होने की शिकायत के कारण युवती के परिजन उसे यहां से वहां लेकर अस्पतालों के चक्कर काटते रहे। गर्भवती के सात माह पूरे होने पर गर्भवती होने का पता चला।

माता-पिता के पूछने पर पीड़िता ने आरोपी के बारे में सबकुछ बता दिया। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन पीड़िता का दर्द इतना बढ़ गया कि ऑपरेशन के माध्यम से युवती की डिलीवरी करवानी पड़ गई।

**यह है पूरा मामला :** संजय कालोनी निवासी 20 वर्षीय युवती की मां ने बताया कि वह और उसके पति ड्यूटी करते हैं, पीड़िता घर पर ही रहती है। ऐसे में उसके पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने उसके घर में घुसकर युवती के साथ जबरन दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर बदनाम करने की धमकी दे डाली। वह आए दिन मौका मिलने पर युवती के साथ दुष्कर्म करने लगा।

जिस कारण युवती परेशान रहने लगी और उसकी मानसिक हालत खराब होने लगी। वह घर पर ही बार-बार बेहोश होने लगी। जिस पर परिजन उसे यहां से वहां अस्पतालों में लेकर जाने लगे। सात माह पूरे होने पर किसी चिकित्सक ने परिजनों को उसके गर्भवती होने की जानकारी दी तो वह चौंक गए और युवती से प्यार से पूछताछ की। जिस पर युवती ने पूरी बात बता दी। युवती के परिजनों ने आरोपी पड़ोसी युवक के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। जिस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**आ गई परेशानी :** युवती की मां की माने तो उसे करीब तीन दिन से प्रसव पीडा होने लगी। जिस पर वह उसे शहर के सिविल अस्पताल में लेकर पहुंची। यहां उसकी नॉर्मल डिलीवरी का चिकित्सकों ने काफी प्रयास किया। लेकिन पीड़िता का बीपी हाई हो गया और उसकी नार्मल डिलीवरी करवाना भारी पड़ गया। चिकित्सकों ने युवती की खराब होती हालत को देखते हुए ऑपरेशन के माध्यम से उसकी डिलीवरी करवाई। फिलहाल युवती और उसका बच्चे को चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। बच्चे को नर्सरी में तो वहीं युवती को हाई रिस्क युनिट में भर्ती किया गया है।

# अज्ञात लोगों ने गोली मारकर की युवक की हत्या

## घर से 50 मीटर दूर पड़ा था मृत युवक का शव

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


शोकाकुल मृत युवक सुरेश के परिजन। इनसेट में सुरेश का फाइल फोटो

**बल्लभगढ़** के मुजेड़ी गांव में बुधवार रात को 38 वर्षीय व्यक्ति के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। शव मृतक के घर से करीब 50 मीटर की दूरी पर मुजेड़ी-नवादा रोड पर मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया। हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

मुजेड़ी गांव निवासी राम सिंह ने बृहस्पतिवार सुबह करीब पांच बजे पुलिस को सूचना देकर बताया कि उसके भाई सुरेश भाटी की किसी ने गोली मारकर हत्या कर दी है। जिसका शव मुजेड़ी-नवादा रोड पर पड़ा हुआ है। सदर थाना प्रभारी रामबीर पुलिस बल के साथ मुजेड़ी गांव में पहुंच गए। जिसके माथे से खून बह रहा था। राम सिंह ने पुलिस को वह बताया कि उनका परिवार मूलरूप से यूपी का रहने वाला है। करीब 50 साल पहले उनके पिता मंगतराम यहां पर आकर बस गए। मंगतराम के परिवार में चार बेटे व एक बेटी है। सबसे छोटे सुरेश को छोड़कर सभी शादीशुदा हैं। सुरेश उसके साथ ही रहता है। वे दोनों आईएमटी स्थित एक कंपनी के सामने चाय की दुकान चलाते हैं। बुधवार रात को दोनों भाई दुकान से घर आ गए थे। राम सिंह का कहना है कि रात को घर के बाहर बनी बैठक में सोए थे। रात को करीब साढ़े 11 बजे वह और सुरेश आपस में बात करते रहे। बातों के दौरान राम सिंह को नींद आ गई और वह सो गया। राम सिंह का कहना है कि गुरुवार सुबह पांच बजे गांव में ही सब्जी उगाने का काम करने वाले कुलदीप ने उसके घर आकर आवाज दी। कुलदीप ने बताया कि सुरेश नवादा गांव की ओर जाने वाले रोड पर श्यामवीर के मकान के निकट रोड पर मृत पड़ा हुआ है। जिस पर राम सिंह वहां पर पहुंच गया। जहां पर पाया कि सुरेश की किसी ने गोली मारकर हत्या की हुई है।

## नव प्रयास ने लगाया रक्तदान शिविर

**फरीदाबाद।** सामाजिक संस्था नवप्रयास सेवा संगठन द्वारा कपड़ा कॉलोनी स्थित सनातन शिव मंदिर परिसर में अपने 65वां रक्त दान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह, वार्ड नंबर 8 की पार्षद ममता चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश फागना तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी मुनेश शर्मा, योगी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजपाल योगी मौजूद रहे। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुनील यादव, चेयरमैन राकेश खटाना सहित अन्य सदस्यों ने आए हुए सभी अतिथियों का फूल माला एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर 31 रक्तवीरों ने शिविर में रक्तदान किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भगवान सिंह ने उपस्थित रक्त दाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपके द्वारा दिया गया रक्त 3 व्यक्तियों के काम आता है प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को कम से कम 3 बार साल में रक्तदान करना चाहिए। संस्था के अध्यक्ष सुनील यादव ने आए हुए अतिथियों को बताया कि उनकी संस्था प्रयास सेवा संगठन ने अब तक 65 बार रक्तदान शिविरों का आयोजन किया है।

# प्रेमी संग ससुर की हत्या करने वाली महिला गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


ससुर की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार गीता।

**बल्लभगढ़** न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में गोली मारकर भरत सिंह नामक युवक की हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में आरोपित पुत्रवधू को गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर बदरपुर बॉर्डर एरिया से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी महिला को अदालत में पेश करके 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था।

गिरफ्तार की गई आरोपित महिला का नाम गीता है जो मृतक भरत सिंह की पुत्रवधू है। आरोपित महिला के खिलाफ थाना सिटी बल्लभगढ़ में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपित महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने ससुर भरत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के पीछे का कारण प्रॉपर्टी विवाद था। मृतक भरत सिंह आरोपित महिला गीता के पति विनोद का सौतेला बाप था। भरत सिंह का बेटा सूरज पिछले साल ट्रेन दुर्घटना में जान कहां बैठा था उसके पश्चात उनकी पुत्रवधू सूरज की पत्नी अपने मायके चली गई इधर विनोद की पत्नी गीता ससुर पर सारी प्रॉपर्टी अपने नाम करने के लिए दबाव डाल रही थी। सारी जायदाद महिला के ससुर भरत सिंह के नाम है। गीता अपने ससुर भरत सिंह पर प्रॉपर्टी अपने नाम करवाने पर दबाव बना रही थी परंतु मृतक भरत सिहं द्वारा बार-बार इंकार करने पर पुत्रवधू ने अपने ससुर हो जान से मारने की योजना बनाई।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि इस मामले में आरोपी महिला के साथ उसका प्रेमी दलीप उर्फ सैंडी उर्फ कालिया भी शामिल है जो गुरुग्राम का रहने वाला है और गीता को करीब 6-7 साल से जानता था और उसके खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत पहले भी कई मुकदमे दर्ज है और वह जेल में भी सजा काट चुका है।

# संक्षिप्त समाचार

## ब्राह्मण सभा ने किया ध्वजारोहण



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने बाढ़ मोहल्ला ओल्ड फरीदाबाद में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया और तिरंगा को सेल्यूट कर सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा हमें गर्व है हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के नागरिक है। हम सभी भारतीय संविधान का पालन करना चाहिए। हमारी शान तिरंगा है। हमारे पूर्वजों ने अपने प्राणों की आहुति देकर इस सपने को साकार किया। उनके चरणों में वन्दन इस अवसर पर राजू, कैलाश, हरीश पाराशर एडवोकेट, कृष्ण पाराशर एडवोकेट, कर्ण पाराशर इंजिनियर, चन्द्रशेखर, लोकेश, कमल, रवि, अस्मित, आशीष, निटटू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बल्लभगढ़ के टॉपर विद्यार्थी किये गए सम्मानित



**बल्लभगढ़।** बल्लभगढ़ के ऐतिहासिक दशहरा मैदान में 73वां गणतंत्र दिवस बड़े शानदार तरीके से मनाया गया। बल्लभगढ़ सब डिवीजन मजिस्ट्रेट त्रिलोक चंद ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया तथा सलामी दी। इस अवसर पर एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने उन सभी अमर शहीदों को नमन किया। जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व हंसते-हंसते न्यौछावर कर दिया। बल्लभगढ़ की जनता को अपने संबोधन में गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा हरियाणा सरकार द्वारा राज्य में किये गए विकास कार्यों की सराहना की। हरियाणा राज्य के उन खिलाड़ियों को भी शुभकामनाएं दीं। जिन्होंने ओलंपिक गेम्स में देश तथा राज्य का नाम दुनिया भर में रोशन किया। इस अवसर पर उन विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। जिन्होंने सीबीएसई की दसवीं तथा बारहवीं की परीक्षा में बल्लभगढ़ सब डिवीजन में सर्वाधिक अंक प्राप्त किये। शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए रावल शिक्षण संस्था द्वारा संचालित स्कूलों के प्राचार्य प्रीति. एन. सिंह, डॉ सी. वी. सिंह तथा राखी वर्मा को भी एस. डीएम बल्लभगढ़, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम बल्लभगढ़ अनिल कुमार तथा समाज सेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता टिपर चन्द शर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग एवं नगर निगम के अनेक कर्मचारियों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

## संत सिंह हुड्डा को किया सम्मानित



**फरीदाबाद।** सामाजिक कार्यो व उत्कृष्ट सेवाओं के लिए संस्कृत अध्यापक दयालपुर निवासी संत सिंह हुड्डा को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर बल्लभगढ़ उप मंडल अधिकारी त्रिलोकचंद ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। हुड्डा को पांचवीं बार यह पुरस्कार मिला है। हुड्डा जनहित सेवा संस्था परिवार के अध्यक्ष हैं एवं अन्य अनेक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। सामाजिक कार्यो के लिए जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद को भी उपमंडल व जिला स्तर पर अनेक बार सम्मानित किया गया है। हुड्डा को पुरस्कार मिलने से पूरी टीम में खुशी की लहर है। उप मंडल अधिकारी ने संत सिंह हुड्डा के कार्यों की सराहना करते हुए संस्था की पूरी टीम को बधाई दी साथ ही संस्था की टीम को भी निरंतर बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत को भी प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। टीम को अच्छे कार्यों के लिए बधाई दी। इस मौके पर संत सिंह हुड्डा ने भी उप मंडल अधिकारी को पूरा आश्वासन दिया कि भविष्य में भी संस्था अनेक जनहित कार्य निरंतर करती रहेगी। इस मौके पर मुख्य रूप से संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रवेश लांबा, उपाध्यक्ष ओम दत्त शास्त्री, कोषाध्यक्ष लोकेश शास्त्री मुख्य सचिव देवी चरण, लकी वर्मा, दीपक गर्ग, बबलू छाबड़ा, सुंदर तेवतिया, मास्टर विक्रम तेवतिया, सुरेंद्र बांकुरा राजकुमार फोगाट विशेष रूप से मौजूद थे।

## सीएमए फाउंडेशन परिणाम घोषित हुआ




**फरीदाबाद।** दि इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंस ऑफ इंडिया की परीक्षा सीएमए फाउण्डेशन का रिजल्ट जारी हुआ। फरीदाबाद चैप्टर ने आज टॉप 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। जिसमें उनके अभिभावकों ने भी भाग लिया। सीएमए फरीदाबाद चेप्टर के चेयरमैन सीएमए वरूण सुखीजा ने बताया कि चैप्टर से प्रथम स्थान वर्षा ने 350 अंक व द्वितीय स्थान पर दीक्षा रावत ने 348 अंक तथा तृतीय स्थान पर नितिन 332 अंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। वर्तमान में कॉस्ट एकाउंट की कॉर्पोरटस और इंडस्ट्री में काफी मांग है। हाल ही में हुए कैम्पस प्लेसमेंट में सर्वाधिक 22 लाख तक का पैकेज मिला है। सीएमए फरीदाबाद चैप्टर का रिजल्ट 86 प्रतिशत रहा। एग्जीक्यूटिव मैम्बर सीएमए बृजेश उपाध्यक्ष ने बताया कि सीएमए कोर्स में तीन लेवल होते है। जिसमें जून 2022 में होने वाली परीक्षा के फाउण्डेशन, इंटर और फाईनल लेवल में एडमिशन लेने की अंतिम तारीख 31 जनवरी है। उपाध्यक्ष सीएमए गिरीश गखर ने छात्रों को प्रेरित किया और कुछ शिक्षा से संबंधित सुझाव दिए और उनको उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर फरीदाबाद चैप्टर समिति से सीएमए वरूण सुखीजा, सीएमए गिरीश गखर, सीएमए बृजेश उपाध्याय उपस्थित रहे।

# निगम ने नौ इकाईयों को किया सील

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**नगर** निगम फरीदाबाद द्वारा संपति कर के बकायाजात की वसूली के लिए पिछले कई महीनों से ईकाइयों को सील किया जा रहा है। जिसमें से उन इकाइयो को डीसील किया गया है जिनके बकायाजात जमा हो गये है और जिन बकायादारो ने अभी तक नगर निगम मे बकायाजात जमा नही कराये वह अभी तक सील है।

इसी श्रृंखला में 27-01-2022 को ओल्ड फरीदाबाद जोन-1 मे 03 ईकाइयों को सील किया गया। जिन पर करीब 05.49 लाख रुपये बकाया है, एनआईटी जोन-2 ने 03 इकाईयों को सील किया गया जिस पर करीब 02.55 लाख रूपए बकाया है व एनआईटी जोन-3 ने 03 इकाईयों को सील किया गया। जिस पर करीब 02.78 लाख रूपए बकाया है। इस तरह कुल 09 इकाइयों को सील किया गया है, जिन पर कुल 10.83 लाख रूपये बकाया है।

निगमायुक्त यशपाल यादव ने कहा कि जिन ईकाइयो को सील किया जा चुका है और उनकी ओर से बकाया संपत्ति कर की राशि प्राप्त नहीं हुई है उन सभी ईकाइयों की निगम द्वारा नीलामी करने की कार्यवाही की जायेगी।

# मैकलॉरेन स्ट्रेटजिक वेंचर्स ने बनाया एएसआईसी डिजाइन वर्टीकल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

## लक्ष्य 2025 तक 300 मिलियन डॉलर का व्यवसाय करने का

**मैकलॉरेन** स्ट्रेटजिक वेंचर्स (एमएसवी) ने एटलस सिलिकॉन, एआय (आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस) पहली कस्टमाइज्ड चिप डिजाइन वेंचर्स की शुरुआत की है, ताकि वैश्विक सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में क्रांति लाई जा सके। एटलस सिलिकॉन एक व्यापक इकोसिस्टम है जो एक छत के नीचे अवधारणा, डिजाइन, आईपी और उत्पादन को लाने के लिए डिजिटल सामंजस्य लाएगा। इस इकाई के पास चिप डिजाइन में विशिष्ट क्षमताएं होगी और अनेक क्षेत्रो में वैश्विक विशालकाय के साथ काम करेगी। समूह की भारत ग्रोथ योजना को बढ़ाने के लिए एमएसवी ने भारत में इस क्षेत्र में भारी निवेश करने की घोषणा की है और इसका लक्ष्य 2025 तक 300 मिलियन डॉलर का व्यवसाय करने की है।

एमएसवी ने भारत में 100 एएसआईसी इंजीनियर्स को शामिल करने के लिए एक आक्रामक भर्ती मुहिम शुरू की है, साथ ही देश की सर्वोच्च टेक्नोलॉजी संस्थाओं के साथ बातचीत कर रही है ताकि बेंच को और विस्तार देने के लिए होनहार फ्रेशर्स को लिए जा सके।

एमएसवी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी और यूएसटी के पूर्व सीईओ साजन पिल्लई की कैलिफोर्निया स्थित निवेश प्रबंधन एवं व्यवसाय विस्तार पहल है। एमएसवी की निवेश इकाई की भारत में पहले से ही टेक सेगमेंट में कई महत्वपूर्ण निवेश है और चिप डिजाइन वर्टीकल में हाल के इसके निवेश का इरादा इस सेगमेंट की व्यापक अवसरों का दोहन करने का है ताकि कस्टमाइज्ड माइक्रोचिप की बढ़ती वैश्विक मांग पूरी की जाए।

माइक्रोचिप इंडस्ट्री का वैश्विक बाजार आकर 2025 तक 24.7 अरब डॉलर पहुंचने की संभावना है, अनुमानित अवधि के दौरान इसका मार्केट 8.2 सीएजीआर प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

## जरूरतमंदों को कंबल वितरित

**फरीदाबाद।** आजादी का अमृत महोत्सव व गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में केनरा बैंक की क्षेत्रीय कार्यालय फरीदाबाद की तरफ से कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत गरीब व जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया।

केनरा बैंक की प्रबंधक मेघा बंसल ने बताया कि कार्यालय प्रमुख अभय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कड़कड़ाती ठंड से बचने के लिए गांधी कालोनी स्थित भारत माता कुष्ठ आश्रम में जरूरतमंद परिवारों को बैंक अधिकारियों द्वारा कंबल वितरित किया गया। जहां पर 110 से अधिक गरीब महिलाओं को कंबल बांटा गया। प्रबंधक मेघा बंसल ने बताया कि बढ़ती सर्दी से बचाव को लेकर गरीबों की मदद करना हम सभी का कर्तव्य बनता है। इस अवसर पर बैंक अधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग ने सुनीं कर्मचारियों की समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


नगर निगम के सभागार में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करती राट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य अंजना पंवार।

**भारत** सरकार राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य अंजना पवार ने फरीदाबाद नगर निगम मुख्यालय में बैठक का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने वहां मौजूद सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुए सफाई कर्मचारी जो कि अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति हैं। इस कर्मचारी वर्ग की जो भी समस्याएं हैं हम उन्हें दूर करेंगे। उनके पुनर्वास के लिए राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग काम करता है और हम इनको आर्थिक सामाजिक और शैक्षणिक जो भी समस्याएं होती हैं उन समस्याओं से छुटकारा दिलाएंगे।

उन्होंने कहा कि मैं देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहती हूं। जिन्होंने अपने सर्वोच्च पद की शुरूआत ही स्वच्छ भारत मिशन से की। उनकी सोच है जोकि इन कर्मचारी वर्ग समाज के लिए अपने मन में संवेदनशीलता रखी हुई है। उन्होंने बताया कि बनारस में कोरिडोर के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी ने सफाई कर्मचारियों के साथ बैठकर भोजन किया जोकि उनकी उच्च मानसिकता का परिचायक है। कुंभ के मेले में भी उन्होंने सफाई कर्मचारियों का बहुत मान सम्मान बढ़ाया जिससे समाज में एक बहुत अच्छा संदेश जाता है। हमारे प्रधानमंत्री इन कर्मचारी वर्ग के लिए बहुत संवेदनशील है उनका मुझे यही निर्देश है कि अपने अधिकार क्षेत्र में जाकर सभी सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर जहां तक उनका निदान हो सके निदान करो। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में बैठा यह समाज जिसकी ज्यादा समस्याएं नहीं होती बहुत ही छोटी-छोटी मूलभूत समस्याएं होती हैं जो कि अधिकारी अपने स्तर से हल कर सकता है सरकार के पॉलिसी मैटर को बदलने में काफी वक्त लगता है इसलिए अधिकारी हड़ताल जैसी नौबत नहीं आने दे ऐसे में अधिकारियों को निर्देश देना चाहूंगी कि मन से काम करने और समस्याओं को हल करने के लिए सोचेंगे तो समस्याएं ही नहीं रहेंगे।

# ईवीगेटवे ने भारत में शुरू किया परिचालन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**टर्न-की** इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) इन्फ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशन प्रदान करने वाली अग्रणी अमेरिकी कंपनी ईवीगेटवे ने भारत में परिचालन शुरू करने का एलान किया है। अमेरिका, लैटिन अमेरिका, यूरोप, एशिया और पश्चिम एशिया के कई बड़े बाजारों में कंपनी की उपस्थिति है। अब कंपनी भारत के ईवी मार्केटप्लेस में नए सॉल्यूशन प्रदान करेगी और ड्राइवर एवं चार्जर मालिकों के लिए बेहतर सॉल्यूशन प्रदान करते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

ईवीगेटवे सभी उद्योगों एवं चार्जिंग की जरूरतों के अनुरूप इंटेलीजेंट एवं एडवांस्ड ईवी चार्जिंग मैनेजमेंट सर्विस उपलब्ध कराती है। चार्जर मैनेजमेंट फीचर जैसे वेब पोर्टल, ड्राइवर फेसिंग मोबाइल एप, स्मार्ट चार्जिंग आदि के साथ ही ईवी व्हीकल, एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम के साथ इंटीग्रेट करने की क्षमता के साथ ईवीगेटवे भारतीय बाजार में सबसे दक्ष एवं इनोवेटिव ईवी सॉल्यूशन प्रदान करेगी। ईवीगेटवे के प्रेसिडेंट श्री रेड्डी मैरी ने कहा, 'अपने एसएएएस प्लेटफॉर्म में टेलीमैटिक्स, वी2जी, सीआरएम जैसी विभिन्न टेक्नोलॉजी को इंटीग्रेट करने के हमारे अनुभव की मदद से हम चार्जिंग की सभी प्रकार की जरूरतों के अनुरूप प्रभावी सॉल्यूशन देने में सक्षम हैं।'

ईवीगेटवे इंडिया के प्रमुख उदय चागरी ने कहा, 'इस उत्पाद का बड़ा हिस्सा भारत स्थित डेवलपमेंट सेंटर में विकसित किया गाय है और हम यहां के अनुरूप अपने उत्पादों को बेहतर करने में लगे हैं। अपनी अमेरिका स्थित टीम के साथ हम 24 घंटे सपोर्ट देने में सक्षम हैं। भारत में यह शुरुआत हमारे लिए गर्व की बात है।' ईवीगेटवे के टेक्नोलॉजी वीपी निशांत कालीदिंदी ने कहा, 'ईवीगेटवे के एसएएएस ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस को भारत के स्थानीय क्लाउड से होस्ट और मैंटेन किया जाता है।

# 50वें दिन भी बदस्तूर जारी रही आंगनबाड़ी वर्कर्स की हड़ताल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


सेक्टर 12 लघु सचिवालय के बाहर धरना देती आंगनबाडी वर्कर।

**आंगनबाड़ी** वर्कर और हेल्पर यूनियन की हड़ताल 50वें दिन भी बदस्तूर जारी रही। काफी सर्दी के बावजूद भी सैकड़ों की संख्या में वर्कर व हेल्पर उपायुक्त कार्यालय के सम्मुख सेक्टर 12 में पहुंची। वहां पर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व जिले की वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्री ने किया। जबकि संचालन संतोष कर रही थी। इस मौके पर सीटू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल उपस्थित रहे।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने जिला कार्यक्रम अधिकारी पर हड़ताली आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर्स को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अधिकारी हड़ताली कर्मचारियों पर सेवाएं बर्खास्तगी का डर पैदा करके हड़ताल को तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन अधिकारियों के इस रवैया से कर्मचारियों में किसी भी प्रकार का दबाव नहीं है। उन्होंने बताया कि बताया की दमनकारी नीतियों को अपनाने से आंदोलन और तेज होते हैं। समाप्त नहीं होते हैं। इसलिए सरकार को हठधर्मिता का रास्ता छोड़कर कर्मचारियों की मांगों को लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दमन और उत्पीड़न की कार्रवाई का डटकर विरोध किया जाएगा। इसको किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जब तक कर्मचारियों की मांगों को लागू नहीं किया जाता है। तब तक हड़ताल निरंतर जारी रहेगी। इन्हीं मांगों को लेकर आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स 8 दिसंबर से हड़ताल पर हैं। यूनियन ने इन मांगों को लेकर 5 जनवरी को करनाल में राज्य सत्रीय रैली भी कर ली। इसके बाद 12 जनवरी को जेल भरो आंदोलन भी सफलतापूर्वक पूरा किया है। इन दोनों कार्यक्रमों में पूरे प्रदेश से हजारों आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों ने भाग लिया। फिर भी सरकार अड़ियल रवैया अपना रही है। यूनियन की मुख्य मांग है, कि मुख्यमंत्री के द्वारा 29 दिसंबर को की गई घोषणा को ज्यों का त्यों लागू किया जाए।

Good Morning!

गुरुग्राम पायनियर

हरियाणा, शुक्रवार, 28 जनवरी, 2022

•सोहना •ओल्ड •गुरुग्राम •पटौदी •आईएमटी-मानेसर •फर्रूखनगर •भिवाड़ी

ई-पेपर www.pioneerhindi.com



# गणतंत्र दिवस पर प्रधानाचार्य राजेश मित्तल सम्मानित

## शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्यों पर परिवहन मंत्री ने दिया सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में गणतंत्र दिवस समारोह में प्रधानाचार्य राजेश कुमार मित्तल को सम्मानित करते परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा।

**जिले** के बास पदमका गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य को गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने उनके द्वारा किए गए कार्यों पर उनको बधाई दी।

बतौर प्रधानाचार्य राजेश कुमार मित्तल ने शिक्षा के क्षेत्र में, लीगल लिटरेसी कार्यक्रमों के साथ कोरोना काल में बेहतरीन कार्य किए हैं। सरकारी स्कूल में शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार के लिए श्री मित्तल सदैव प्रयासरत रहते हैं। प्रधानाचार्य राजेश कुमार मित्तल ने बातचीत में कहा कि बच्चों में शिक्षा और संस्कार का समावेश करके उन्हें देश-समाज में जिम्मेदारी नागरिक बनाना ही हम सबकी जिम्मेदारी होनी चाहिए। हमें शिक्षा की नींव को मजबूत करना चाहिए, ताकि आगे की इमारत मजबूत बनें। उन्होंने कहा कि यह हम सबका कर्तव्य है कि हम अपने बच्चों की तरह स्कूलों में आने वाले हर बच्चे को अच्छी शिक्षा दें। उनका हर शिक्षक से यही कहना है कि उनका शिक्षक होना तभी साकार हो सकता है, जब उनसे शिक्षा लेने वाले बच्चे जीवन में कामयाब हों। कमजोर बच्चों को भी मुख्यधारा में लाकर उन्हें कामयाब बनाने में हमें कोई कमी नहीं छोड़नी चाहिए। अपने अधीन शिक्षकों को सदैव उनकी यही प्रेरणा रहती है कि वे बच्चों को पूरी जिम्मेदारी के साथ पढ़ाएं। कोरोना महामारी काल में वर्चुअली पढ़ाई कराने में भी राजेश कुमार मित्तल ने पूरी तैयारी के साथ काम किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को कानूनी जागरुकता के बारे में भी सदैव जागरुक किया है।

## 12 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 12 मार्च को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वादकारी उपरोक्त अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव ललिता पटवर्धन ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 12 मार्च को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में सभी तरह के सुलहनीय मामलों का समझौता के आधार पर निष्पादन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआईएक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा।

# देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनें: यादव



गुरुग्राम की पिरामीड सोसायटी में गणतंत्र दिवस समारोह में बोलते पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गांव** सिकंदरपुर के राजकीय उच्च विद्यालय सिकंदरपुर बढ़ा व पिरामीड अर्बन होम-2 सोसायटी सेक्टर-86 में गणतंत्र दिवस समारोह में पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सतप्रकाश यादव, राहुल सोनी, सूबेदार धर्म सिंह, संदीप यादव, प्रीतम चौहान, ईश्वर यादव, सतीश डाबोदा, धर्मबीर यादव, राजेश यादव आदि उपस्थित रहे।

समारोह में अपने संबोधन में सुंदर लाल यादव ने कहा कि आज ही के दिन हमारा भारत एक गणतंत्र देश बना था और संविधान लागू हुआ था। सुबह 10:18 बजे गणतंत्र बनने के बाद 10:24 बजे डा. राजेंद्र प्रसाद ने भारत के पहले राष्ट्रपति की शपथ ली थी।

उन्होंने कहा कि हम सबको अपने देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनना है। हमें समाज, देश सेवा में सदैव आगे रहना चाहिए। देश हमें सब कुछ देता है, हमें भी देश को कुछ देना चाहिए। श्री यादव ने कहा कि समाज के हर नागरिक को अपनी भावी पीढ़ियों को देश के लिए सकारात्मक काम करने की प्रेरणा देनी चाहिए। स्कूल के शिक्षकों से उन्होंने अनुरोध किया कि उनके जिम्मे बच्चों को शिक्षित करने अच्छे नागरिक बनाने का कार्यभार है।

# संक्षिप्त समाचार

## गुरुग्राम विवि में कुलपति ने फहराया तिरंगा



गुरुग्राम विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह में एनसीसी कैडेट्स व स्टाफ के साथ कुलपति।

**गुरुग्राम।** 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। साथ ही सुरक्षा कर्मियों, एनएसएस, एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। गणत्रंत दिवस समारोह का शुभारंभ राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। कुलपति दिनेश कुमार ने सभी छात्रों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने एकल व सामूहिक गीत गाकर देश प्रेम की भावना व्यक्त की। छात्रा उर्वशी और करिश्मा के देशभक्ति गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कुलपति दिनेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमारी शान और हमारा गर्व है। भारत को 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता मिली थी, लेकिन तब देश के पास अपना कोई संविधान नहीं था। 26 जनवरी 1950 को हमारे देश को अपना संविधान मिला और इस प्रकार हमारा देश संसदीय रूप के साथ लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में सामने आया। उन्होंने देश के अमर बलिदानियों को याद करते हुए कहा कि युवाओं को महान स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने हमें आजादी का उपहार दिया और साथ ही, ऐसे संविधान का निर्माण किया, जो हमें धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और गणतंत्र के रूप में कार्य करने में मार्गदर्शन करता है।

## पातली गांव के स्कूल में बेटी इशा ने फहराया तिरंगा



गांव पातली के रावमावि में गणतंत्र दिवस समारोह में अतिथियों का स्वागत करती प्राचार्या।

**गुरुग्राम।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पातली स्टेशन प्रांगण में 73वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या सुशीला धनखड़ ने की। यह समारोह राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पातली, राजकीय प्राथमिक विद्यालय पातली व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पातली स्टेशन ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर हाजीपुर के सरपंच धर्मपाल, पातली के सरपंच पति सतबीर धनखड़, श्याम समिति के सदस्य नंबरदार व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। गांव की बेटी इशा पुत्र प्रदीप ने ध्वजारोहण किया। ज्योति पुत्री दिनेश ने भी सहभागिता की। विद्यालय की प्राचार्या सुशीला धनखड़ ने सभी मौजिज व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। उन्होंने अनुरोध किया कि गांव के इस विद्यालय की तरक्की, प्रगति में सभी का सहयोग जरूरी है। इस अवसर पर समस्त स्टाफ व कर्मचारी मौजूद रहे। प्रवक्ता विनोद कुमार ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर सुरेश, सुनील कुमार, राजकुमार, सरिता, सुनीता, सुमन, रेनू, बिजेंद्र, मुख्याध्यापक जितेंद्र, संदीप, ओमप्रकाश शास्त्री, सभ्यता, अनिल कुमार, संजय भारद्वाज, रामबीर, सीमा, संजय कुमार, पवन कुमार आदि उपस्थित रहे। समारोह में सभी बच्चों को वर्चुअल तरीके से जोड़ा गया।

## जनजागरुकता के लिए परिवर्तन-एक प्रयास सम्मानित



परिवर्तन एक प्रयास संस्था के सदस्यों को सम्मानित करते परिवहन मंत्री।

**गुरुग्राम।** पिछले कई वर्षों लगातार देशहित में प्रयास कर रही संस्था परिवर्तन-एक प्रयास को गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सम्मानित किया। लगातार दूसरी बार उन्हें यह सम्मान मिला है। संस्था की चेयरपर्सन रितु कटारिया ने बताया कि उनकी संस्था कई वर्षों से लगातार समाज मे सकारत्मक योगदान दे रही है। भाविका हिंदुस्तानी और पार्थ हिंदुस्तानी ने बताया कि वे लगातार पिछले 3-4 सालों से जनता को सड़क सुरक्षा, स्वच्छता को लेकर जागरुक करते आ रहे हैं। साथ वे अपने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चुनाव जागरूकता और प्रशासन को भी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हैं। परिवर्तन-एक प्रयास के संस्थापक धर्मवीर हिंदुस्तानी ने बताया कि वे 2008 से लगातार देशहित में प्रयासरत है। उन्हें पहले ही गुरुग्राम प्रशासन सम्मानित कर चुका है व अन्य बहुत सी संस्थाओं द्वारा उन्हें और उनके ट्रस्ट को सम्मानित किया जा चुका है। ट्रस्ट में सभी सदस्य राहुल भारद्वाज, अंकित सिंह, राजेश बोहरा, नमन भारद्वाज, कमलजीत कटारिया व अन्य महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

## डाकघर से सेवानिवृत हुए सुखवीर को किया सम्मानित



गुरुग्राम के सिकंदरपुर बढ़ा गांव के डाकघर से सेवानिवृत सुखवीर सिंह को सम्मानित करते सुंदर लाल यादव सरपंच सिकंदरपुर व अन्य ग्रामीण।

**गुरुग्राम।** पिछले 39 वर्षों से लगातार गांव सिकंदरपुर बढ़ा के डाकघर में कार्य करने वाले सुखवीर सिंह सेवानिवृत हो गए। गांव के पंचायत घर में पूरे गांव के मौजिज लोगों ने मिलकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर सुंदर लाल यादव सरपंच सिकंदरपुर, महेश राघव सरपंच बढ़ा, रोहतास यादव, अजीत यादव, सुंदरलाल, मीर सिंह यादव, ओमप्रकाश मेम्बर सहित दोनों गांव के गणमान्य लोगों ने बताया कि वर्ष 1982 से लेकर अभी तक सुखबीर सिंह ने लगातार सिकंदरपुर बढ़ा डाकघर के अंतर्गत आने वाले गांव सिकंदरपुर बढ़ा नवादा बामडोली सिही और नए गुरुग्राम के कुछ सेक्टर्स में बहुत बेहतरीन कार्य किया।

# श्रीगणेश अपार्टमेंट में मनाया गणतंत्र दिवस समारोह



लक्ष्मण विहार स्थित श्रीगणेश अपार्टमेंट में गणतंत्र दिवस समारोह में कपड़े के थैले उपयोग करने का आह्वान करते नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** श्रीराम सोसाइटी लक्ष्मण विहार के श्रीगणेश अपार्टमेंट में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। सभी परिवारों ने एकता के साथ 73वें गणतंत्र दिवस में शिरकत की।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में पहुंचे पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि गणतंत्र दिवस स्वाधीनता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान का स्मरण कराता है। यह राष्ट्रीय पर्व हमें आत्मचिंतन करने तथा महान देशभक्तों के सपनों एवं लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध होने का अवसर प्रदान करता है। नो प्लास्टिक अभियान के तहत उन्होंने लोगों को कपड़े के थैले आवंटित किए। उन्होंने लोगों से निवेदन किया कि इन थैलों को अपने दैनिक कार्यों में उपयोग करें और प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग बंद करें।

# उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डा. अश्वनी कालरा सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



उत्कृष्ट सेवाओं के लिए बिजली निगम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अश्वनी कालरा को सम्मानित करते परिवहन मंत्री।

**हरियाणा** बिजली निगमो के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अश्वनी कालरा को गणतंत्र दिवस समारोह में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सम्मानित किया गया।

हरियाणा बिजली निगमों के महरौली रोड पावर हाउस स्थित स्वास्थ्य केंद्र (हेल्थ सेंटर) के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अश्वनी कालरा को ताऊ देवी लाल स्टेडियम में संपन्न हुए। उन्होंने कोरोना के दौरान गुरुग्राम में बिजली निगमों के लगभग 2200 कार्यरत व सेवानिवृत कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं दी। कोरोना से बचाव के उपायों को अपनाने एवं कर्मचारियों के उत्साहवर्धन में योगदान दिया। उन्होंने निरंतर कर्मचारियों से संपर्क बनाए रखा और जरूरत अनुसार सभी को कोरोना काल में ऑक्सीजन, एंबुलेंस उपलब्ध करवाने में सहयोग दिया। डॉ. कॉलरा 24 घंटे डिजिटल माध्यम से भी कर्मचारियों के संपर्क में रहे।

## रेडक्रॉस सोसायटी के साथ जुड़ें संस्थाएं: डा. यश गर्ग

**गुरुग्राम।** विराज कदम संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर द्वारा डोनाल्डसन इण्डिया फिल्टर सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड की ओर से कम्बल , सर्जिकल मास्क एवं एन-95 मास्क तथा सैनेटाइजर उपायुक्त एवं रेडक्रॉस सोसायटी के प्रधान डा. यश गर्ग को भेंट किए गए।

डा.गर्ग के द्वारा कम्बल गरीब, जरूरतमंद को ठंड से बचाव के लिए तथा मास्क व सैनिटाइजर महामारी से बचाव के लिए जरूरतमंद लोगों में वितरित करने के लिए दिए गए है। उन्होंने उपायुक्त को बुके भेंट कर जरूरतमंदों के लिए ये सामग्री प्रदान की। उपायुक्त ने डोनाल्डसन इण्डिया फिल्टर सिस्टम प्राइवेट लि. का आभार व्यक्त किया।

# ऑस्ट्रेलिया के ब्लैकमोर्स ने डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनरशिप की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**ऑस्ट्रेलिया** स्थित और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पसंद की जाने वाली प्राकृतिक स्वास्थ्य और आहार पूरक कंपनी, ब्लैकमोर्स ने आज भारत में अपने मल्टीविटामिंस प्रोडक्ट्स की श्रृंखला के लिए डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनरशिप (वितरण साझेदारी) की घोषणा की। इस पार्टनरशिप के रूप में ब्लैकमोर्स की प्रीमियम मल्टीविटामिंस प्रोडक्ट्स की रेंज भारत के सबसे बड़े बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म 'उड़ान' के माध्यम से भारत में स्वतंत्र फार्मेसियों के लिए उपलब्ध होगी।

ब्लैकमोर्स, जो पहले से ही एशिया-पैसिफिक में 12 अन्य बाजारों में कार्यरत है, के लिए भारत एक फोकस ग्रोथ मार्केट है। यह वर्ष 2025 तक 100 करोड़ उपभोक्ताओं को प्रकृति की उपचार शक्ति से रूबरू कराने की महत्वाकांक्षा लिए हुए है।

भारतीय उपभोक्ताओं के लिए शुरुआती लॉन्च प्रोडक्ट्स में हड्डियों की मजबूती और प्रतिरक्षा के लिए ब्लैकमोर्स शाइन पॉवरन् डी3, जोड़ों के स्वास्थ्य के लिए ब्लैकमोर्स ग्लूकोसोग्रीन 1500, आंखों के स्वास्थ्य के लिए ब्लैकमोर्स ब्लू लाइट डिफेंस, हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए ब्लैकमोर्स बायो कैल्शियम और हृदय के स्वास्थ्य के लिए ब्लैकमोर्स सीओक्यू10 150उह शामिल हैं। आगामी महीनों में कंपनी अतिरिक्त अनुरूप और भी नए प्रोडक्ट्स पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उड़ान प्लेटफॉर्म पर फार्मा श्रेणी स्वतंत्र फार्मेसियों को 25 से अधिक शहरों को जोड़ने वाले अपने व्यापक डिस्ट्रीब्यूशन फुटप्रिंट के माध्यम से ब्लैकमोर्स के प्रोडक्ट्स तक सहज पहुंच प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त, ब्लैकमोर्स इंस्टीट्यूट द्वारा फार्मासिस और मेडिकल स्टोर्स में प्रोडक्ट्स की जागरूकता बढ़ाने के लिए सेल्स टीम को प्रशिक्षित किया जाएगा।

ब्लैकमोर्स लिमिटेड की एकेडमिक और प्रोफेशनल शाखा, 'ब्लैकमोर्स इंस्टिट्यूट' को वर्ष 2012 में रिसर्च तथा एडुकेशन पर ध्यान देने की प्रतिबद्धता के साथ स्थापित किया गया था। इसकी टीम में रिसर्चर्स, एकेडमिक्स, हैल्थकेयर प्रोफेशनल्स और एजुकेटर्स आदि शामिल हैं, जो साक्ष्य-आधार को व्यावहारिक हैल्थकेयर एडुकेशन और रिसोर्सेज में अनुवाद करते हैं।

ब्लैकमोर्स ग्रुप के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर एलेस्टेयर सिमिंगटन ने कहा, ''ब्लैकमोर्स लोगों को प्रकृति की उपचार शक्ति से रूबरू कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित करने के लिए हम पोषक तत्वों से युक्त सामग्री चुनते हैं।

# अपस्किलिंग की ग्लोबल मांग पूर्ति को अपग्रेड एडब्लूएस पर संचालित होगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## इस ग्लोबल एजुकेशन टेक्नॉलॉजी प्रदाता ने एडब्लूएस के साथ आठ महीनों में अपने लर्नर्स की संख्या दोगुनी बढ़ाकर दो मिलियन से ज्यादा की

**आज एमेजॉन.कॉम** की कंपनी, एमेजॉन वेब सर्विसेस (एडब्लूएस) ने घोषणा की कि ग्लोबल उच्च शिक्षा टेक्नॉलॉजी (एडटेक) प्रदाता, अपग्रैड अब पूरी तरह से एडब्लूएस पर संचालित होगा। अपग्रैड ने अपने इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी (आईटी) इन्फ्रास्ट्रक्चर को दुनिया के अग्रणी क्लाउड में स्थापित कर दिया है, ताकि 100 से ज्यादा देशों में लोगों को ऑनलाईन लर्निंग प्रदान करने में मदद मिल सके। अपग्रेड एनालिटिक्स, सिक्योरिटी, एवं कंप्यूट सहित एडब्लूएस की क्षमताओं का विस्तृत व गहन उपयोग करेगा, ताकि अपस्किलिंग द्वारा लोगों के करियर का विकास हो तथा ज्यादा प्रशिक्षित एवं उत्पादक कार्यबल द्वारा आर्थिक वृद्धि हासिल करने में मदद मिले। एडब्लूएस के साथ अपग्रैड ने कोविड-19 महामारी के दौरान ऑनलाईन शिक्षा की मांग को पूरा करने के लिए अपने लर्निंग के अनुभव का तेजी से विस्तार किया। कंपनी ने केवल आठ महीनों में ही अपने लर्नर्स की संख्या दोगुनी बढ़ाकर दो मिलियन से ज्यादा कर ली तथा इतने ही समय अंतराल की पिछली अवधि की तुलना में लर्नर्स द्वारा अपस्किलिंग के लिए इस प्लेटफॉर्म पर बिताए गए समय में चार गुना बढ़ोत्तरी हुई।

ऑनलाईन लर्निंग की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपग्रेड को, खासकर कोर्स रजिस्ट्रेशन एवं असाईनमेंट सबमिशन जैसी पीक अवधि में, दुनिया में अपनी सेवाओं का विस्तार कर एक सुगम, भरोसेमंद ग्राहक अनुभव प्रदान करने की जरूरत थी।

कंपनी को डेमोग्राफिक्स एवं कोर्स अपटेक सहित लर्नर डेटा का विश्लेषण करने के लिए मजबूत एनालिटिक्स क्षमताओं और लर्नर की सफलता के लिए व्यक्तिगत कॅरियर सेवाएं प्रदान करने की जरूरत थी। एडब्लूएस पर एक कस्टमाईजेबल एवं गहन लर्निंग सिस्टम का विकास करके, अपग्रैड नए लर्नर की जरूरतों को समझकर उन्हें सेवाएं देने, लर्नर द्वारा अपना पसंदीदा कोर्स तलाशकर उसके एनरोलमेंट में मदद करने, और फिर, ग्रेजुएशन के बाद, लर्नर के करियर का विकास करने के लिए इनोवेटिव डिजिटल सेवाओं द्वारा मदद देने में समर्थ बनेगा। लर्नर्स को समझने और गुणवत्तायुक्त कस्टमाईज्ड लर्निंग सामग्री प्रदान करने के लिए, अपग्रैड एमेजॉन रेडशिफ्ट का इस्तेमाल करता है। यह एक क्लाउड डेटा वेयरहाउस सेवा है।

# खाद्य विविधता के विस्तार के लिए जीन एडिटिंग टेक्नॉलॉजी की उपलब्धता

डॉ. रत्ना कुमरिया, डायरेक्टर बायोटेक्नॉलॉजी - अलायंस फॉर एग्री इनोवेशन



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कृषि,** दुनिया की 45 फीसदी आबादी का न केवल मुख्य व्यवसाय है, बल्कि उन लोगों की आजीविका का एकमात्र साधन भी है। यह न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था का, बल्कि संस्कृति एवं परंपराओं का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दुनिया को पहनने और खाने की सामग्री कृषि से ही मिलती है, लेकिन फिर भी अपने मौजूदा स्वरूप में यह एक स्थायी गतिविधि नहीं है।

दुनिया में 26 फीसदी उपजाऊ जमीन और 70 फीसदी ताजा जल का उपयोग कृषि के लिए होता है। ऐसा अनुमान है कि 2050 में भोजन और बायो ईंधन सहित आहार की बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए दुनिया में कृषि उत्पादन को मौजूदा स्तर से 60 से 70 प्रतिशत ज्यादा बढ़ाना होगा। मौजूदा समय में, दुनिया की 55 फीसदी आबादी शहरी इलाकों में निवास करती है। 2050 तक यह आबादी बढ़कर 70 फीसदी हो जाएगी और खाद्य उत्पादन एवं उपभोग पर बड़ा असर डालेगी।

कृषि के लिए सबसे विनाशकारी चुनौती जलवायु परिवर्तन है। अप्रत्याशित मौसम न केवल फसल की पैदावार को प्रभावित करता है, बल्कि इससे प्राकृतिक संसाधन भी सीमित हो जाते हैं। ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण उत्पन्न गर्मी, अस्थिर मौसम, सूखा, कठोर मौसम और बाढ़ के चलते पैदावार में अनुमानतः 5 फीसदी की कमी आई है। सघन खेती और खेती की खराब विधियों ने मिट्टी एवं जल निकायों की सेहत पर बुरा असर डाला है। पिछले 40 सालों में लगभग एक-तिहाई उपजाऊ जमीन को कटाव एवं मिट्टी की खराब होती सेहत का खतरा रहा है। प्राकृतिक परिवेशों के अविवेकपूर्ण विनाश ने कीटों और बीमारियों का दबाव बढ़ा दिया है। किसान एवं पौध उत्पादक खेती की अक्षय विधियों को अपनाकर एवं फसल के बीजों में सुधार करके इन समस्याओं को संबोधित कर रहे हैं, क्योंकि अक्षय तरीके से फसल की उत्पादकता में बढ़ोत्तरी करना ही खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने का एकमात्र रास्ता प्रतीत होता है। बीज की बेहतर किस्मों का विकास करने में लगने वाले समय के कारण पौध उत्पादकों को कई साल पहले ही संशोधित गुणों की योजना बनाने की जरूरत होती है। कृषि में मौजूदा एवं अपेक्षित संघर्षों द्वारा पौध उत्पादकों की दूरदर्शिता को गंभीर चुनौती मिल रही है। इसलिए वो गुणों में आवश्यक सुधार तीव्र गति से प्राप्त करने के लिए आधुनिक टेक्नॉलॉजी के साथ फसल के बारे में अपने गहरे ज्ञान पर भरोसा कर रहे हैं।

# मिट्टी उठाकर एक आवाज ने मनाया गणतंत्र दिवस



भीम नगर चौक पर काफी समय से पड़ी मिट्टी उठाते एक आवाज संस्था के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कोई** तिरंगे फहराकर गणतंत्र दिवस समारोह मना रहा था तो शहर की संस्था एक आवाज के सदस्य आमजन की समस्या का समाधान करके गणतंत्र दिवस पर जयकारे लगा रहे थे।

यहां भीम नगर चौक पर पिछले करीब तीन माह से सड़क के बीच काफी मात्रा में मिट्टी पड़ी थी। यहां बड़ी पाइप लाइन डाली गई थी, लेकिन मिट्टी को नहीं उठाया गया। आमजन के लिए यह मिट्टी काफी परेशान का सबब बन रही थी। इसके कारण रात के समय अक्सर दोपहिया वाहन चालक चोटिल होते थे। एक आवाज संस्था की ओर से कई बार शिकायत भी की, लेकिन अधिकारियों ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया।

इस मिट्टी को उठाने में कोई जहमत नहीं उठाई। एक आवाज संस्था की ओर से गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस मिट्टी को उठाया और दूसरी जगह गड्ढों में डाला गया। पूरी सफाई करने के बाद सदस्यों ने तिरंगा भी वहां फहराया।

# सोशल और गेमिंग ऐप का है क्रेज तो डाउनलोड करें डब्ल्यूएएफ मोबाइल ऐप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अगर** आपको सोशल गेमिंग ऐप पसंद है तो वफा ऐप आपके लिए शानदार विकल्प है। यह एक ऑनलाइन कम्युनिटी है, जिसमें आपको वॉयस चौट, ऑनलाइन लूडो गेमिंग जैसी सुविधाएं मिलती हैं। इस ऐप पर आप अपने दोस्तों के साथ ऑनलाइन रियल टाइम में लूडो खेल सकते हैं. खास बात ये है कि इस दौरान अपने दोस्तों से सीधा-सीधा बात भी कर सकते हैं. इसके अलावा वॉयस चौट रूम की भी सुविधा दी गई है। इसमें अपने दोस्तों के साथ प्राइवेट बातचीत कर सकते हैं. उनके साथ ऑनलाइन पार्टी भी कर सकते हैं. आप किसी ग्रुप वॉयस चौटिंग में शामिल हो सकते हैं, साथ ही खुद लाइव चौट ग्रुप भी बना सकते हैं।

वफा ऐप वॉयस आधारित सोशल और एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म है. यह वॉयस चौट और वर्चुअल यूनिवर्स को एकसाथ जोड़ने का काम करता है. यह ऐप आपको ऑनलाइन चौट रूम में पार्टिसिपेट करने का मौका देता है. सबसे खास बात ये है कि यह लोकलाइज्ड कस्टमाइज्ड यूजर एक्सपीरियंस देता है. मतलब, वर्चुअल दुनिया में आप जिनसे संपर्क करते हैं वे ज्यादातर लोकल होते हैं। इससे सोशल इंटरेक्शन बढ़ता है. इसमें आप अलग-अलग लैंग्वेज का सलेक्शन कर सकते हैं। इससे यूजर्स का अनुभव बेहतर होता है। इस मोबाइल ऐप के प्रीमियम फीचर्स की बात करें तो आप वर्चुअली गिफ्ट खरीद सकते हैं. यह वर्चुअल गिफ्ट होगा जिसे आप अपने दोस्तों को शेयर कर सकते हैं. कई सेलिब्रिटी, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर इस ऐप पर मौजूद हैं जिससे यूजर्स का अनुभव बेहतर होता है.

इस ऐप को भारत में और भारतीयों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। महाराष्ट्र, दिल्ली, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, गुजरात, कर्नाटक जैसे राज्यों में इस मोबाइल ऐप का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है. सबसे खास बात ये है कि इस प्लैटफॉर्म पर आपको अपने जैसे यूजर्स आसानी से मिल जाते हैं जिसके कारण दोस्ती आसानी से हो जाती है. इससे वर्चुअल दुनिया में आपका खूब मन लगता है. इस मोबाइल ऐप को 4.59 रेटिंग मिली हुई है. पिछले एक साल में इसे 30 लाख से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है. इस ऐप को टॉप-20 ग्रॉसिंग अंडर एंटरटेनमेंट कैटिगरी में शामिल किया गया है। यह ऐप गूगल के प्ले स्टोर और ऐप्पल के ऐप स्टोर, दोनों पर उपलब्ध है. इसे मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है।

## इस ऐप के महत्वपूर्ण फीचर्स की बात करें तो

**चौट रूम:** इस चौट रूम में आप सभी यूजर्स को जान सकते हैं। ये यूजर्स पूरे देश के होते हैं।

**मैसेजिंग:** मैसेजिंग सर्विस की मदद से ऑनलाइन अपने दोस्तों के साथ टेक्स्ट और वॉयस कंवर्सेशन कर सकते हैं।

**वर्चुअल गिफ्ट:** यहां आपको अलग-अलग तरह का एनिमेटेड गिफ्ट मिलेगा जिसे खरीद कर दोस्तों को भेजा जा सकता है।

**गेम्स:** इस प्लैटफॉर्म पर गेमिंग की भी सुविधा है. यहां अपने दोस्तों के साथ ऑनलाइन गेमिंग खेल सकते हैं।

## बलिदान के गौरव से जुड़ा है गणतंत्र दिवस

### उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने देश की शान में तिरंगा फहराकर कहा

### कैप्टन शक्ति सिंह ने ली विभिन्न टुकड़ियों की परेड की सलामी

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**जिला** उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने 73 वें गणतंत्र दिवस पर जिला वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सन 1950 में आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान के कारण ही हम सबको समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला। गणतंत्र दिवस हमारे देशभक्तों के त्याग और बलिदान की एक लंबी गौरव गाथा से जुड़ा हुआ दिन है। इससे पहले कैप्टन शक्ति सिंह ने जिला के शहीदी स्मारक पर जाकर वीर शहीदों को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद और उधम सिंह जैसे अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने लंबा संघर्ष किया। आजादी के लिए हमारे देश भक्तों ने अपने प्राणों को देश पर न्योछावर कर दिया। देश की आजादी की लड़ाई में हरियाणा प्रदेश के वीरों का भी अहम योगदान रहा। जिला नूंह के अनेकों सैनिकों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। डीसी ने कहा कि आज देश की सेना में हर दसवां जवान हरियाणा प्रदेश से है। हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के कठोर संघर्ष से हमें आजादी मिली तो वही दिन रात मुस्तैदी से देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर सैनिकों के कारण ही आज हमारी आजादी सुरक्षित है।

प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर प्रदेश के हर क्षेत्र का समान विकास करवाने के लिए प्रयासरत है। राज्य सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन एवं शासन के पथ पर चलते हुए एक अनूठी पहल की है। इसमें युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी, कर्मचारियों का ऑनलाइन तबादला, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वजीफा आदि की सब्सिडी में चल रहे फर्जीवाड़े को बंद करना आदि शामिल है। आज हरियाणा प्रदेश की गिनती देश के सर्वाधिक विकसित



राज्य में होती है। हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां पढ़ी-लिखी पंचायतें हैं व देश का पहला ऐसा राज्य भी है। जिस राज्य में पंचायती राज संस्थाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए अंतर जिला परिषद का गठन किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में फसलों की खरीद को सुविधाजनक बनाने के लिए मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल से किसानों को अपनी फसल बेचने के साथ-साथ खाद बीज और कृषि उपकरणों के लिए मिलने वाली आर्थिक सहायता प्राप्त करने में भी सुविधा हुई है। अब किसानों को 72 घंटे के भीतर उनकी फसलों का भुगतान करने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र लघु और सीमांत किसानों को 6000 रुपये की वार्षिक सहायता दी जा रही है। प्राकृतिक आपदा से फसल खराब होने पर मुआवजा राशि को बढ़ाकर 15000 रुपये प्रति एकड़ करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में बाजरे के लिए भी भावांतर भरपाई योजना शुरू की गई है। इसके तहत 600 रुपये प्रति क्विंटल भावांतर दिया गया है। भावांतर भरपाई योजना में 21 बागवानी फसलों को भी शामिल किया गया है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, सहायक आयुक्त हर्षित कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर सुभिता ढाका, एसडीएम सलोनी शर्मा, डीएसपी सुधीर तनेजा, जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अनिल कालरा, जिला नगर योजनाकार वेद प्रकाश, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, पूर्व गौ सेवा आयोग के चेयरमैन भानी राम मंगला, जाहिद चेयरमैन, योगेश तंवर, बीरपाल कालियाका मंच संचालक अशरफ मेवाती सहित अन्य अधिकारी गण व सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्कूली बच्चे वह अध्यापक गण भी मौजूद रहे।

## हैंडबॉल प्रतियोगिता में भिडूकी प्रथम व आगरा रही द्वितीय

### जिले के साथ-साथ अन्य दूरदराज से पहुंची दर्जनों टीमों ने हिस्सा लिया

### कुप्पी क्लब भिडूकी की टीम ने आगरा क्लब की टीम को दो अंकों से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया

कैलाश मंगला। होडल



अव्वल आने वाली टीम को सम्मानित करते अतिथिगण।

**समीपवर्ती** गांव भिडूकी में पीटीआई स्व. कन्हैला लाल की पुण्यतिथि के अवसर पर हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के साथ-साथ अन्य दूर-दराज से पहुंची दर्जनों टीमों ने हिस्सा लिया। हैडबॉल प्रतियोगिता में प्रथम टीम भिूडकी की रही जबकि दूसरे स्थान पर आगरा की टीम रही। प्रतियोगिता में अव्वल आने वाली टीमों को स्मृति चिन्ह व पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि दयानंद सीनियर सैकेंडरी स्कूल के चेयरमैन सुरेंद्र के द्वारा किया गया जबकि अध्यक्षता रमेश चंद के द्वारा की गई।

गांव भिडूकी में पीटीआई स्व. कन्हैया लाल की याद में आयोजित हैंडवॉल प्रतियोगिता में आगरा, मथुरा, गुरूग्राम, बहीन, भिडूकी, फरीदाबाद, बल्लभगढ, होडल, हथीन के अलावा अन्य दूर-दराज से पहुंची दर्जन भर टीम ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ चेयरमैन सुरेंद्र ड्क्षसह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रतियोगिता में सेमी फाइनल में कुप्पी क्लब भिडूकी व आगरा क्लब की टीमें रही। कुप्पी क्लब भिडूकी की टीम ने आगरा क्लब की टीम को दो अंकों से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के इस मौके पर मुख्यअतिथि सुरेंद्र ड्क्षसह ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आंचल में होने वाले इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं से खिलाडियों में छिपी प्रतिभाएं सामने आती है और इन्हीं खिलाडियों में से कुछ खिलाडी देश के लिए खेलकर देश का नाम रोशन करते हैं। प्रतियोगिता में अव्वल आने वाली टीमों को स्मृति चिन्ह व पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता प्रेम कोच की देखरेख में कराई गई। प्रतियोगिता के इस मौके पर गांव के समाजसेवी रामदत्त, देशराज, मेहरचंद, बालकिशन, समय सिंह, बबली, धीरज के अलावा सैकडों ग्रामीण मौजूद थे।

## गणतंत्रता दिवस: पदमश्री एथलीट दीपा मलिक ने दिव्यलांगों के साथ मनाया

### राधिका फाउंडेशन में गणतंत्र दिवस पर हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची मलिक

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**देश** को पैरालंपिक में मेडल दिलाने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट दीपा मलिक ने 73वां गणतंत्र दिवस तावडू में विकलांग बच्चों के साथ मनाया। बुधवार को वह उपमंडल के मोहम्मदपुर हसनपुर मार्ग पर स्थित राधिका फाउंडेशन में गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के



गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में मौजूद व्हीलचेयर पर एथलीट दीपा मलिक।

रुप में शामिल हुई। इस दौरान तावडू एसडीएम सुरेंद्र पाल सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान विकलांग एथलीट दीपा मलिक ने कहां की वह विकलांग बच्चों से हमेशा प्रेरणा लेती हैं, विकलांगों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है, यदि उसे निखारने का संकल्प लिया जाए। उन्होंने संस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विकलांग बच्चों के लिए यहां पर प्रयास किया जा रहा है, वह हमेशा वह अक्सर यहां पर विकलांग बच्चों के साथ समय बिताने आती हैं। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के मौके पर विकलांग के बीच पहुंचकर गौरवान्वित महसूस किया है।

कार्यक्रम पहुंचे तावडू एसडीएम सुरेंद्र पाल ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि उनके क्षेत्र में विकलांग बच्चों के विकास के लिए किया जा रहा है। विकलांगों को भी देश भक्ति के लिए प्रेरित करना चाहिए, एसडीएम ने एथलीट दीपा मलिक का उदाहरण देते हुए विकलांग बच्चों को देश भक्ति के लिए प्रेरित किया तो वहीं गणतंत्र दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से अवगत कराया।

## एटीएम लूट के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

### आरोपियों ने महिला एसआई की वर्दी फाड़ी

**गुरुग्राम** धनकोट से एटीएम मशीन लूट मामले में उपमंडल के गांव धुलावट में एक आरोपी को पकड़ने पहुंची पुलिस टीम पर हमला कर उसे जबरदस्ती छुड़वा लिया।

आरोपी के परिजनों ने पुलिस टीम में साथ एक महिला एएसआई की वर्दी फाड़ दी और उसका आई कार्ड छीन लिया। सदर थाना पुलिस ने इस मामले में आरोपी मुख्य आरोपी सहित उसके मां-बाप, बहन, पत्नी व 10-15 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुग्राम पुलिस के एसआई राजकुमार ने बताया कि 18 सितंबर 2021 कि रात धनकोट में एक एक्सिस बैंक के एटीएम मशीन को तीन-चार बदमाश गैस कटर की मदद से लूट रहे थे। इसी दौरान गश्त करती हुई पुलिस भी वहां पर पहुंची। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की तो बदमाश एक कार में रुपयों से भरी एटीएम मशीन को लादकर फरार हो गए। पुलिस ने उनका पीछा किया तो बदमाशों ने हथियारों से पुलिस टीम पर फायर किया। जांच में पाया कि इस मामले में तस्लीम निवासी धुलावट थाना तावडू मुख्य आरोपी था। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी घर पर ही मौजूद है, दबिश दी जाए तो आरोपी को दबोचा जा सकता है।

## इतिहासकार सिद्दीक अहमद मेव सम्मानित

रिजवान कासिम। नूंह

**73वें** गणतंत्र दिवस पर ग्लोबल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन ने देश की 40 प्रमुख विभूतियों को बेस्ट सीटीजन ऑफ इण्डिया अवार्ड-2022 से सम्मानित किया है। इस अवार्ड में एक मेल, स्मृति चिन्ह व सर्टिफिकेट देकर प्रत्येक विभूति को सम्मानित किया गया। मेवात से लेखक,कवि व इतिहासकार सिद्दीक अहमद मेव को बेस्ट सिटीजन ऑफ इण्डिया-2022 पुरस्कार के लिए चुना गया। बेस्ट सिटीजन ऑफ इण्डिया पुरस्कार उन्होंने मेवात के 1857 के व स्तन्त्रता संग्राम के शहीदों को समर्पित किया है।

उल्लेखनीय है कि सिद्दीक अहमद मेव मेवात क्षेत्र के प्रमुख समाज सेवक और जाने माने लेखक, कवि तथा इतिहासकार हैं। मेवात में



सिद्दीक अहमद मेव इतिहासकार

सन् 1992 व 1996 में चले साक्षरता अभियानों में उनकी प्रमुख भूमिका रही है। साथ ही मेवात को अलग जिला बनान ,शहीद हसन खां मेडीकल कॉलेज, नवोदय विद्यालय, मेवात रेल आदि आन्दोलनों में उन्होंने सक्रिय भूमिका अदा की है। इसके अलावा मेवात के इतिहास व संस्कृति पर उनकी दस किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। जिनमें मेवात एक खोज, मेवाती संस्कृति, संग्राम 1857 मेवातियों का योगदान काफी चर्चित रही हैं। उनकी दूसरी पुस्तक मेवाती संस्कृति को हरियाणा साहित्य अकादमी ने 1999-2000 के प्रथम पुस्तक पुरस्कार से सम्मानित किया था।

**पायनियर क्लासीफाइड**

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, vijay kumar taneja S/o SHYAM SUNDER TANEJA R/o B-620, Sainik Colony, Sector-49, Faridabad, HR have changed my name to VIJAY TANEJA

मै मोहन लाल पुत्र श्री बलबीर सिंह निवासी गांव मुकीमपुर तहसील व जिला सोनीपत हरियाणा का स्थाई निवासी हुँ। ब्यान करता हुँ कि मेरा आधार कार्ड नं० 6708 8265 3872 व बैंक खाता में नाम मोहन लाल दर्ज है जबकि एलआईसी पालिसी नं० 178640238 में मेरा नाम मोनू दर्ज है। मोहन लाल और मोनू यह दानो एक ही व्यक्ति है जोकि मेरे ही नाम हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तावडू की कर शाखा के सम्पत्ति कर रिकार्ड में प्रोपर्टी आई.डी. नम्बर 051511841/2/03 पर रिक्त स्थान है। किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है। जिसे हेमलता ने अपने नाम दर्ज कराने के लिए आन लाईन आवेदन किया है। यदि किसी भी जनसाधारण को सन्दर्भित आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज होने में कोई आपत्ति है तो वह 10 दिन के अन्दर नगरपालिका तावडू (नूंह) में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा यह प्रोपर्टी आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज कर दी जायेगी। जिसके लिए नगरपालिका तावडू व आवेदक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

आवेदक
हेमलता पत्नी सत्यप्रकाश
निवासी शाहपुर जाट, दिल्ली

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तावडू की कर शाखा के सम्पत्ति कर रिकार्ड में प्रोपर्टी आई.डी. नम्बर 051510864६1६05 पर रिक्त स्थान है। किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है। जिसे सुधा गोयल ने अपने नाम दर्ज कराने के लिए आन लाईन आवेदन किया है। यदि किसी भी जनसाधारण को सन्दर्भित आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज होने में कोई आपत्ति है तो वह 10 दिन के अन्दर नगरपालिका तावडू (नूंह) में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा यह प्रोपर्टी आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज कर दी जायेगी। जिसके लिए नगरपालिका तावडू व आवेदक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

आवेदक
सुधा गोयल पत्नी राजकुमार गोयल
निवासी तावडू जिला नूंह

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तावडू की कर शाखा के सम्पत्ति कर रिकार्ड में प्रोपर्टी आई.डी. नम्बर 051515550६6६02 पर रिक्त स्थान है। किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है। जिसे कर्मचन्द ने अपने नाम दर्ज कराने के लिए आन लाईन आवेदन किया है। यदि किसी भी जनसाधारण को सन्दर्भित आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज होने में कोई आपत्ति है तो वह 10 दिन के अन्दर नगरपालिका तावडू (नूंह) में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा यह प्रोपर्टी आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज कर दी जायेगी। जिसके लिए नगरपालिका तावडू व आवेदक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

आवेदक
कर्मचन्द पुत्र गोपीचन्द
निवासी तावडू, जिला नूंह

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख (साउथ हरियाणा)
9050976800
9416103259

ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

## सोहना में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**सोहना।** सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में देश का गणतंत्र दिवस खंड स्तर पर मनाया गया। इस अवसर पर एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने राष्ट्रीय झंडा को फ्हराया। देश का गणतंत्र दिवस को कोरोना नियमों की पालना करते हुए शहर के देवीलाल खेल सटेडियम में मनाया। गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम को सीमित रखा गया। इस मौके पर एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने राष्ट्रीय झंड़ा फहराया।

इस अवसर पर एसीपी संदीप मलिक, एसएचओ सिटी थाना इंस्पेक्टर उमेश कुमार, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह, एमई राजपाल खटाना व सुशील ठाकरान



सहित राजकीय स्कूल और अन्य सरकारी विभागों से आए अधिकारी व शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे। पुलिस और एनसीसी कैडर के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय झंडा को मार्च पास करते हुए सलामी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने देश की आजादी में हरियाणा के वीर सपूतों की गौरवगाथा का गुणगान किया। देश की सेना में हर दसवां सैनिक हरियाणा है।

## सुरक्षा कर्मी की संदिग्ध हालत में हुई मौत

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**वेस्टन** रिसोर्ट में 32 वर्षीय सुरक्षा कर्मी की संदिग्ध हालत में हुई मौत पर परिजनों ने शव को गेट के सामने रख हत्या का आरोप लगाया। रिसोर्ट और सुरक्षा एजेंसी ने मृतक के परिजनों को 13 लाख रुपये की सहायता राशि देने का आश्वासन देने के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

गुरुवार की सुबह 6 बजे वेस्टर रिसोर्ट होटल में स्काइलार सुरक्षा एजेंसी के 32 वर्षीय गार्ड की ड्यूटी के दौरान कमरे में बेहोशी की हालत में मिला। जिसे तुरन्त उपचार के लिए नागरिक अस्पताल सोहना में दाखिल कराया। जहां डॉक्टरों ने गार्ड को मृत



वेस्टन रिसोर्ट के मुख्य गेट पर मृतक गार्ड के शव को लेकर बैठे परिजन।

घोषित कर दिया। मृतक की पहचान ऋषिपाल निवासी गांव इशाकी थाना सोहना सदर के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर मृतक के परिजना नागरिक अस्पताल सोहना में पहुंचे। जहां पर परिजनों ने होटल मैनेजमेंट और सुरक्षा एजेंसी स्काइलार के अधिकारियों पर हत्या करने कराने का आरोप लगाया। नागरिक अस्पताल में पहुंचे सोहना सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह ने मृतक ऋषिपाल के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। लेकिन परिजन शव को अंतिम संस्कार करने से पहले वेस्टन रिसोर्ट पर ले गए। जहां शव को मुख्य गेट पर रखकर सुरक्षा एजेंसी और होटल मालिक के खिलाफ हत्या कराने का आरोप लगाने लगे। मृतक के भाई सतबीर ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसके भाई की हत्या की गई है।

### डेढ घंटा तक रखा रहा शव

**वेस्टन** रिसोर्ट के मुख्य गेट पर मृतक ऋषिपाल के शव को पीड़ित परिजन करीब डेढ घंटा तक मुख्य गेट पर लेकर बैठे रहे। इस दौरान सुरक्षा एजेंसी और रिसोर्ट मैनेजमेंट अधिकारियों ने सामूहिक रुप से मृतक के परिजन तथा गणमान्य लोगों के बीच करीब एक घंटा तक चली बैठक में आर्थिक सहायता राशि देने पर विचार किया।

### कमरे में दम गुटने से मौत होने का अंदेशा

**स्काइलार** सुरक्षा एजेंसी के प्रबंधक ए मौहम्मद ने बताया कि ऋषिपाल को सुबह 4 बजे तक ठीक था। चार बजे के बाद ऋषिपाल कोयला से जलते हुए चूल्हे को लेकर कमरे में चला गया। जिसने दरवाजे बंद कर लिए और बंद कमरे में ऑक्सीजन की कमी होने से उसकी मौत हुई है।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

**सोहना** सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को होटल मैनेजमेंट की तरफसे 8 लाख तथा सुरक्षा एजेंसी स्काइलार की तरफ से पांच लाख रुपये देने का आश्वासन दिया है। मृतक की मौत का राज पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलेगा।

## मुआवजे की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे कांग्रेसी, सौंपा ज्ञापन

रिजवान कासिम। मेवात

### आफताब अहमद ने कहा, बड़े-बड़े दावे करने वाली भाजपा ने किसानों की सुध नहीं ली

### खराब फसलों का मुआवजा एवं स्पेशल गिरदावरी के आदेश नहीं करने पर कोसा

**बेमौसम** बरसात से खराब हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर गुरुवार को कांग्रेसी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने लघु सचिवालय के सामने नूंह-पलवल मार्ग पर धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने किसानों की दुर्दशा तथा खराब फसलों का मुआवजा एवं स्पेशल गिरदावरी के आदेश नहीं करने पर कांग्रेसियों ने प्रदेश व केंद्र की सरकार को जमकर कोसा। कांग्रेस के नेताओं-कार्यकर्ता के धरना - प्रदर्शन की अगुवाई सीएलपी उपनेता विधायक आफताब अहमद ने की।

आफताब अहमद ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अगर सरकार ने अगले दो-तीन दिनों में नूंह जिले के किसानों की खराब हुई फसलों की स्पेशल गिरदावरी एवं मुआवजे के आदेश नहीं किए तो एक दिवसीय इस धरने को अनिश्चितकालीन धरने के रूप में तब्दील कर दिया जाएगा। इतना ही नहीं आज भले ही कोरोना नियमों का पालन करते हुए कम कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता सड़कों पर दिखाई दिए हो, लेकिन आने वाले कुछ दिनों में अगर सरकार ने किसानों की मांगों को नहीं माना तो बड़ी तादाद में जिले भर में अलग - अलग सड़कों पर किसान धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता किसानों के साथ हर मोर्चे पर खड़ा हुआ दिखाई देगा। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि सरकार किसानों की कोई सुध नहीं ले रही है। तीन कृषि कानून के खिलाफ किसान 1 साल से भी



नूंह एडीसी सुविधा ढाका को ज्ञापन देते हुए विधायक आफताब अहमद।

अधिक समय तक दिल्ली की सीमाओं पर डटे रहे। जिसमें 700 किसान शहीद हो गए। सरकार ने एक शब्द तक नहीं बोला। उन्होंने कहा कि फसलों की बिजाई की बात आई तो डीएपी खाद नही मिला और बाद में यूरिया की किल्लत सभी किसानों के सामने आई। इसके अलावा जिले की हजारों एकड़ भूमि में पानी जमा होने के कारण फसलों की बिजाई नहीं हो पाई और बरसात के बाद गेहूं इत्यादि फसलों में पानी खड़ा होने की वजह से फसल खराब हो गई।

आफताब अहमद ने कहा है कि जिन फसलों में पानी खड़ा हुआ है, उसकी निकासी से जल्द से जल्द कराई जाए और जो फसलें खराब हो चुकी हैं उन फसलों का सरकार को उचित मुआवजा देना चाहिए। किसान साल दर साल कर्ज के बोझ के नीचे दबता जा रहा है। आफताब अहमद ने कहा कि अगर यह गूंगी बहरी भाजपा की सरकार नींद से नहीं जागी और किसानों के लिए मुआवजे का ऐलान नहीं किया तो कांग्रेस किसी भी हद तक जाने से पीछे नहीं हटेगी। किसानों को मुआवजा दिला कर ही दम लिया जाएगा। आफताब अहमद विधायक के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस नेताओं - कार्यकर्ताओं ने धरना - प्रदर्शन के बाद लघु सचिवालय में स्थित एडीसी सुभीता ढाका के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को ज्ञापन भेजा। जिसमें करीब आधा दर्जन से अधिक मांगे रखी गई हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस खराब फसलों के मुआवजे को लेकर भाजपा सरकार को भेजने का कोई अवसर नहीं छोड़ना चाहती। आफताब अहमद ने कहा कि किसानों के हित में बड़े-बड़े दावे करने वाली भारतीय जनता पार्टी ने किसानों की कोई सुध नहीं ली। उन्होंने इस बारे में मुख्य सचिव तथा वित्त आयुक्त सहित जिले के उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह से भी मुलाकात कर जल्द से जल्द गिरदावरी कराने की मांग की लेकिन उसके बावजूद भी अभी तक सरकार की तरफ से स्पेशल गिरदावरी का कोई आदेश नहीं किया गया, इसलिए कांग्रेस जनों को धरना-प्रदर्शन कर सोई हुई सरकार को नींद से जगाना पड़ रहा है।

## पटेल नगर में लगाया गया वैक्सीनेशन शिविर



गुरुग्राम के पटेल नगर में वैक्सीनेशन कैंप में टीका लगवाते लोग।

**गुरुग्राम।** यहां पटेल नगर में सनराइज पब्लिक स्कूल की ओर से कैनविन फाउंडेशन के सहयोग से पटेल नगर में कोरोना रोधी वैक्सीनेशन के लिए शिविर लगाया गया। इस शिविर में 15 से 17 उम्र और 18 से अधिक उम्र के 145 लोगों को कोरोना रोधी वैक्सीन लगाई गई।

शिविर में अतिथि के रूप में पटेल नगर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष दीपचंद चौधरी, बीजेपी नेत्री ज्योति सिंह, निर्मला, नरेश जेडी, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, समाजसेविका आशा गोयल उपस्थित रहे। आरडब्ल्यूए के सदस्यों ने इस शिविर के लिए कैनविन फाउंडेशन व सनराइज स्कूल का आभार जताया।

गगन गोयल एवं आशा गोयल ने कहा कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए सरकार के साथ हम सबके प्रयासों से अब अंकुश लगता जा रहा है। कोरोना काफी कम हो रहा है। अब जिले में नए मरीजों से अधिक ठीक होने वालों की संख्या आ रहा है। यह भी हम सबके प्रयासों से ही संभव हो सका है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## कर्नाटक में विवाद

### लड़कियों को हिजाब

**कर्नाटक** के कुछ हिस्सों में नए वर्ष में हिजाब और भगवा स्कार्फ पर बहस तेज होगी। 1 जनवरी को उडुपी के एक पूर्व-विश्वविद्यालय कालेज ने कुछ लड़कियों को स्कार्फ पहन कर कक्षाओं में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया था क्योंकि यह कालेज नियमों के खिलाफ था। प्रबंधन ने कहा था कि लड़कियां परिसर में स्कार्फ पहन सकती हैं, पर कक्षाओं में नहीं। इसके पीछे तर्क दिया गया था कि शिक्षक को पढ़ाने के दौरान छात्रों पर पूरी तरह नजर रखनी चाहिए। लेकिन इस प्रतिबंध से नाराज लड़कियों ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पुरुषों के सामने अपने बाल ढकने के लिए हिजाब पहनना जरूरी है। एक तर्क यह था कि यदि यह केवल स्कार्फ की तरह बाल ढकता है तो हिजाब पर आपत्ति क्यों की जा रही है। लेकिन दूसरा तर्क यह था कि यदि ऐसा है तो चेहरा भी ढकने के लिए एक पिन क्यों लगाई जा रही है। चीजों ने उस समय राजनीतिक रूप ले लिया जब चरमपंथी इस्लामी समूह पापुलर फ्रंट आफ इंडिया की छात्र शाखा कैंपस फ्रंट आफ इंडिया-सीएफआई ने यह मामला उठाया। उसने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि इस प्रतिबंध से धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप किया जा रहा है। अभी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। कर्नाटक के एक अन्य गांव, कोप्पा जिले के बालागाडी में कुद कालेज छात्रों ने प्रबंधन द्वारा मुस्लिम लड़कियों को कक्षा में हिजाब पहनने की अनुमति देने पर विरोध में भगवा स्कार्फ पहनने शुरू कर दिए। तीसरी घटना में कोलार जिले में एक हिंदू समूह ने सरकारी स्कूल के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए दावा किया कि प्रधानाचार्य ने मुस्लिम लड़कियों को शुक्रवार को कक्षा में प्रार्थना करने की



अनुमति दे दी है। जिला कलेक्टर इस मामले की जांच कर रहे हैं। धीमे-धीमे पर निश्चित रूप से ऐसी घटनायें न केवल तेजी से विवादास्पद होती जा रही हैं, बल्कि इनसे यह बहस भी शुरू हुई है कि क्या हिजाब यूनीफार्म का हिस्सा है।

भारत में जहां सार्वजनिक स्थानों पर धर्म का प्रदर्शन काफी सामान्य बात है, ऐसी घटनाओं को प्रचार नहीं मिलना चाहिए। लेकिन चिन्ताजनक बात है कि जब कर्नाटक में दो महत्वपूर्ण चुनाव होने वाले हैं तब भावनाओं को भड़काया जा रहा है। वृहत बैंगलुरू महानगर पालिके में चुनाव जिला पंचायत व तालुक पंचायत चुनावों के साथ या इनके फौरन बाद होंगे। इनमें कुल लगभग 4 करोड़ मतदाता भाग लेंगे। इसके साथ ही अगले साल की शुरुआत में राज्य विधानसभा चुनाव भी होने हैं। ऐसे मुद्दे धार्मिक समूहों के लिए चारे की तरह हैं जो पहले से ही ध्रुवीकरण का बोझ ढो रहे सेक्युलर परिवेश को खराब करना चाहते हैं। उच्च न्यायपालिका को हस्तक्षेप कर ऐसे मामलों का हमेशा के लिए समाधान कर देना चाहिए। भारत फ्रांस नहीं है जहां सार्वजनिक स्थानों पर धार्मिक प्रतीकों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध है। भारत में सभी लोग धर्म का सार्वजनिक प्रदर्शन करते हैं, फिर चाहे वह बिंदी हो या चूड़ियां या हिजाब अथवा पवित्र क्रास या सिख पटका। ऐसे में भेदभाव का सवाल नहीं पैदा होना चाहिए। संविधान हमें धर्म का व्यवहार करने की स्वतंत्रता देता है, पर कानून संरक्षण को उन व्यवहारों तक सीमित करता है जो धर्म के लिए अनिवार्य व अभिन्न हों। 2016 के एक फैसले में केरल उच्च न्यायालय ने कहा था कि हिजाब और लंबी आस्तीनों वाली ड्रेस 'इस्लाम धर्म का अनिवार्य हिस्सा' हैं। ऐसे में न्यायपालिका को केवल यह विचार करना है कि क्या हिजाब पहनने का 'अनिवार्य व्यवहार' कक्षा में सामाजिक व्यवस्था में बाधा डालता है और इससे शिक्षकों का कर्तव्य बाधित होता है।

# उर्वरक डीबीटी में अनुचित गतिरोध

जब बाजार में सब्सिडाइज उत्पाद उपलब्ध नहीं होते हैं तो इससे संदिग्ध चरित्र वाले लोगों को लाभ उठाने का मौका मिल जाता है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



बजट पेश किए जाने का समय आ गया है। दो साल तक धड़ल्ले से खर्च के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अब संभवत: राजकोषीय मजबूती की ओर लौटना चाहती हैं। ऐसे में उर्वरक सब्सिडी के क्षेत्र पर प्रमुखता से ध्यान देने की जरूरत है जो 2019-20 में 80,000 करोड़ से बढ़ कर 2020-21 में 1,34,000 करोड़ हो गई तथा इसके 2021-22 में 1,40,000 करोड़ होने की आशा है। उर्वरक सब्सिडी इसलिए बढ़ी है क्योंकि केन्द्र सरकार चाहती है कि निर्माता-आयातक किसानों को कम अधिकतम खुदरा मूल्य पर इनको बेचें, जिसका कोई संबंध उत्पादन व आयात तथा वितरण की लागत से नहीं है। यह खर्च अक्सर बहुत ज्यादा होता है। यूरिया के मामले में एमआरपी पर अनिवार्य नियंत्रण है और सरकार निर्माताओं को अतिरिक्त लागत की भरपाई नई मूल्य योजना के अंतर्गत 'यूनिट-आधारित' सब्सिडी के रूप में करती है।

फास्फेट व पोटाश उर्वरकों-पीएंडके के मामले में उसने पोषक आधार योजना के अनुसार सभी निर्माताओं व आयातकों के लिए प्रति पोषक आधार पर समान सब्सिडी तय की है। सब्सिडी का अर्थ प्रति टन लागत और एमआरपी के बीच अंतर है। यदि लागत बढ़ती है तो एमआरपी को प्रति टन उर्वरक बिक्री में अपरिवर्तित रखने के लिए सब्सिडी बढ़ जाती है। दूसरी ओर यदि एमआरपी घटता है तथा लागत में परिवर्तन नहीं आता है तो भी सब्सिडी बढ़ती है। तीसरे, यदि प्रति टन सब्सिडी के किसी स्तर पर उर्वरक की मात्रा बढ़ती है तो भी कुल सब्सिडी भुगतान बढ़ जाता है। यूरिया का मूल्य प्रभावित करने वाले कारकों में प्राकृतिक गैस की कीमत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका यूरिया उत्पादन या आयात में प्रमुख स्थान है।

उपभोग में इसका एक तिहाई हिस्सा है। पीएंडके उर्वरकों के मामले में लागत कच्चे माल से तय होती है जिसमें फास्फेरिक एसिड, अमोनिया तथा आयातित या तैयार पदार्थ जैसे डाईअमोनियम फास्फेट शामिल हैं। यह लगभग डीएपी उत्पादन में 50 प्रतिशत के जिम्मेदार हैं। इसके साथ ही म्यूरेट आफ पोटाश की कीमतों का महत्व है जिसका पूरी तरह आयात होता है।

आयात पर अत्यधिक निर्भरता के कारण यूरिया व गैर-यूरिया उर्वरकों की कीमत बढ़ रही है। देश में यूरिया उत्पादन के लिए भी आवश्यक तिहाई गैस का आयात होता है। ऐसे में सरकार इनकी कीमतों पर लगाम लगाने के लिए कुछ खास नहीं कर सकती है। लेकिन विशेष प्लांटों के अनुसार कीमत में परिवर्तन होते हैं क्योंकि गैस पर वैट में अंतर-राज्य अंतर हैं। लगभग 35 मिलियन टन यूरिया की वार्षिक सप्लाई 20,000, 25,000 व 30,000 रुपये प्रति टन पर होती है। आयात का खर्च इससे भी अधिक है। वर्तमान वर्ष में कुछ सप्लाई 900 डालर प्रति टन पर भी हुई है जो खेत तक पहुंचने पर लगभग 70,000 रुपये प्रति टन होती है। हास्यास्पद रूप से यूरिया का वर्तमान एमआरपी 5,360 रुपये प्रति टन है जो लगभग दो दशक से स्थिर है। बढ़ती लागत के कारण प्रति टन सब्सिडी बढ़ी है।

इसके साथ ही अत्यधिक प्रयोग के कारण मात्रा बढ़ी है क्योंकि सस्ती होने के कारण किसान इसका प्रयोग मिट्टी की आवश्यकता से अधिक करते हैं। बड़े तथा अमीर किसानों को भी सस्ती यूरिया मिलती है तथा बड़े पैमाने पर इसकी पड़ोसी देशों को स्मगलिंग होती है और अनुचित औद्योगिक उपयोग होता है। यह अपरिहार्य है क्योंकि बाजार में इसकी कीमत 4-5 गुना अधिक होती है। इसका नतीजा सब्सिडी खर्च में भारी वृद्धि है। यूरिया का अत्यधिक प्रयोग उर्वरक प्रयोग में असंतुलन पैदा करता है, मृदा स्वास्थ्य बिगड़ता है तथा दीर्घकालीन रूप से मझोले किसानों के लिए खेती में बने रहना कठिन हो जाता है। इसका मानव स्वास्थ्य के साथ ही पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। अमीर किसानों को सस्ती यूरिया देना बिल्कुल अनुचित है जो इसका ज्यादा भुगतान कर सकते हैं। सब्सिडाइज यूरिया का भयानक दुरुपयोग किसी भी विचारशील व्यक्ति को परेशान कर सकता है। इसके बावजूद यह दशकों से जारी है तथा यह दुरुपयोग लगभग 30 प्रतिशत है।

1977 में सब्सिडी शुरू होने के बाद शुरुआत में सब्सिडी निर्माताओं को फैक्ट्री से सामान भेजने पर मिलती थी। हालांकि, उनको यह सुनिश्चित करना होता ाा कि उर्वरक की बिक्री वास्तव में किसानों को हुई है, पर इसकी कोई सटीक व्यवस्था नहीं थी। सप्लाई श्रृंखला के विभिन्न स्तरों पर उत्पाद गायब हो जाता था तथा इसकी व्यापक रूप से चोरी होती थी। 2000 के दशकारंभ में व्यवस्था बदली गई तथा जिलों में सामग्री प्राप्त होने पर 95 प्रतिशत यूरिया सब्सिडी मिलने लगी। गैर-यूरिया उर्वरकों के लिए यह सीमा 85 प्रतिशत थी। बाकी 5 प्रतिशत तथा पीएंडके के मामले में 15 प्रतिशत का भुगतान राज्य सरकार से पुष्टि के बाद होता था। लेकिन इस व्यवस्था में भी फर्जी लोगों द्वारा सब्सिडी यूरिया की चोरी तथा जिलों में अवैध भंडारण की समस्या बनी रही। अप्रैल, 2018 से मोदी सरकार ने निर्माताओं को सब्सिडी भुगतान खुदरा व्यापारियों द्वारा किसानों को उर्वरकों की बिक्री पर करना शुरू किया है।

नई योजना के अंतर्गत निर्माता को किसान को उर्वरक मिलने पर 100 प्रतिशत सब्सिडी का भुगतान होता है और उसके आधार कार्ड को डीलर की दूकान में लगे पीओएस पर दर्ज किया जाता है। हालांकि, इससे व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है, पर खुदरा बिक्री के स्तर पर हेराफेरी संभव है। इसका कारण यह है कि आधार कार्ड रखने वाला कोई गैर-किसान भी सब्सिडाइज उत्पाद खरीद सकता है। सरकार ने कुछ अन्य उपाय करने का प्रयास किया है। इनमें सभी निर्माताओं व आयातकों द्वारा यूरिया की नीम कोटिंग शामिल है। इसके साथ ही प्रति खरीद 100 बोरे तक सीमित की गई है, जबकि पहले यह 999 बोरे थी तथा मासिक खरीद की सीमा भी तय की गई है। इसके अलावा हर जिले में सबसे ज्यादा 20 यूरिया खरीद की ट्रैकिंग कर खरीद मानकों का उल्लंघन करने वालों को दंड दिया गया है। लेकिन इन उपायों के भी समुचित नतीजे नहीं निकले हैं। अब सरकार किसी व्यक्तिगत किसान द्वारा किसी फसल सीजन में खरीदे जाने वाले सब्सिडाइज उर्वरक बोरों की संख्या सीमित करने की योजना बना रही है। लेकिन इससे भी लाभ नहीं होगा। वास्तव में जब तक योजना में 'निर्माताओं के माध्यम से सब्सिडी देने' की व्यवस्था बनी रहेगी तब तक इसके दुरुपयोग पर लगाम लगाना संभव नहीं होगा।

आगे बढ़ने का रास्ता सब्सिडी का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी है। सरकार को सब्सिडी सीधे किसानों को देनी चाहिए तथा निर्माताओं को इसे बाजार मूल्य पर बिक्री करने देना चाहिए। इससे दुरुपयोग पर पूरी तरह रोक लग जाएगी। जब बाजार में सब्सिडाइज उत्पाद उपलब्ध नहीं होते हैं तो इससे संदिग्ध चरित्र वाले लोगों को लाभ उठाने का मौका मिल जाता है। इससे अत्यधिक प्रयोग पर भी रोक लगेगी। जब उत्पाद सही कीमत में मिलेगा तो किसान इसका उचित प्रयोग करेंगे। इससे गरीब किसानों को सीधे सब्सिडी देना भी संभव होगा। सभी तीन स्रोतों से मांग में कमी के कारण सब्सिडी में भारी बचत होगी। इसके परोक्ष लाभ भी होंगे। भारत उर्वरकों का प्रमुख आयातक है, अत: उसके आयात में कमी से अंतरराष्ट्रीय कीमतें गिरेंगी तथा आयात का खर्च घटेगा।

इसके परिणामस्वरूप प्रति टन सब्सिडी में भी कमी आएगी। डीबीटी से राजकोषीय दृढ़ता आएगी, व्यापार घाटा कम होगा, उर्वरक प्रयोग में असंतुलन दूर होगा, मृदा स्वास्थ्य सुधरेगा तथा टिकाऊ व पर्यावरण हितैषी कृषि को लाभ होगा। इससे अक्षम निर्माताओं को अपनी दूकानें बंद करनी पड़ेंगी, बेईमान व्यापारी तथा भ्रष्ट राजनेता व नौकरशाह प्रभावित होंगे जो उर्वरकों की चोरी से भारी कमाई करते हैं। इससे अमीर किसान भी प्रभावित होंगे जो वर्तमान योजना का सर्वाधिक लाभ उठाते हैं। उर्वरक सप्लाई पर डीबीटी 2012-13 से ही सरकार के राडार पर है। लेकिन आज तक कुछ लाबियां इसमें गतिरोध पैदा करती रही हैं। क्या प्रधानमंत्री इन लाबियों का विरोध तोड़ने में सफल होंगे?

# जनजातीय समुदाय व उनके धर्म

> यह उग्र बहस कि आदिवासियों के पास धर्म का कोई निर्धारित पैटर्न नहीं है, मूल रूप से एक राजनीतिक रूप से प्रेरित और विदेशी समर्थित प्रचार है जो भारत में विभिन्न चर्चों द्वारा शुरू किया जा रहा है।

**वीके बहुगुणा**
(लेखक संसाधन प्रबंध एवं पर्यावरण केंद्र के अध्यक्ष हैं)



आइए हम समाजशास्त्रियों और अन्य लोगों द्वारा कुछ लोगों को आदिवासी के रूप में नामित करने के सिद्धांत की जांच करें। ईसाई धर्म के प्रभाव में पश्चिमी मीडिया दशकों से आदिवासियों को स्वदेशी घोषित करने की कोशिश कर रहा है। महान भारतीय सभ्यता के संदर्भ में 'स्वदेशी' का अर्थ, जो घने जंगलों में सिलवन परिवेश में रहने वाले महान संतों के साथ विकसित हुआ, सत्य का उपहास है। आदिवासियों को स्वदेशी कहना या यूं कहें कि उन्हें आदिवासी कहना प्राचीन भारतीय संस्कृति का अपमान है। क्योंकि, आदिवासी परंपराओं का भाषा, संगीत, कला, पेंटिंग, चिकित्सा और निश्चित रूप से प्रकृति की अपने विभिन्न रूपों की पूजा का महान इतिहास है, जिसने सनातन धर्म और परंपराओं को समृद्ध किया। वास्तव में, सभी भारतीय कभी न कभी किसी न किसी जनजाति का हिस्सा रहे होंगे और यह एकतरफा आधुनिक विकास है जो अब आदिवासी और गैर-आदिवासी लोगों के बीच अंतर करता है। दुर्भाग्य से हमारा संविधान भी आदिवासी और गैर-आदिवासी शब्दाडंबर में फंसा हुआ है। यह उग्र बहस कि आदिवासियों के पास धर्म का कोई निर्धारित पैटर्न नहीं है, मूल रूप से एक राजनीतिक रूप से प्रेरित और विदेशी समर्थित प्रचार है जो भारत में विभिन्न चर्चों द्वारा शुरू किया जा रहा है जो धर्मांतरण में विश्वास करते हैं।

सनातन धर्म जिसे अब हिंदू धर्म के रूप में जाना जाता है, में आदिवासी पूजा के सभी तत्व हैं। आदिवासी क्षेत्रों में अधिकांश देवत्व पर प्रकृति पूजा का प्रभुत्व है और हिंदू धर्म के कई सिद्धांत और उत्सव उनसे लिए गए हैं। कुछ राजनेताओं द्वारा यह तर्क कि आदिवासी लोगों का कभी संगठित धर्म नहीं था,



अगर हम देश के इतिहास को देखें तो इसमें कोई दम नहीं है। पहली संगठित जनगणना 1871 में हुई थी - पहली समकालिक जनगणना 1881 में हुई थी - जिसमें 95 प्रतिशत आदिवासी लोगों ने हिंदू धर्म के रूप में अपने धर्म में प्रवेश किया है। उत्तर-पूर्व के केवल दो प्रतिशत लोगों ने जनगणना के दौरान व्याख्यात्मक पूर्वाग्रह के कारण आदिवासी धर्म घोषित किया। 1891 में केवल तीन प्रतिशत को आदिवासी धर्म और बाकी को हिंदू के रूप में दिखाया गया था।

1891 की जनगणना में ईसाई धर्म के संप्रदायों की जानकारी भी एकत्र की गई थी। 1951 में आजादी के बाद पहली जनगणना में 97-98 प्रतिशत आदिवासियों ने हिंदू धर्म को अपना धर्म दिखाया था। कई दशकों बाद जब ईसाई मिशनरियों ने मध्य और पूर्वी भारत में आदिवासियों को धर्मांतरित करना शुरू किया तो प्रकृति पूजा को व्यवस्थित रूप से हिंदू धर्म से अलग करने की मांग की गई। त्रिपुरा में त्रिपुरी, जमातिया और अन्य जनजातियाँ शिव की पूजा करती रही हैं जैसा कि रॉक नक्काशियों में दर्शाया गया है। इसी तरह, देवत्व की सरना पद्धति प्रकृति और आत्माओं की पूजा पर केंद्रित है और सभी प्राकृतिक वस्तुओं को पवित्र मानती है।

इस विश्वास प्रणाली का पालन झारखंड और पड़ोसी राज्यों में कई आदिवासी समूहों द्वारा किया जाता है, और यह पूरी तरह से उनके सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में परिलक्षित होता है। स्वतंत्रता के बाद की जनगणना में धर्म के लिए 'अन्य' वर्ग ने यह भ्रम पैदा किया था क्योंकि जनगणना कर्मचारी इस तरह के आदिवासी विश्वासों को 'अन्य' के रूप में आरोपित कर रहे थे।

आदिवासी बेल्ट में वर्चस्व के लिए कुछ राजनीतिक नेताओं द्वारा ईसाई मिशनरियों और नक्सलियों द्वारा सनातन धर्म के बड़े हिस्से से आदिवासी आबादी को अलग करने के लिए एक सुनियोजित प्रचार शुरू किया गया है। इस लेखक ने फरवरी 2021 के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के एक आदिवासी क्षेत्र का दौरा किया है। मेले के एक कोने में, धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलने वाला एक व्यक्ति हिंदू धर्म का उपहास करने वाली किताबें बेच रहा था और एक किताब की सिफारिश कर रहा था, 'आदिवासी हिंदू नहीं हैं।' आदिवासी बेल्ट में ऐसी स्थिति पैदा करने के लिए मुझे आयोजक, एक विदेशी वित्त पोषित एनजीओ को चेतावनी देनी पड़ी।

आज का मुद्दा आदिवासी लोगों की धार्मिक मान्यताओं और सांस्कृतिक जीवन में दखल देने का नहीं है। उन्हें सर्वोत्तम स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका प्रदान करके उन्हें मुख्यधारा में लाने और उनकी कला, भाषा, संस्कृति और संगीत को संरक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

## आप की बात

### सारे जहां से अच्छा

**गणतंत्र** दिवस हममें राष्ट्र के प्रति प्रेम और स्वाभिमान की भावना जगाता है। हमें कभी नहीं भूलना चाहिए कि गणतांत्रिक व्यवस्था में बेहतर गण से ही बेहतर तंत्र का निर्माण होता है। आज यह बहुत जरूरी है कि भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में राष्ट्र के विभिन्न घटकों के बीच परस्पर एकता, प्रेम और भाईचारे की भावना दृढ़ हो। भारत का लोकतंत्र चुस्त दुरुस्त है किंतु आज आवश्यकता है कि राष्ट्रीय एकीकरण के साथ हम आगे बढ़ें। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के संकल्प के साथ आगे बढ़ी यह विकास यात्रा आज सबका प्रयास के पड़ाव तक पहुंची है, तो इसके पीछे जनता का अपने नेतृत्व पर कायम अपार भरोसा ही कारण है। जनमानस का एक बहुत बड़ा हिस्सा आज भी अपने अस्तित्व के लिए संघर्षरत है। सीमा पर देश की रक्षा के लिए गोली खाना ही देशभक्ति नहीं हैं, बल्कि अपने दिन प्रतिदिन के काम को ईमानदारी से करना और सामाजिक मर्यादाओं व वैधानिक निर्देशों का पालन करना भी समान रूप से देशभक्ति का परिचायक है। यह सत्य है कि विगत वर्षों में हमने बहुत कुछ कर दिखाया, पर हमें सोने की तरह तपकर आगे बढ़ना होगा, तभी हम कह सकेंगे, 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा।'

- **नितेश मंडवारिया**, वाराणसी

### सफलता का कोई शार्टकट नहीं

**कहा** जाता है सफलता के लिए कभी शॉर्टकट का रास्ता नहीं चुनना चाहिए। खासकर के राजनीति में भाड़े के लोगों के सहारे आप चार मंजिला ईमारत खड़ा करोगे तो उसकी नींव हमेशा कमजोर रहेगी। जैसे इस समय बंगाल में बीजेपी का हो रहा है। जिस पार्टी को 2016 के विधान सभा में महज 10 फीसदी मत मिले थे, वो 2019 के आते आते 40 फीसद को पार कर जाती है। मगर इनका गुरु इससे इतना बढ़ गया की ये पार्टी खुदको को खुदा समाज बैठी। दावा करने लगी के 2021 का विधान सभा में 2 सौ से ऊपर सीटें जीतकर रिकॉर्ड बनाएगी। मगर आज का हालत है की, प्रदेश में, पार्टी अपना अस्तित्व को बचाने को जूझ रही है। इसी रविवार को जमीन से जुड़े दो नेताओं रितेश तिवारी एवं जयप्रकाश मजूमदार को कारण बताओं नोटिस दिया जाता है। बिना किसी उत्तर मिले ही चौबीस घंटों के अंदर दोनों को पार्टी से निलंबित कर दिया जाता है। कमाल तो देखिये पार्टी इसी तरह के मुखर रुख अख्तियार करने के बावजूद तथागत रॉय एवं रूपा गांगुली जैसों पर कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही तक नहीं करती। इस स्थिति के बाद दो बंगाली कलाकारों बोनी सेनगुप्ता एवं शोहेल दत्ता ने बीजेपी को अलविदा कह दिया।

- **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### सम्मान ही सच्ची श्रद्धांजलि

**वाकई** यह दुख का ही विषय है कि देश की आजादी के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले सेनानियों पिछले सात दशकों से भुला दिया गया था। मान सम्मान और सुख सुविधाएं मिलना तो दूर की बात उन्हें बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल पाइ और नतीजन वे दर दर की ठोकरें खाते रहे। इंडिया गेट पर नेताजी की प्रतिमा लगाने की घोषणा किए जाने के बाद ऐसे ही सेनानियों की खोज अवश्य ही करना चाहिए जिन्होंने गुमनामी में रहकर अंग्रेजों से लोहा लिया और स्वतंत्रता आंदोलन में जान फूंकी। आजादी हमें यूं ही नहीं मिल गई थी। कई मां के सपूत और उनके शौहर शहीद हुए हैं तब जाकर हम आज आजादी की सांस ले पा रहे हैं। जब तक राष्ट्र पर मर मिटने वाले ऐसे वीर बलिदानियों की शहादत को नई पीढ़ी के सामने नहीं लाया जाएगा तब तक स्वतंत्रता का स्वाद फीका ही रहेगा। स्वतंत्रता सेनानियों की सार्वजनिक स्थलों पर मूर्तियां लगाने से लोगों विशेषकर युवाओं में राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा जगेगी और यही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

- **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**संशोधन** प्रस्ताव हमारी संघीय राजनीति और राज्य की स्वायत्तता की जड़ पर प्रहार करता है।

- **एम के स्टालिन**
तमिलनाडु के मुख्यमंत्री



**कोविड** से सबसे ज्यादा नुकसान दिल्ली वालों को हुआ है। हम नहीं चाहते कि आपकी रोजी-रोटी प्रभावित हो लेकिन आपका स्वास्थ्य जरूरी है।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**एक** बात मुझे परेशान करती है धार्मिक और सांस्कृतिक विभाजन ने मजबूत स्थान बना लिया है।

- **डॉ अनिता बोस**
नेताजी बोस की पुत्री

Good Morning!
राजस्थान पायनियर

हरियाणा, शुक्रवार, 28 जनवरी, 2022 ई-पेपर www.pioneerhindi.com

# प्रदेश भर में 73 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## जिला मुख्यालयों पर कोविड प्रोटोकॉल की पालना करते हुए हर्षोल्लास के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया

### ध्वजारोहरण करने के बाद मार्च पास्ट की सलामी ली गई



**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर

प्रदेश में 73 वां गणतंत्र दिवस समारोह सभी जिला मुख्यालयों पर कोविड प्रोटोकॉल की पालना करते हुए हर्षोल्लास के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया। जिला मुख्यालयों पर आयोजित समारोह में मंत्री परिषद के सदस्य, संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर द्वारा ध्वजारोहरण करने के बाद मार्च पास्ट की सलामी ली गई तथा स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सेवाओं के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों व समाजसेवी लोगों को सम्मानित भी किया गया।

**अजमेर**

अजमेर जिला मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस समारोह 2022 पटेल मैदान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय समारोह में कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने ध्वजारोहण कर मार्चपास्ट की सलामी ली। राज्यपाल के संदेश का पठन अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन कैलाश चंद्र शर्मा ने किया। जिला स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 35 व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**अलवर**

स्थानीय इन्दिरा गॉधी स्टेडियम पर जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने उल्लेखनीय कार्यों के लिए 41 प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम श्रीमती सुनीता पंकज ने राज्यपाल के संदेश का पठन किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि अधिकारी वरिष्ठ नागरिक मौजूद थे।

**बांसवाड़ा**

73वां गणतंत्र दिवस जिलेभर में मनाया गया। कुशलबाग मैदान में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में जल संसाधन मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया ने राष्ट्रगान की धुन के बीच राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मुख्य अतिथि मालवीया के आगमन के साथ शुरू हुए मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद परेड में शामिल मेवाड भील कोर, राजस्थान पुलिस, गृह रक्षा दल (होमगार्ड) गोविन्द गुरू राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी ग्रुप, नागरिक सुरक्षा, सिविल डिफेंस, न्यू लुक गर्ल्स कॉलेज के एनसीसी आर्मी ग्रुप की टुक ?ियों का निरीक्षण किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर नरेश कुमार बुनकर ने राज्यपाल के संदेश का वाचन किया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह में जिला प्रमुख श्रीमती रेशम मालवीया, उपजिला प्रमुख डॉ. विकास बामनिया, नगर परिषद् सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी, उपसभापति सुल्ताना युसूफ मेवाफरोश, जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे। जिला स्तरीय मुख्य समारोह में उत्कृष्ठ एवं सराहनीय देने वाले 22 जनों को जिला प्रशासन की ओर से मुख्य अतिथि महेन्द्रजीत सिंह मालवीया के हाथों प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**बारां**

गणतंत्र दिवस-2022 के तहत जिला स्तरीय मुख्य समारोह कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण में उमंग, उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि खान, पेट्रोलियम एवं गोपालन मंत्री श्री प्रमोद जैन भाया ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। गणतंत्र दिवस समारोह कोरोना महामारी के स्वास्थ्य मानकों की पालना के साथ मनाया गया। इस मौके पर जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया, नगर परिषद सभापति ज्योति पारस, जिला कलक्टर श्री नरेन्द्र गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कल्याणमल मीना, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

समारोह में पुलिस सशस्त्र दल, राजस्थान पुलिस दल, राजस्थान गृह रक्षा दल एवं राजस्थान पुलिस ब्रास बैंड द्वारा परेड निकाली गई। समारोह में अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री बृजमोहन बैरवा ने राज्यपाल के संदेश का पठन किया जिसमें उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विकास व समृद्धि का संदेश दिया। जिला कलक्टर श्री नरेन्द्र गुप्ता ने गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रातः 8 बजे कलक्टर आवास पर एवं 8.30 बजे मिनी सचिवालय कलक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर पुलिस दल ने सलामी दी एवं शिक्षिकाओं ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। जिला कलक्टर ने इस मौके पर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आजादी के महापर्व को उल्लास व उत्साह से मनाने एवं अपने कार्य के माध्यम से राष्ट्र की प्रगति में सहभागी बनने का संदेश दिया।

# रीट परीक्षा की जांच सीबीआई को तुरंत सौंपःसतीश पूनिया



डॉ. सतीश पूनिया

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर

श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिलों के प्रवास पर जाते समय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने सरदारशहर में मीडिया से बातचीत में रीट प्रकरण पर कहा कि, रीट की परीक्षा को लेकर सदन में और सदन के बाहर मुखरता से चर्चा होती है, लेकिन जिस तरीके से रीट की परीक्षा में नकल के संगठित गिरोह ने राजस्थान के बेरोजगार युवाओं के साथ कुठाराघात किया, वह दुर्भाग्यपूर्ण व चिंताजनक है और प्रदेश सरकार की व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार ने प्रदेश के किसानों से और युवाओं से वादाखिलाफी की, जन सुरक्षा के मामले में कानून व्यवस्था के मुद्दे को लेकर जनता को भ्रम में रखा। राजस्थान के लाखों बेरोजगारों ने अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करने के अरमान के साथ परीक्षा दी, रीट, जेईएन, सब इंस्पेक्टर, इन सभी परीक्षाओं को लेकर सवाल खड़े हुए। यह विरोधाभास है उस समय के शिक्षा मंत्री गोविंद डोटासरा यह कहते थे कि पर्चा लीक नहीं हुआ, केवल विपक्ष इसको मुद्दा बना रहा है, लेकिन एसओजी के अनुसंधान ने यह प्रमाणित कर दिया कि पर्चा लीक हुआ है।

# प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया

## हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की बदौलत ही हमें आजादी मिलीः डोटासरा

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर



पीसीसी मुख्यालय झण्डारोहण के दौरान पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा

73वें गणतंत्र दिवस पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

डोटासरा ने उपस्थित कांग्रेसजनों को 73वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के दिन हमारे देश ने बाबा साहेब डॉ. बी. आर. अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान को अंगीकार किया था। उन्होंने कहा कि हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के अथक परिश्रम एवं दी गई कुर्बानियों के परिणाम स्वरूप देश को आजादी मिली। उन्होंने कहा कि देश में स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई से लेकर आज के स्वर्णिम भारत के निर्माण में कांग्रेस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि आज केन्द्र में फासीवादी ताकतें सत्ता में बैठी है जिनका संविधान एवं संवैधानिक संस्थाओं में कोई विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि दु:ख की बात है कि आज जो सरकार केन्द्र में बैठी है वो संविधान के प्रावधानों को तार-तार कर रही है तथा जिन संवैधानिक संस्थाओं पर समाज को न्याय दिलवाने एवं एकजूट रखने की जिम्मेदारी है उन संस्थाओं का दुरूपयोग किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस सभी कांग्रेसजनों के लिए संकल्प लेने का अवसर है कि संविधान का सम्मान नहीं करने वाली ताकतों से सत्य एवं अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए मुकाबला करना है। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेसजन संविधान की मर्यादा में रहते हुए फासीवादी ताकतों के खिलाफ संघर्ष कर देश की एकता एवं लोकतंत्र को बचाने हेतु कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान, प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, सचिव ललित तूनवाल, रामसिंह कस्वां, जसवंत गुर्जर,पुष्पेन्द्र भारद्वाज, राजेन्द्र यादव, देशराज मीणा, महेन्द्र सिंह खेड़ी, प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी, आर. सी. चौधरी, वक्फ चेयरमेन डॉ. खानू खां बुधवाली, आरसीए चेयरमेन वैभव गहलोत, पूर्व मंत्री बृजकिशोर शर्मा, पूर्व विधायक गंगाासहाय शर्मा, मुमताज मसीह, डॉ. अर्चना शर्मा, अनिल पारीक, ज्योति खण्डेलवाल, सुरेश चौधरी, गोपाल केसावत, राजेश चौधरी, अयूब खान, पं. सुरेश मिश्रा और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजभवन में सौंदर्यीकरण के कार्यों का किया गया शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर



राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा राजभवन में 816.50 लाख रूपये की लागत से संविधान पार्क के निर्माण एवं अन्य सौंदर्यीकरण के कार्यो का शिलान्यास माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री महोदय को संविधान पार्क के निर्माण एवं अन्य सौंदर्यीकरण के कार्यो से जयपुर विकास आयुक्त गौरव गोयल एवं आर्किटेक्ट अनूप भरतरिया द्वारा अवगत करवाया गया।माननीय राज्यपाल महोदय, माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष महोदय द्वारा मंत्रोचार के बीच संविधान पार्क की नींव रखी गई। इस अवसर पर सांसद जयपुर शहर श्री रामचरण बौहरा, महापौर जयपुर ग्रेटर नगर निगम शील धाबाई, मुख्य सचिव राजस्थान श्री निरंजन आर्य, डीजीपी एमएल लाठर, लोकायुक्त राजस्थान न्यायमूर्ति श्री प्रताप कृष्ण लोहरा, मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष श्री जी के व्यास, मुख्यमंत्री सलाहकार श्री कुलदीप रांका, श्री प्रमुख शासन सचिव यूडीएच श्री कुंजी लाल मीणा, शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग श्री जोगाराम, जेडीए सचिव श्री उज्जवल राठौड़ उपस्थित थे। जयपुर विकास आयुक्त श्री गौरव गोयल ने बताया कि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा माननीय स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री श्री शांति धारीवाल के नेतृत्व में विभिन्न प्रोजेक्ट्स के कार्य करवाये जा रहे है। जेडीसी ने बताया कि राजभवन परिसर मे 816.50 लाख रूपये की लागत से संविधान पार्क का निर्माण एवं अन्य सौंदर्यीकरण कार्य करवाये जाने प्रस्तावित है। जेडीए द्वारा राजभवन परिसर मे राष्ट्रीय ध्वज का स्तम्भ स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) की अभिकल्पना महान स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वैंकैया ने की थी। इसे 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों से भारत की स्वतंत्रता के कुछ ही दिन पूर्व 22 जुलाई, 1947 को आयोजित भारतीय संविधान-सभा की बैठक में अपनाया।

# देय राहत राशि के लंबित प्रकरणों का हो शीघ्र निस्तारणः मुख्य सचिव

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर



मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने अधिकारियों को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत देय राहत राशि के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। आर्य सोमवार को शासन सचिवालय में संभागीय आयुक्त, रेंज आईजी, पुलिस कमिश्नर, जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षकों की वीसी के माध्यम से बैठक ले रहे थे। आर्य ने बैठक में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यो की जिले वार प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने बजट घोषणा की पालना में 5 हजार डेयरी बूथ खोलने की योजना के संबंध में अधिकारियों को शीघ्र लक्ष्य तक पहुंचने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टरों को पंचायत समिति स्तरीय नंदी शालाओं की स्थापना के निर्देश दिए ताकि आवारा पशुओं के कारण खेती बर्बादी के साथ-साथ दुर्घटनाएं, जनधन एवं गौवंश की भी हानि नही हों। उन्होंने जिला कलेक्टरों को निर्देश दिये की ऐसे पोर्टल या एप का निर्माण करें जिनसे योग्य उपभोक्ताओं को उसका वास्तविक लाभ मिल सके। बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों पर गैर अनुसूचित जाति और जनजाति के व्यक्तियों द्वारा अत्याचार करने पर पीड़ित को 47 प्रकार के प्रकरणों में अधिकतम 8.25 लाख रूपये तक की राहत राशि प्रदान किये जाने का प्रावधान है। वर्चुअल बैठक में खाद्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री नवीन जैन, पशुपालन विभाग की प्रमुख शासन सचिव आरुषी मलिक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव श्री समित शर्मा, जल जीवन मिशन के मिशन निदेशक प्रकाश राजपुरोहित, सभी जिलों के संभागीय आयुक्तों एंव जिला कलेक्टर्स ने विडीयो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग लिया।

# संक्षिप्त समाचार

## 92 परिंदों ने भरी आजादी की उड़ान



**जयपुर।** रक्षा संसथान, वन विभाग राजस्थान, वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान मे 26 जनवरी को रिपब्लिक दिवस के मौके पर 92 कबूतरों को आज़ाद (रिलीज़) किया गया। यह सभी कबूतर मकर सक्रांति के समय ग्लास-कोटेड मन्झे से घायल हुए थे। सुबह से आज तीन जगहों पर कबूतर को रिलीज किया गया । रिलीज प्रोग्राम का पहला पक्षियों का बैच प प्रेमी एवम मानक चौक थाने के एसएचओ सुरेंद्र यादव ने जलेबी चौक से किया। जलेबी चौक से करीब 41 कबूतर स्वतंत्र उड़ाए । इसके बाद अल्बर्ट हॉल पर करीब 20कबूतर रिलीज किए व मालविय नगर चुग्गा घर पर करीब 31 कबूतर रिलीज किए। डॉ अशोक तंवर, डॉ स्टीफन हर्ष, डॉ राकेश मिश्रा, डॉ उष्मा पटेल , डॉ चेतन पातोंद, डॉ मयंक बरदे, डॉ यश भाते, डॉ भूपेश व 20 अन्य वेटेरिनरी डॉक्टर्स की टीम द्वारा करीब 600 पक्षियों का इलाज किया गया। अब तक 160 पक्षियों को स्वछंद उड़ाया गया जिसमे 1 मोरनी, 7 बार्न ऑल, 1 इंडियन स्कोप्स ओऊल, 1 शॉर्ट इयर्ड ऑल, 2 स्पॉटेड ओलेट, 1स्पैरो हॉक,1शिकरा, 2एशियन कोयल, 3टोटे, 5टीथेरी, 5चील, 3कमेड़ी है।

## आदर्श नगर जॉन की बड़ी कार्रवाई



**जयपुर।** अवैध निर्माण सहित पांच स्थानों पर की गई सीज की कार्रवा जयपुर ,24 जनवरी। नगर निगम हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर एवं आयुक्त अवधेश मीना के निर्देशों पर आदर्श नगर जोन के उपायुक्त राम किशोर मीणा ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण ध्वस्त का किया तथा पांच स्थानों पर सीज की कार्रवाई की गई । मीणा ने बताया कि वन विहार कॉलोनी ईदगाह सरकारी जमीन पर किए गए अवैध निर्माण जेसीबी चलाकर ध्वस्त किया गया। इसी प्रकार संजय बाजार मिश्रा मार्केट में और है पांच स्थानों पर अवैध निर्माण का सीज की कार्रवाई की गई।

## पशुधन भवन में शासन सचिव ने किया ध्वजारोहण

**जयपुर।** पशुधन भवन में बुधवार को 73वां गणतन्त्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पशुपालन विभाग की शासन सचिव डॉ. आरुषी मलिक ने ध्वजारोहण किया। शासन सचिव डॉ. मलिक ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी-कार्मिक पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। उन्होंने पशुपालकों एवं पशुओं के कल्याण तथा पशुधन उत्पाद में ब ?ोतरी के लिए निरन्तर प्रयास करने का संकल्प दिलाया। डॉ. मलिक ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गोपालन विभाग के निदेशक डॉ. लालसिंह, पशुधन विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. भवानीसिंह राठौड़ एवं पशुपालन विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. आनन्द सेजरा सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य ने किया स्वास्थ्य भवन में झंडारोहण



**जयपुर।** 73वें गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2022 के अवसर पर स्वास्थ्य भवन, निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जयपुर में निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य डॉ.वीरेन्द्र कुमार माथुर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर निदेशक एड्स डॉ. रवि प्रकाश माथुर, निदेशक आरसीएच डॉ. के एल मीना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवम कार्मिक समारोह में शामिल हुए। निदेशालय स्तर पर चिकित्सा क्षेत्र में राज्यस्तर जिला स्तर एवं ग्रामीण स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## फरवरी के शुरुआती हफ्ते में खोले जा सकते हैं स्कूल

**जयपुर।** कोरोना संक्रमण के कारण प्रदेश में 30 जनवरी तक शहरी इलाकों में स्कूल बंद हैं। इधर, प्रदेश में लगातार कोरोना के केस और मौतों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। ऐसे में 31 जनवरी के बाद स्कूलों के खुलने की उम्मीद कम नजर आ रही है। 14 फरवरी के बाद कोरोना केस कम हुए तो स्कूल खुलने की संभावना बन सकती है। हालांकि शिक्षा विभाग ने स्कूल खोलने या नहीं खोलने को लेकर राज्य सरकार को किसी तरह का प्रस्ताव फिलहाल नहीं भेजा है, लेकिन ऐसी पूरी संभावना है कि स्कूल खोलने का निर्णय लेने में समय लगेगा। इस बीच, परीक्षाओं को लेकर भी संशय बना हुआ है। दरअसल, स्कूल खोलने या बंद रखने का फैसला, शिक्षा विभाग के बजाय हेल्थ डिपार्टमेंट करेगा।

# प्रदेश सरकार बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पितः ममता भूपेश

## *बालिका दिवस पर आईएपी द्वारा तैयार पोस्टर का विमोचन*

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर



बालिका दिवस के उपलक्ष्य में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडिएट्रिकस (आईएपी) द्वारा किये गये पोस्टर का विमोचन महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने अपने अवास पर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है। हमारी सरकार ने भ्रूण हत्या और उनकी मृत्यु दर पर काफी हद तक रोक लगाई है। लिंग अनुपात भी कम किया है। इस दौरान उन्होंने बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित सभी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की और सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कार्यक्रम में आईएपी जयपुर के अध्यक्ष डा. ए ए पठान, सचिव डा. सूर्या सेठी, राजस्थान एन एन एफ के अध्यक्ष डा. धनंजय मंगल, एडोलसेंट हेल्थ एकेडमी के अध्यक्ष डॉ. अशोक गुप्ता, डॉ तरुण पटनी पूर्व अध्यक्ष, डॉ राजकुमार गोयल कोषाध्यक्ष , सीआईएपी राजस्थान के एग्जिक्यूटिव बोर्ड के सदस्य डॉ. अनुराग तोमर, आईएपी महिला विंग की अध्यक्ष डा. मधु रतूडी, आईएपी महिला विंग की सचिव डा. स्वाती घाटे सहित अनेक चिकित्सक, महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सीआईएपी राजस्थान के एग्जिक्यूटिव बोर्ड के सदस्य डा. अनुराग तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सक बालिकाओं के शारीरिक और मानसिक विकास में पूरा योगदान दे रहे हैं। उनकी मृत्यु दर कम करने और उनके शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य रखने में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। एडोलसेंट हेल्थ एकेडमी के अध्यक्ष डा. अशोक गुप्ता ने प्र्रदेश सरकार के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने बालिकाओं के सर्वांगीण विकास और उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की हैं

# सरकार ने निकाली बंपर भर्तियां

**जयपुर।** सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। 5 महीने में 15 विभागों में लगभग 70 हजार से ज्यादा पदों पर भर्तियां की जाएंगी। इसमें अब तक बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (क्कस्स्न) में 2786, आर्मी वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी में 8700, कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 1120, राजस्थान सरकार में 32,000 शिक्षक, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन में 190, सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स में 647, नवोदय विद्यालय समिति में 1925, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में 570, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड में 1092, रक्षा मंत्रालय में 41, बैंक ऑफ बड़ौदा में 163, डीआरडीओ में 150 और एपीआरओ के 76 पदों पर भर्ती निकाली गई है।

# संविधान की रक्षा एवं लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संकल्प लेंः मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि गणतंत्र दिवस के इस पावन पर्व पर हम संकल्प लें कि देश के संविधान की रक्षा एवं लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि आज देश में तनाव एवं अविश्वास के माहौल को देखते हुए हमें गांधी जी के बताए सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। गहलोत बुधवार को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में बड़ी चौपड़ पर झण्डारोहण के बाद सम्बोधित कर रहे थे। श्री गहलोत ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज के दिन हम उन ज्ञात-अज्ञात सेनानियों को याद करें, जिन्होंने इस मुल्क को आजाद कराने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। गांधी जी की रहनुमाई में पण्डित जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद, बाल गंगाधर तिलक एवं गोपाल कृष्ण गौखले सहित कई महापुरूषों ने आजादी की इस लड़ाई में अमूल्य योगदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने हमें एक मजबूत संविधान दिया है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करते हुए लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि आज देश में तनाव एवं अविश्वास का माहौल है। यहां सैकड़ों धर्म, जातियों एवं वर्गों के लोग रहते हैं। इन सभी को साथ लेकर अनेकता में एकता वाले इस मुल्क को एक व अखण्ड रखना है। गहलोत ने कहा कि आजादी के बाद हमारे देश ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उद्योग एवं कृषि सहित हर क्षेत्र में तरक्की की है, लेकिन 70 सालों की उन उपलब्धियों को आज नकारने के प्रयास हो रहे हैं। हमें लोकतंत्र में विश्वास रखते हुए ऐसी ताकतों को कामयाब नहीं होने देना है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पंजाब के मुख्यमंत्री बेअंत सिंह ने शहादत देकर भी देश को तोड़ने वाली ताकतों को कामयाब नहीं होने दिया। आज हमें इसी भावना के साथ लोकतंत्र के समक्ष मौजूद चुनौतियों का सामना करते हुए आगे बढ़ना है।

गहलोत ने कहा कि विश्वव्यापी कोरोना महामारी के लम्बे दौर का राज्य सरकार ने हर वर्ग को साथ लेकर सफलतापूर्वक सामना किया है। हमारे कुशल प्रबंधन की देश और दुनिया में तारीफ हुई है।

# हरियाणा ने विभिन्न क्षेत्रों में की अभूतपूर्व उन्नतिः गृहमंत्री

## 73वें गणतंत्र दिवस समारोह में गृह मंत्री अनिल विज ने फहराया तिरंगा

### गृहमंत्री ने ली परेड की सलामी, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

73वां गणतंत्र दिवस स्थानीय एनडीआरआई के मैदान में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस समारोह में प्रदेश के गृह मंत्री अनिल विज ने मुख्यतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली।

परेड में सम्मिलित हरियाणा पुलिस, महिला पुलिस, गृहरक्षी व एनसीसी आर्मी विंग, एनसीसी एयर विंग तथा भारत स्काऊट्स व गाईडस की टुकड़ियों ने भाग लेकर शानदार मार्चपास्ट किया। इससे पूर्व मुख्यतिथि ने शहीदी स्मारक पर जाकर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली सभी 6 टीमों को गृह मंत्री ने 51-51 हजार रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। गृह मंत्री अनिल विज ने गणतंत्र दिवस समारोह के मौके पर



ध्वजारोहरण करते गृहमंत्री अनिल विज, शहीदों को श्रद्धाजंलि देते हुए हुए गृहमंत्री।

जिलावासियों के नाम अपने संदेश में कहा कि 26 जनवरी 1950 में भारतीय संविधान लागू हुआ था। संविधान की बदौलत छोटे-बड़े, अमीर-गरीब सभी को न्याय, स्वतंत्रता और समानता का अधिकार मिला। इसके लिए उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर सहित, संविधान सभा के तमाम सदस्यों को नमन किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के साथ हमारे देशभक्तों के त्याग और बलिदान की एक लंबी गौरवगाथा जुड़ी हुई है। देश को आजादी दिलाने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद और उधम सिंह जैसे अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने लम्बा संघर्ष किया। आजादी की लड़ाई में हरियाणा के वीरों का अहम योगदान रहा है।

गणतंत्र दिवस समारोह में इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, भाजपा के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेदपाल, मेयर रेनू बाला गुप्ता, जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, महामंत्री राजबीर शर्मा व सुनील गोयल, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र, एडीजीपी लॉ एण्ड ऑर्डर एएस चावला, आईजी हाईवे एण्ड ट्रैफिक डा. राजश्री सिंह, उपायुक्त निशांत कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया, नगर निगम आयुक्त डा. मनोज, अतिरिक्त उपायुक्त योगेश कुमार, एसीयूटी प्रदीप सिंह, एसडीएम गौरव कुमार, एमडी शुगरमिल अदिति, नगराधीश मयंक भारद्वाज, आचार्य स्वामी सम्पूर्णानंद सरस्वती गुरूकुल नलीखुर्द, पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता, पूर्व विधायक स. बख्शीश सिंह विर्क, नगर पार्षद, भाजपा कार्यकर्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**ये टुकड़ियां हुई सम्मानितः** गणतंत्र दिवस परेड में हरियाणा पुलिस की प्लाटून ने पहला स्थान हासिल किया जिसका नेतृत्व एसआई अंकित कुमार ने किया। एनसीसी आर्मी विंग ब्वॉयज की प्लाटून द्वितीय स्थान पर रही तथा इसका नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर सावन कुमार ने किया। इसी प्रकार हरियाणा महिला पुलिस की प्लाटून ने तीसरा स्थान हासिल किया जिसका नेतृत्व एसआई नेहा ने किया।



परेड की सलामी लेते शिक्षा मंत्री कंवरपाल।

# गणतंत्र दिवस से जुड़ी है देशभक्तों के बलिदान की गौरव गाथा: कंवरपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**जिले** भर में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। जिला प्रशासन द्वारा नई अनाज मंडी थानेसर के प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय भव्य गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्यातिथि पहुंचे हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को संदेश देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस के साथ देशभक्तों के त्याग, तप और बलिदान की एक लम्बी गौरव गाथा जुड़ी है। इस देश के वीरों, स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों के बलिदान के कारण ही आज सभी भारतवासी खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने मुख्य कार्यक्रम स्थल नई अनाज मंडी थानेसर के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इसी दौरान प्रशासन की तरफ से हवा में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए। कार्यक्रम के मंच का संचालन डीआईपीआरओ डा. नरेन्द्र सिंह व एआईपीआरओ बलराम शर्मा ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### नवयुग स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस



तिरंगे को सलामी देते प्रधानाचार्य बीडी गाबा व अन्य।

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 73वां गणतंत्र दिवस बड़ी सादगी से मनाया गया। प्रधानाचार्य बीडी गाबा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित अध्यापकों ने भी तिरंगे को सलामी दी। गणतंत्र दिवस को मनाने के लिए सभी गतिविधियां आनलाइन करवाई गई। प्री-नर्सरी से द्वितीय कक्षा के नन्हे मुन्नों ने कलरिंग एक्टिविटी में तिरंगे में रंग भरकर इस राष्ट्रीय पर्व को मनाया। प्रधानाचार्य ने गणतंत्र दिवस का महत्व समझाते हुए कहा कि आज के बच्चे भावी भारत के कर्णधार हैं वे कठिन परिश्रम करें ताकि बदलते परिवेश के अनुसार राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकें।

### गणतंत्र दिवस पर प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



ध्वजारोहण करते प्राचार्य डा. आरएस घुम्मन व अन्य

**कुरुक्षेत्र।** सतलुज सीनियर सकैंडरी स्कूल शाहाबाद में 73वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्राचार्य डा. आरएस घुम्मन ने अपने भाषण के माध्यम से गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व के बारे में बताया व सभी को गणतन्त्र दिवस की बधाई दी और सभी को देश भक्ति के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने देश भक्ति पर गीत तथा कविता प्रस्तुत की। मोहिन्द्र कुमार तथा मीरा रानी ने गीत प्रस्तुत किया, वंशिका गोयल ने डांस प्रस्तुत किया। मंच का संचालन साहिल रहेजा ने किया। उन्होंने गणतंत्र दिवस पर अपनी कविता भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में सभी को मिठाई वितरित की गई। इस अवसर पर स्कूल उपप्राचार्य विरेन्द्र सिंह, प्रबंधक मनोज भसीन, जगजीत सिंह, संजीव कुमार व स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### आंगनवाड़ी वर्कर्स ने धरना स्थल पर ही मनाया गणतन्त्र दिवस



**भिवानी।** आंगनबाडी कर्मियों ने 50वें दिन हड़ताल करके जिला उपायुक्त कार्यालय के सामने ही गणतंत्र दिवस मनाया व घंटाघर चौक तक प्रदर्शन करते शहीद मदनलाल ढिगडा व नेकी राम शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। आज के हड़ताल व धरने की अध्यक्षता ईश्वर देवी व सचांलन प्रिया शर्मा ने किया। संविधान की प्रस्तावना पर सीआइटीयू के रतन जिन्दल व एचजीवीएस के सचिव नन्द किशोर ने जानकारी देते हुए संविधान की महत्वता की जरुरत पर प्रकाश डाला। राज्य कमेटी के फैसले अनुसार झंडा फहराया व महा पुरुषों स्वतंत्रता सैनानियों पर पुष्प अर्पित किया व घंटा घर तक प्रदर्शन किया। मदनलाल धींगडा व नेकीराम शर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। ईशवर देवी, सुदेश, रीटा, बबली व अन्य आगंनबाडी नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार ने 24 जनवरी को मीडिया में वर्करों व हैल्परों के बारे अलग-अलग राज्यों के मानदेय के आंकड़े रखकर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश है, जोकि सत्य नहीं है। सरकार ने दावा किया है कि हरियाणा में वर्कर व हेल्पर को मानदेय देने के मामले में दूसरे नंबर पर है। हम तथ्यों के आधार पर बताना चाहते हैं कि हरियाणा दूसरे पर नहीं 5वें नंबर पर है। दो साल से प्रत्येक वर्कर के हिसाब से 8000 रुपये केन्द्र सरकार से राज्य सरकार मोबाईल खरीदने के लिए लेकर बैठी है। यह राशि 20 करोड़ 8 लाख रुपये बनती है। सरकार मोबाईल नहीं दे रही और वर्करों से आनलाइन काम का दबाव बना रही है। सरकार को इस बारे जवाब देना चाहिए।

# संविधान बिना गणतंत्र की कल्पना अधूरी: प्रो. समर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**महाराणा** प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल के प्रांगण में 73 वां पावन पर्व गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। समारोह में एमएचयू कुलपति प्रो. समर सिंह मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय ध्वज पहराया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया।

समारोह में यूनिवर्सिटी के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो.समर सिंह ने कहा कि विश्व



की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है, भारत की बहुरंगी विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान हैं। उन्होंने कहा कि जब देश को 26 जनवरी को संविधान मिला, इसके बाद भारत लोकतांत्रिक और गणतंत्र देश घोषित हुआ।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश उन्नति के पथ पर: जेपी दलाल

### कृषि मंत्री जेपी दलाल ने जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में फहराया तिरंगा

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

भीम खेल परिसर में 73वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रदेश के कृषि एवं पशु पालन मंत्री जेपी दलाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि दलाल ने राष्ट्रगान की धुन के साथ राष्ट्रीय ध्वज



फहराया और परेड की सलामी ली। उन्होंने मार्च पास्ट का निरीक्षण किया। भीम खेल परिसर में पहुंचने से पहले कृषि मंत्री दलाल ने नेहरू पार्क स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर देश की आजादी में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों को नमन किया।

भीम खेल परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह को संबोधित करते हुए दलाल ने कहा कि वर्ष 1950 में आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान के कारण हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला। आज हम गणतंत्र दिवस के अवसर पर बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के तमाम सदस्यों को नमन करते हैं। दलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले लगभग पौने आठ साल के कार्यकाल में कई ऐसे निर्णय लिए, जिससे न केवल भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदला, बल्कि एक शक्तिशाली देश के रूप में हमारी पहचान बनी।

चारों ओर नया सर्कुलर रिंग रोड का निर्माण करवाया जा रहा है। जिला में सड़क परियोजनाओं पर करीब एक हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि खर्च की जाएगी। कृषि मंत्री ने कर्मठ एवं निष्ठावान अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया।

# हरियाणा के दमखम का गवाह बना राजपथ

## गणतंत्र दिवस समारोह में दिखी हरियाणा की झांकी

### झांकी में ओलंपिक की झलक, मौजूद रहे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**73वें** गणतंत्र दिवस के अवसर पर बुधवार को नई दिल्ली का राजपथ खेल के क्षेत्र में देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर में अपनी पहचान कायम कर खेलों का 'पॉवर हाउस' बन चुके हरियाणा के दम खम का गवाह बना।

गणतंत्र दिवस समारोह-2022 में हरियाणा राज्य की झांकी खेल के क्षेत्र में भारत के गौरव का प्रदर्शन करती दिखाई दी। हरियाणा-खेलों में नंबर वन की थीम पर तैयार इस झांकी की सबसे बड़ी खासियत यह थी कि इसमें योगेश्वर दत्त, बजरंग पुनिया, कुमारी रानी रामपाल और सुमित अंतिल सहित कई अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की मौजूदगी रही।

### हरियाणा की झांकी में यह था खास

दो हिस्सों में बनी हरियाणा की झांकी के अगले हिस्से में घोड़े व भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के प्रतीक शंख थे। घोड़ों से जुता रथ महाभारत युद्ध के 'विजय रथ' का प्रतीक है। यहां रखा शंख भगवान श्रीकृष्ण के शंख का प्रतीक है। झांकी के दूसरे हिस्से को चार भागों में बांटा गया था। इसके पहले भाग में ओलंपिक की तर्ज पर बने अखाड़े में दो पहलवान खिलाड़ी कुश्ती का प्रदर्शन कर रहे थे।

### आजादी के अमृत महोत्सव में तैयार हो रहा अगले ढाई दशक का विजन

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा है कि पूरे देश में जश्न के साथ 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाया जा रहा है। इस वर्ष देश में स्वतंत्रता सेनानियों को विशेष सम्मान देने के साथ-साथ आगामी 25 सालों के लिए एक विजन व रूपरेखा भी बनाई जा रही है ताकि 2047 में आजादी के सौ वर्ष पूरे होने पर भारत पूरी दुनिया को नेतृत्व प्रदान करे।

### असली गणतंत्र अंतिम व्यक्ति का उदयः मनोहर लाल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गणतंत्र दिवस के पावन अवसर अपनी महान सांस्कृतिक परंपराओं और नैतिक मूल्यों पर चलते हुए राष्ट्र और हरियाणा को स्वच्छ, स्वस्थ और खुशहाल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने 2024 तक हर हाथ को काम देकर प्रदेश को बेरोजगारी मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

# हिंदी हैं हम वतन हैं, हिंदुस्तान हमारा, हमारा : मौलाना

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**मदनी** मदरसा कैथल में 73वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें शहर के मुस्लिम समाज से जुड़े गुणमाण्य लोग, बच्चे व अन्य धर्मों से जुड़े लोगों ने भाग लिया। गणतंत्र दिवस के मौके पर बच्चों ने मदनी मदरसा को बहुत सुंदर तरीके से सजाया हुआ था। वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मौलाना मोहम्मद सईदूर रहमान ने संविधान और उसमें लिखित बातों को विस्तृत रूप से समझाया।

उन्होंने कहा कि किसी भी समाज को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा बहुत



मरदसे में ध्वजारोहण करते हुए मौलाना।

जरूरी है और मुस्लिम समाज को शिक्षा की तरफ समय के अनुसार ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। हम अपने देश के वीरों शहीदों के त्याग को कभी नहीं भुला सकते।

# श्रीराधा कृष्ण गोशाला में मनाया गणतंत्र दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

श्रीराधा कृष्ण गोशाला में पूर्व आईएएस गिरीश अरोड़ा एवं तहसीलदार राज बक्श एवं सम्मानित सदस्यों मिलकर ने 73 वें गणतंत्र दिवस समारोह के मौके पर ध्वजारोहण किया गया। प्रधान कृष्ण लाल तनेजा द्वारा गोशाला में आये हुए सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया। प्रधान कृष्ण लाल द्वारा तिरंगे के बैच और पटका डाल कर सम्मानित किया गया। गोशाला के गो सेवकों द्वारा देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किये गए। सभी सदस्यों ने गोऊ माता को चारा और गुड़ खिलाया और सभी गो सेवकों और सम्मानित सदस्यों को मिठाई वितरित की गई।

मौके पर तहसीलदार राज बक्श, संरक्षक शशि पाल मेहता ,संचालक कैलाश गुप्ता, अजीत सिंह चावला, चेयरमैन महेश भाटिया, प्रधान कृष्ण लाल तनेजा, विनोद खेत्रपाल, महासचिव हरमीत सिंह हैप्पी, प्रवीण गुप्ता, कुलदीप मक्कड़, विनीत भाटिया, जंग बहादुर आदि उपस्थित रहे।

प्रेरणा

पायनियर हरियाणा हमेशा सच के साथ



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

रिश्तों की बुनावट कुछ इस तरह हो जाए तो बेहतर है,
नफरत की दरारें प्रेम के रस से भर जाएं तो बेहतर है,
एक ही शहर में बेगाने बन कर रहे तो क्या रहे,
कोई मुझे पुकारे और तुम चले आओ तो बेहतर है।

# हरियाणा में फ्लिपकार्ट का विक्रेता आधार 3 साल में दोगुना बढ़कर 25,000 हुआ

### परिणामस्वरूप राज्य में स्थानीय स्तर पर पैदा हुए 69,000 से अधिक नौकरियों के नए अवसर

**पायनियर समाचार सेवा।** झज्जर

**भारत** का स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट लाखों ग्राहकों को स्थानीय विक्रेताओं से जोड़कर दोनों पक्षों की जरूरतों को पूरा करने के लिहाज से काफी सक्रिय है। परिणामस्वरूप, राज्य में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सामने आए हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान, हरियाणा में फ्लिपकार्ट का विक्रेता आधार लगभग दोगुना बढ़कर 25,000 तक जा पहुंचा है जो कि देशभर में फ्लिपकार्ट का छठा सबसे बड़ा विक्रेता आधार है।

फ्लिपकार्ट ने हरियाणा में बिनोला, बिलासपुर, लुहारी, बल्लभगढ़ तथा फर्रुखनगर जैसे प्रमुख स्थानों पर अपना अत्याधुनिक सप्लाई चेन नेटवर्क स्थापित किया है। जो इन विक्रेताओं को देशभर में ग्राहकों तक पहुंचने के साथ-साथ राज्य में भी विकास के अवसरों को



उपलब्ध करा रहा है। फिलहाल, राज्य में फ्लिपकार्ट की 12 से अधिक सप्लाई चेन सुविधाएं कार्यरत हैं जिनमें फुलफिलमेंट और सॉर्टेशन सेंटर्स तथा करीब 108 डिलीवरी हब्स शामिल हैं, और इनके मार्फत हरियाणा में नौकरियों के लगभग 69,000 प्रत्यक्ष और परोक्ष अवसर सामने आए हैं।

हेमंत बदरी, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एवं हैड, ईकार्ट ने कहा, स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस होने के नाते, हम राज्य के आर्थिक विकास में योगदान के लिए प्रतिबद्ध हैं और यहां विक्रेताओं को अपने देशव्यापी ग्राहक आधार से जोड़ रहे हैं, जिसके चलते राज्य में हजारों युवाओं के लिए रोजगार और अपनी दक्षताओं को बढ़ाने के अवसर भी पैदा हुए हैं। हरियाणा देश के उन राज्यों में से एक है जहां हमने बड़े एप्लायंसेज, नॉन लार्ज (मोबाइल, एपैरल सहित), ग्रॉसरी और फर्नीचर के अलावा अन्य कई उत्पाद श्रेणियों के लिए विशिष्ट सुविधाओं पर भारी निवेश किए हैं, जिससे संबंधित क्षेत्रों के लिए भी नए अवसर सामने आए हैं।

फ्लिपकार्ट को विक्रेताओं, किराना, ग्राहकों, भागीदारों और समुदायों समेत अपने सभी हितधारकों के साथ मिलकर उनके लिए मूल्यसृजन करने पर गर्व है। हम टैक्नोलॉजी मदद से कारोबार को बढ़ावा देते हुए हरियाणा के साथ अपने दीर्घकालिक संबंधों को और मजबूत बनाने पर प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं।

# सफारी इंडिया के साथ मिलेगा जंगल की अद्भुत यात्रा पर जाने का मौका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जी जेस्ट** पर अपनी तरह के पहले शो सफारी इंडिया पर अभिनेता रणविजय सिंह के साथ भारत के कुछ प्रमुख राष्ट्रीय उद्यानों की साहसिक, मनोरंजक और रोमांचकारी यात्रा का आनंद मिलेगा। सफारी इंडिया की आठ-भाग वाली टैम्पोल श्रृंखला के माध्यम से भारत के सात प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों की यात्रा करने और इन उद्यानों में काम करने वाले लोगों को जानने का मौका मिलेगा। सफारी इंडिया में मेजबान रणविजय के साथ जंगल में रहने वाले जन-जीवों का पता लगाकर, घने उष्णकटिबंधीय जंगलों में ट्रैकिंग कर और खतरनाक नदियों को पार कर जंगल के अनछुए पहलुओं को छूने का प्रयास होगा।

सफारी इंडिया के माध्यम से सात राष्ट्रीय उद्यानों नैनीताल के लोकप्रिय जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान, असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, अरुणाचल प्रदेश में पक्के टाइगर रिजर्व, राजस्थान में रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान, गुजरात में गिर राष्ट्रीय उद्यान, गोवा में नेत्रावली वन्यजीव अभयारण्य और कर्नाटक में दुबारे हाथी शिविर को जानने का मौका मिलेगा।

इन राष्ट्रीय उद्यानों से गुजरते हुए मेजबान रणविजय कई वन संरक्षकों और इन उद्यानों के कर्मचारियों से बातचीत करेंगे, उनके विभिन्न वन्यजीव संरक्षण विधियों के बारे में जानेंगे। वह आधुनिक तकनीक के उपयोग के बारे में भी जानेंगे, पुनर्वास केंद्रों व पशु कानून जानने के साथ साथ इन संरक्षण पार्कों में और भी बहुत कुछ करते हुए दिखाई देंगे।

सफारी इंडिया से अपने अनुभव को साझा करते हुए, होस्ट रणविजय सिंह कहते हैं, सफारी इंडिया मेरे लिए इस साल का सबसे साहसिक और रोमांचकारी अनुभव था। यह अद्भुत और जीवन का अनुभव प्रदान करने वाली श्रृंखला रही। मैंने कई वन संरक्षकों के साथ बातचीत की और हमारे वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में जाना।

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13(2) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अतः आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13(4) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **विक्रम सिंह,** श्रीमती सुदेश, इन्द्र सिंह जमानतदार : रमेश चन्द खाता सं. LNPPT00518-190095450 | 22 जनवरी 2022 ₹ 695601/- 11 जनवरी 2022 | सम्पत्ति स्थित खेवट नं. 228 (पुरानी जमाबन्दी के अनुसार 249/228), खतोनी नं. 228 (पुरानी जमाबन्दी के अनुसार 271), खसरा नं. 144 (0-8), गांव तोडी खेडी पर स्थित, तह. सफीदोन, जिला जिन्द, हरियाणा **क्षेत्रफल 120 वर्ग गज** |

स्थान : जयपुर दिनांक 28.01.2022 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# युवाओं से पकोड़े बिकवाने की अपनी संकीर्ण सोच बदले भाजपा: मायावती

### ट्वीट में कहा, सरकार की गलत नीतियों के कारण गरीबी और बेरोजगारी हैं चरम पर

एजेंसी। लखनऊ

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) और रेलवे की आरआरबी-एनटीपीसी परीक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश और बिहार में छात्रों के हंगामे पर चिंता जाहिर करते हुए बृहस्पतिवार को



कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को युवाओं से पकौड़े बिकवाने की अपनी संकीर्ण सोच बदलनी चाहिए।

मायावती ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, पहले यूपीटीईटी और अब रेलवे के आरआरबी-एनटीपीसी परीक्षा परिणाम को लेकर उत्तर प्रदेश और बिहार में कई दिनों से भारी हंगामा जारी है। यह सरकारों की विफलताओं का ही प्रमाण है। गरीब युवाओं व बेरोजगार नौजवानों के भविष्य के साथ ऐसे खिलवाड़ और विरोध करने पर उनकी पिटाई सर्वथा अनुचित है।

उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, सरकार की गलत नीतियों के कारण गरीबी और बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है। सरकारी नौकरी व उनमें आरक्षण की सुविधा गौण हो गई है। ऐसे में वर्षों से छोटी सरकारी नौकरियों के लिए परीक्षा भी सही से नहीं होना अन्यायपूर्ण है। भाजपा युवाओं से पकौड़ा बिकवाने की अपनी संकीर्ण सोच बदले। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज और बिहार की राजधानी पटना में रेलवे की एनटीपीसी भर्ती परीक्षा के परिणाम में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने काफी हंगामा किया था। प्रयागराज में मंगलवार को छात्र रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए और ट्रेनों को रोकने की कोशिश की थी। उसके बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो में पुलिसकर्मी एक अतिथि गृह में घुसकर छात्रों की बुरी तरह पिटाई करते हुए देखे गए थे। इस मामले में कई पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है।

उधर, पटना में भी आरआरबी-एनटीपीसी परीक्षा में धांधली का आरोप लगाकर अभ्यर्थियों ने ट्रेन की एक बोगी में आग लगा दी और राजेंद्र नगर टर्मिनल के सामने एक मालगाड़ी को रोक दिया।

## फ्रांस के साथ भारत के सामरिक संबंध प्रगाढ़ बनें: मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने देश के 73वें गणतंत्र दिवस पर शुभकामनाओं के लिए बृहस्पतिवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों का आभार जताया। कहा कि वह फ्रांस के साथ भारत के सामरिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने को उत्सुक हैं। एक खुले व शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए संयुक्त रूप से काम करने को तत्पर हैं।मैक्रों ने 26 जनवरी को भारत के 73वें गणतंत्र दिवस के मौके पर देशवासियों को बधाई देते हुए हिंदी में ट्वीट किया, हमारी हिंद-प्रशांत महत्वाकांक्षा और साझा परियोजनाएं जारी हैं और जारी रहेंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रेंच भाषा में ट्वीट कर शुभकामनाओं के लिए मैक्रों का आभार जताया। उन्होंने कहा, शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद मेरे मित्र इमैनुअल मैक्रों। हमारी विशिष्ट और बहुआयामी सामरिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने के लिए मैं उत्सुक हूं। साथ ही एक खुले और शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए मैं आपके साथ मिलकर काम करना चाहूंगा। भारत-फ्रांस दोस्ती अमर रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बजट सत्र की रणनीति को बैठक करेंगे कांग्रेस के नेता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संसद के बजट सत्र में पार्टी की रणनीति तय करने के लिए शुक्रवार को बैठक करेंगे। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में पार्टी के संसदीय रणनीति समूह की डिजिटल बैठक होगी। इस समूह में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, वरिष्ठ नेता एके एंटनी, केसी वेणुगोपाल, आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, के. सुरेश, जयराम रमेश, मणिकम टैगोर और रवनीत सिंह बिट्टू शामिल हैं। बजट सत्र में पार्टी की रणनीति तय करने के लिए यह बैठक बुलाई गई है। संसद के बजट सत्र का पहला चरण 31 जनवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ आरंभ होगा। एक फरवरी को बजट पेश होगा।

### भाजपा, कांग्रेस ने शुरू किए रूठों को मनाने के प्रयास

**देहरादून।** उत्तराखंड में 14 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने से उठ रहे बागी सुरों के बीच अपना खेल बिगड़ने की आशंका से डरी कांग्रेस और भाजपा, दोनों प्रमुख राजनीतिक पार्टियों ने अपने रूठे नेताओं को मनाना शुरू कर दिया है। कांग्रेस महासचिव और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की रामनगर सीट से उम्मीदवारी को नामांकन भरने से ऐन पहले बदलकर पार्टी ने बगावत थामने का प्रयास किया है। प्रदेश पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष रणजीत रावत के बागी तेवरों को देखते हुए कांग्रेस ने रावत को अब लालकुआं से प्रत्याशी बनाया है। हरीश रावत को टिकट देकर कांग्रेस ने लालकुआं में भी असंतुष्टों को मना लिया। पूर्व घोषित प्रत्याशी संध्या डालाकोटी के विरोध में कांग्रेस से इस्तीफे की धमकी दे रहे क्षेत्र के पूर्व विधायक और प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह पार्टी के लिए काम करेंगे।दुर्गापाल ने बातचीत में कहा, मैं कांग्रेस का समर्पित कार्यकर्ता हूं और अब हम सब मिलकर हरीश रावत को विजई बनाने के लिए काम करेंगे। हालांकि, हरीश रावत की सीट बदलकर रणजीत रावत को मनाने में सफल रही कांग्रेस ने उन्हें भी रामनगर से टिकट नहीं दिया और उन्हें उनकी पुरानी सीट सल्ट से ही चुनावी मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने असंतुष्ट नेताओं को मनाने के लिए दो अन्य सीटों पर भी उम्मीदवार बदल दिए जिसमें डोइवाला से मोहित उनियाल की जगह गौरव चौधरी और ज्वालापुर से बरखा रानी की जगह रवि बहादुर शामिल हैं। बगावत पर उतारू नेताओं को मनाने के लिए भाजपा ने भी अपने प्रयास तेज कर दिए है। अपनी जगह कैलाश शर्मा को प्रत्याशी बनाए जाने से आक्रोशित अल्मोडा के मौजूदा भाजपा विधायक और राज्य विधानसभा में उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान के बगावती सुर भी पार्टी नेताओं से बातचीत के बाद नरम पड़े हैं।

### उत्तराखंड के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष भाजपा में शामिल

**देहरादून।** उत्तराखंड में 14 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक बड़ा झटका देते हुए पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मंत्री किशोर उपाध्याय बृहस्पतिवार को राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में उपाध्याय ने पार्टी का दामन थामा।भाजपा ने अभी तक टिहरी सीट पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है और इस बात की चर्चा जोरों पर है कि उन्हें टिहरी से चुनावी समर में उतारा जा सकता है। उपाध्याय पूर्व में दो बार टिहरी से विधायक रह चुके हैं जबकि नारायण दत्त तिवारी के नेतृत्व में बनी प्रदेश की पहली निर्वाचित सरकार में वह उद्योग राज्य मंत्री थे। किशोर वर्ष 2014 से 2017 तक उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे। उन्होंने वर्ष 2002 और 2007 में टिहरी सीट से जीत दर्ज की थी। हांलांकि, 2012 में अगला चुनाव वह निर्दलीय प्रत्याशी दिनेश धनै से मात्र 377 मतों से हार गए थे।

### अयोध्या में सपा प्रत्याशी की बेटी को जबरदस्त प्रतिक्रिया

**अयोध्या।** सात वर्षीय एक बच्ची को बेशक अभी वोट डालने का अधिकार नहीं हैं, लेकिन वह उत्तर प्रदेश के अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में अपने पिता और समाजवादी पार्टी (सपा) उम्मीदवार पवन पांडे के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए जी जान से जुटी हुई है। पांडे अयोध्या विधानसभा सीट से सपा के उम्मीदवार हैं। उन्होंने 2012 में पहली बार अयोध्या सीट से सपा का परचम लहराया था। उसके बाद 2017 के चुनाव में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा था। पवन पांडे की सात वर्षीय बेटी गौरी पांडे को सियासत अभी भले ही खास समझ ना आती हो, लेकिन वह अपने पिता को इस सीट पर जीत दर्ज कराने के लिए जी जान से जुटी है। अपनी ऑनलाइन कक्षाओं के लिए घर लौटने से पहले हर सुबह बच्ची अपने पिता के साथ घर-घर जाकर प्रचार करती है। गौरी की मां अत्ति पांडे ने बताया, उनकी बेटी सुबह छह बजे खुद ही उठ जाती है। आधे घंटे में तैयार होकर लोगों का दरवाजा खटखटा उनसे अपने पिता के लिए वोट रूपी आशीर्वाद मांगती है। उन्होंने बताया, वोट अपील करने के बाद वह सुबह 9:30 बजे ऑनलाइन कक्षाओं में शामिल होती है। यह कोविड-19 महामारी की वजह से काफी मुश्किल वक्त है लेकिन वह हममें से किसी की नहीं सुनती और घर-घर जाकर अपने पिता के लिए प्रचार करती है। गौरी लोगों के घर जाकर कहती है, अंकल, मेरे पापा को वोट दीजिएगा। अखिलेश यादव जी मुख्यमंत्री बनेंगे तो सब काम होगा। अत्ति ने बताया कि एक छोटी सी बच्ची की यह अपील लोगों का ध्यान बरबस ही अपनी ओर खींच लेती है। उन्होंने बताया कि कड़ाके की सर्दी में सुबह-सुबह दरवाजा खटखटाने पर कई बार लोग गुस्से में द्वार खोलते हैं लेकिन सामने एक छोटी सी बच्ची को देखकर उनकी प्रतिक्रिया एकदम बदल जाती है।

## गोरखपुर के लोग योगी को हराने का इतिहास दोहराएंगे: चंद्रशेखर आजाद

### कहा, यूपी में 1971 में तत्कालीन मुख्यमंत्री टीएन सिंह को गोरखपुर के लोगों ने हराया था

एजेंसी। नई दिल्ली

**गोरखपुर** में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरे आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कहा है कि इस बार गोरखपुर के लोग 1971 के उस इतिहास को दोहराएंगे। जब एक मुख्यमंत्री को विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।

अपनी जीत की उम्मीद जताते हुए आजाद ने यह भी कहा कि 36 छोटे दलों के गठबंधन सामाजिक परिवर्तन मोर्चा ने उन्हें मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। यह मोर्चा उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने कहा, हमें गोरखपुर के इतिहास को देखने की जरूत है... 1971 में तत्कालीन मुख्यमंत्री टीएन सिंह को



गोरखपुर के लोगों ने हराया था। इसी तरह, इस बार आदित्यनाथ मुख्यमंत्री हैं और वह उत्तर प्रदेश एवं गोरखपुर की पिछले पांच साल में हुई तबाही के लिए जिम्मेदार हैं। समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन की बातचीत सफल नहीं होने के बाद आजाद ने छोटे दलों का गठबंधन बनाया है। उनका कहना है, मैं सपा के साथ गठबंधन करना चाहता था ताकि भाजपा को रोका जा सके। जब उन्होंने हमारा हिस्सा देना नहीं चाहा तो हमने इनकार कर दिया।

उन्होंने वोट काटने के आरोपों से इनकार करते हुए कहा, मैं यह कहता हूं कि सपा अपना काम कर रही है और हम अपना काम कर रहे हैं। मुझे सपा से कोई दिक्कत नहीं है। आजाद ने कहा, 2012 में लोगों ने सपा की सरकार बनाई।

## आजाद को पद्म सम्मान देने का फैसला गुण-दोष पर नहीं, राजनीति पर आधारित : वीरप्पा मोइली

**बेंगलुरु।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली ने बृहस्पतिवार को कहा कि गुलाम नबी आजाद को पद्म भूषण देने का नरेंद्र मोदी सरकार का फैसला राजनीति पर आधारित है, न कि गुण-दोष पर आधारित। उन्होंने कहा कि यदि जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री समझते हैं कि इससे कांग्रेस पार्टी के हितों को नुकसान होगा तो उन्हें यह सम्मान स्वीकार नहीं करना चाहिए।

मोइली ने कहा, नरेंद्र मोदी ने एक राजनीतिक फैसला किया है। उन्होंने राजनीतिक तौर पर एक निर्णय लिया है, न कि गुण-दोष या किसी अन्य आधार पर। अब उन्हें (आजाद को इस सम्मान को ग्रहण करने या न करने के बारे में) फैसला करना है। उन्होंने कहा कि इसे स्वीकार करने से पहले आजाद को सोचना चाहिए कि क्या ऐसा करना पार्टी हित में है या नहीं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री मोइली कांग्रेस के उन 23 नेताओं शामिल हैं जिन्होंने 2020 में पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी को पत्र लिखकर अंदरूनी सुधार की मांग की थी। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आजाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं।

## उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष किशोर उपाध्याय भाजपा में शामिल

### प्रभारी और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण की

एजेंसी। देहरादून

**उत्तराखंड** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष किशोर उपाध्याय बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। कुछ ही समय पहले कांग्रेस ने उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था।

भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में उपाध्याय ने यहां पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा ने अभी तक टिहरी विधानसभा सीट पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है और अटकलें लगाई जा रही हैं कि सत्तारूढ़ पार्टी उपाध्याय को टिहरी से चुनावी समर में उतार सकती है। इससे पहले कांग्रेस के उत्तराखंड प्रभारी देवेंद्र यादव ने ट्वीट



कर जानकारी दी थी कि उत्तराखंड इकाई के पूर्व अध्यक्ष किशोर उपाध्याय को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में बृहस्पतिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। हाल ही में उपाध्याय को कांग्रेस के सभी पदों से हटा दिया गया था।

उपाध्याय कुछ सप्ताह पहले तक उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के लिए बनी कांग्रेस समन्वय समिति के प्रमुख की भूमिका निभा रहे थे और वह राज्य कांग्रेस कोर कमेटी तथा उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य थे। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के लिए राज्य की सभी 70 सीटों पर 14 फरवरी को मतदान होगा। मतगणना 10 मार्च को होगी।

### किशोर उपाध्याय को छह साल के लिए निष्कासित किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अपनी उत्तराखंड इकाई के पूर्व अध्यक्ष किशोर उपाध्याय को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में बृहस्पतिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। पार्टी के उत्तराखंड प्रभारी देवेंद्र यादव ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। हाल ही में उपाध्याय को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया गया था। उपाध्याय कुछ सप्ताह पहले तक उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के लिए बनी कांग्रेस समन्वय समिति के प्रमुख की भूमिका निभा रहे थे और वह राज्य कांग्रेस कोर कमेटी तथा उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य थे। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के लिए राज्य की सभी 70 सीटों पर 14 फरवरी को मतदान होगा। मतगणना 10 मार्च को होगी।

चुनाव के लिए राज्य की सभी 70 सीटों पर 14 फरवरी को मतदान होगा। मतगणना 10 मार्च को होगी।

## सपा विधायक शरदवीर, पूर्व मंत्री ओझा और पूर्व सांसद सचान भाजपा में आए

एजेंसी। नई दिल्ली

**समाजवादी** पार्टी (सपा) के विधायक शरदवीर सिंह, कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद राकेश सचान और सपा नेता व पूर्व मंत्री शिवकांत ओझा ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। केंद्रीय मंत्री व उत्तर प्रदेश के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और उत्तर प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेई की उपस्थिति में तीनों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में तीनों नेताओं का स्वागत करते हुए प्रधान ने दावा किया कि इससे पार्टी



की स्थिति और मजबूत होगी। शरदवीर सिंह उत्तर प्रदेश की जलालाबाद विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक हैं। इस बार सपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया। अलबत्ता उन्होंने हाल ही में पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। जलालाबाद सीट से समाजवादी पार्टी ने नीरज मौर्य कुशवाहा को टिकट दिया है। सचान कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई में महासचिव थे।

उत्तर प्रदेश की फतेहपुर लोकसभा सीट से सांसद रहे सचान ने 2019 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी छोड़ कांग्रेस का हाथ थाम लिया था।

## यूक्रेन संकट से किसी भी तरह निपटने को तैयार है अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को रूस से कहा कि उनका देश यूक्रेन संकट से निपटने के लिए किसी भी तरह से तैयार है। रूस में अमेरिका के राजदूत जॉन सुलिवन के मॉस्को में रूस की सरकार को कुछ दस्तावेज सौंपने के तुरंत बाद विदेश मंत्रालय के फोगी बॉटम मुख्यालय में ब्लिंकन ने पत्रकारों से कहा, सब बता दिया गया है, इससे एक गंभीर कूटनीतिक रास्ता खुलता है...रूस को इसे चुनना चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा, हमारे द्वारा दिए गए दस्तावेजों में अमेरिका, हमारे सहयोगियों तथा भागीदारों की रूस के उन कदमों को लेकर चिंताएं शामिल हैं, जिनसे सुरक्षा कमजोर होती है।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने एक ग्रामीण की हत्या की

एजेंसी। रायपुर

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में नक्सलियों ने मुखबिर होने के शक में एक ग्रामीण की हत्या कर दी है। सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि जिले के कोंटा थाना क्षेत्र के तहत बंडा और बतेर गांव के मध्य नक्सलियों ने मंडावी देवा की हत्या कर दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की जानकारी मिली है कि बुधवार शाम देवा अन्य ग्रामीणों के साथ मछली पकड़ने गया था और जब वह वापस लौट रहा था तब हथियारबंद नक्सलियों के एक समूह ने उसे घेर लिया और उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने कुछ समय पहले देवा के पिता और भाई की भी हत्या कर दी थी।

उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने देवा की हत्या मुखबिर होने के शक में की है। उन्होंने बताया कि पुलिस को जब घटना की जानकारी मिली तब घटनास्थल के लिए पुलिस दल रवाना किया गया और शव को बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और नक्सलियों की तलाश की जा रही है।

## लता मंगेशकर की हालत में सुधार अभी आईसीयू में ही रहेंगी

एजेंसी। मुंबई

**विख्यात** गायिका लता मंगेशकर की हालत में सुधार हो रहा है लेकिन अब भी वह आईसीयू में हैं। उनके परिवार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मंगेशकर (92) की जांच में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई थी जिसके बाद उन्हें आठ जनवरी को दक्षिण मुंबई स्थित ब्रीच कैंडी अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती किया गया था। उनके परिवार की ओर से साझा की गई ताजा जानकारी के अनुसार, मंगेशकर की हालत में सुधार देखा जा रहा है लेकिन उन्हें आईसीयू में रखा जाएगा।

परिवार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, डॉक्टर के अनुसार लता दीदी का मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल के आईसीयू में उपचार जारी रहेगा। आज सुबह उनकी चिकित्सकीय वायु नली हटाकर (एक्सटूबेशन) देखा गया।

## कर्नाटक सरकार अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों पर नकेल कसेगी: गृहमंत्री

### अरागा ज्ञानेंद्र ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों से देश की आंतरिक सुरक्षा को खतरा जताया

एजेंसी। बेंगलुरू

**कर्नाटक** सरकार ने राज्य में काम कर रहे अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों पर नकेल कसने की योजना बनाई है। गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों से देश की आंतरिक सुरक्षा को खतरा होने को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे अवैध प्रवासियों का पता



लगाने के लिए पुलिस द्वारा एक सर्वेक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस को राज्य के कुछ हिस्सों में, खासकर कोडागु और चिक्कामंगलुरु जिलों में उनके कॉफी बागानों में मजदूरों के रूप में काम करने की जानकारी मिली है। ज्ञानेंद्र ने दिए एक साक्षात्कार में कहा, उनका पता लगाने और पकड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेशी प्रवासी भारत में घुसने के बाद असम और पश्चिम बंगाल में राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड भी बनवा लेते हैं।

### कर्नाटक पुलिस केन्द्रीय एजेंसियों के सम्पर्क में

मंत्री ने कहा, हम अपने साइबर प्रकोष्ठ के 60 पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए गुजरात भेज रहे हैं। मादक पदार्थों के खतरे को लेकर ज्ञानेंद्र ने कहा कि कर्नाटक पुलिस केन्द्रीय एजेंसियों के सम्पर्क में है और ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय को मजबूत किया जा रहा है।उन्होंने विधानसभा द्वारा पारित किए धर्मांतरण रोधी विधेयक पर कहा कि सरकार का इरादा अध्यादेश लाने का है, लेकिन साथ ही सरकार आगामी बजट सत्र में इसे उच्च सदन में पारित कराने पर भी विचार कर रही है। विधेयक अभी विधान परिषद में पारित नहीं हो पाया है, जहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के पास बहुमत नहीं है।

### पूर्व उपराष्ट्रपति अंसारी और अमेरिकी सांसदों ने

## भारत में मानवाधिकारों की स्थिति पर चिंता जताई

एजेंसी। वाशिंगटन

**पूर्व** उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी और अमेरिका के चार सांसदों ने भारत में मानवाधिकारों की मौजूदा स्थिति पर बुधवार को चिंता व्यक्त की। इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल द्वारा डिजिटल तरीके से आयोजित पैनल चर्चा को अंसारी और अमेरिका के कई सांसदों ने संबोधित किया। भारत हालांकि देश में नागरिक स्वतंत्रता खत्म होने को लेकर विदेशी सरकारों और मानवाधिकार संगठनों के आरोपों का खंडन करता रहा है।

डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद एड मार्के ने कहा, एक ऐसा माहौल बना है, जहां भेदभाव और हिंसा जड़ पकड़ सकती है। हाल के वर्षों में हमने ऑनलाइन नफरत भरे भाषणों और नफरती कृत्यों में वृद्धि देखी है। इनमें मस्जिदों में तोड़फोड़, गिरजाघरों को जलाना और सांप्रदायिक हिंसा भी शामिल है। मार्के का भारत विरोधी रुख अपनाने का इतिहास रहा है, उन्होंने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाले शासन के दौरान भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते का भी विरोध किया था। भारत से डिजिटल तरीके से इस चर्चा में भाग लेते हुए पूर्व उपराष्ट्रपति अंसारी ने भी हिंदू राष्ट्रवाद की बढ़ती प्रवृत्ति पर



### सांसद एड मार्के ने कहा, ऐसे माहौल में भेदभाव और हिंसा पकड़ सकती है जड़

अपनी चिंता व्यक्त की। अंसारी ने आरोप लगाया, हाल के वर्षों में हमने उन प्रवृत्तियों और प्रथाओं के उद्भव का अनुभव किया है, जो नागरिक राष्ट्रवाद के सुस्थापित सिद्धांत को लेकर विवाद खड़ा करती हैं।

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की एक नई एवं काल्पनिक प्रवृति को बढ़ावा देती हैं। वह नागरिकों को उनके धर्म के आधार पर अलग करना चाहती हैं, असहिष्णुता को हवा देती हैं और अशांति एवं असुरक्षा को बढ़ावा देती हैं। चर्चा में तीन सांसदों जिम मैकगवर्न, एंडी लेविन और जेमी रस्किन ने भी हिस्सा लिया।

### ट्विटर के जवाब पर कांग्रेस ने कहा

## सोशल मीडिया मंचों के बारे में राहुल गांधी के रुख की पुष्टि हुई

### कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा, राहुल गांधी के इस रुख की पुष्टि हुई

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने बृहस्पतिवार को कहा कि राहुल गांधी के एक पत्र पर ट्विटर के जवाब से उसके पूर्व अध्यक्ष के इस रुख की पुष्टि हुई है कि लोकतंत्र और सोशल मीडिया मंचों का सरकार द्वारा दमन नहीं किया जा सकता। पार्टी का बयान उस वक्त आया है जब ट्विटर ने कहा है कि वह अपने मंच पर स्वस्थ बहस और भारत को लेकर प्रतिबद्ध है।

राहुल ने गांधी ने गत 27 दिसंबर को ट्विटर को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि भारत में स्वतंत्र और निष्पक्ष अभिव्यक्ति पर अंकुश लगाने में उसकी अनभिज्ञ संलिप्तता है और अपने ट्विटर अकाउंट के फॉलोवर को घटाने को लेकर चिंता जताई थी। बहरहाल, ट्विटर ने कहा कि राहुल गांधी के अकाउंट के फॉलोवर की संख्या सार्थक और उचित है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने



कहा कि राहुल गांधी के इस रुख की पुष्टि हुई है कि लोकतंत्र और सोशल मीडिया मंचों का सरकार द्वारा दमन नहीं किया जा सकता तथा यहां स्वस्थ्य बहस और चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा, बहुलता, बहु-सांस्कृतिकवाद, खुली बहस, सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों की आलोचना तथा सोशल मीडिया का उपयोग बहस एवं चर्चा के लिए होना, यह राहुल गांधी का रुख रहा है।

उनके इस रुख की पुष्टि हुई है। राहुल गांधी ने ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल को लिखे पत्र में कहा था, मैं आपको एक अरब से अधिक भारतीय नागरिकों की ओर से पत्र लिख रहा हूं कि ट्विटर को भारत के विचार को नष्ट करने में मोहरा नहीं बनने दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा था, मैं आपका ध्यान इस ओर खींचना चाहता हूं कि मुझे ऐसा लगता है कि भारत में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष अभिव्यक्ति पर अंकुश लगाने में ट्विटर की अनभिज्ञ संलिप्तता है।

इसके जवाब में ट्विटर की उपाध्यक्ष (वैश्विक लोक नीति) साइनेड मैकस्वीनी ने कहा, ट्विटर भारत को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करेगा कि सार्वजनिक संवाद स्वस्थ हो, लोगों को बेहतर ढंग से सूचना मिले और संवाद में सुरक्षित और सहज रूप से शामिल हों। ट्विटर ने इस बात का भी उल्लेख किया कि वह राजनीतिक सामाग्रियों को मनमाने ढंग से सेंसर नहीं करता तथा राजनीतिक बहस एवं खुले विमर्श के स्तर को ऊंचा करना उसकी सेवाओं का आधार और बुनियादी मूल्य हैं।

ट्विटर की पदाधिकारी ने यह भी कहा, हम आपको भरोसा दिलाते हैं कि ट्विटर अपनी भूमिका को बहुत ही गंभीरता के साथ सेवा प्रदान करने वाले मंच के तौर पर देखता है तथा हम भारत को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

# ग्रेनो में डोर टू डोर वोट मांगने पहुंचे गृहमंत्री

## कहा, उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव तय करेगा भविष्य



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यूपी चुनाव के प्रचार के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को ग्रेटर नोएडा पहुंचे। ग्रेटर नोएडा के शारदा विश्वविद्यालय में प्रभावी मतदाता संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कल किसी ने मुझसे पूछा कि हर बार कैप्टन को ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रभारी क्यों बनाते हैं तो मैंने बोला कि वो हमारे लिए शुभ हैं। मेरे सामने जो सूची रखी है उसमें 293 में 278 लोग यहां आये हैं। इसमें जिले के सभी मतदाताओं को यहां बुलाया गया है। उनके सामने 2022 के चुनाव के लिए आज मैं आपको बीजेपी के लिए बात करने आया हूं। तीनों में मुझे उत्तर प्रदेश में काम करने का मौका मिला। 2017 में मैंने 300 पार का नारा दिया था किसी ने पूछा था कैसे आएगी, तो मैंने कहा कि आपने कागज में देखा है हमने जमीन में देखा है। उत्तर प्रदेश में मोदी जी को बहुत प्यार मिला है। उत्तर प्रदेश बदल रहा है। उत्तरप्रदेश में युवा बढ़ रहा है, उद्योग आ रहे हैं। सुरक्षा अच्छी हुई है। 20 साल के बसपा-सपा के शासन ने उत्तर प्रदेश को गड्ढे में डाल दिया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने प्रदेश में सिर्फ जाति को आगे बढ़ाया। 5 साल बीजेपी की सरकार चली अखिलेश बाबा भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा सकते। यहां आए लोगों का काम समाज को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि ये चुनाव उत्तर प्रदेश के भविष्य तय करने का चुनाव है। 20 साल माफियावाद चलता था। वर्ग विशेष का हुआ तो उसका कहना ही क्या। आज आजम खान, मुख्तार सभी जेल में हैं। योगी ने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था ठीक कर दी। सपा के पास लाल, नीली लाइट दोनों हैं। इसी कड़ी में देश के गृह मंत्री अमित शाह दोपहर गौतमबुद्धनगर जिले के तुगलपुर में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान में अपने प्रत्याशी के लिए वोट मांगे।

### बसपा-सपा के 20 वर्ष के शासन ने प्रदेश को गड्ढे में डाला

### अमित शाह के सामने डॉ महेश शर्मा के खिलाफ नारेबाजी

नोएडा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को दादरी से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और मौजूदा विधायक मास्टर तेजपाल सिंह नागर के लिए घर-घर जाकर वोट मांग रहे थे। इसी बीच तुगलपुर गांव में बड़ा विवाद पैदा हो गया है। गृहमंत्री के सामने गुर्जर समाज के लोगों ने गौतमबुद्धनगर के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इतना ही नहीं भाजपा किसान मोर्चा के पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष तेजा गुर्जर ने डॉ महेश शर्मा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि डॉ महेश शर्मा ने हमारे बुजुर्गों का अपमान करवाया है। इस घटना से कुल मिलाकर एक बार फिर दादरी क्षेत्र में विवाद पैदा हो गया है। इसी वजह से लोग सांसद के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। तुगलपुर गांव से जब गृहमंत्री अमित शाह गुजर रहे थे तो भीड़ ने नारेबाजी करनी शुरू कर दी। गुर्जर समाज से ताल्लुक रखने वाले युवाओं ने स्थानीय सांसद डॉ महेश शर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# पहली बार भारत ने दुनिया को अपनी शक्ति का अहसास कराया : राजनाथ सिंह

## पाकिस्तान की नापाक हरकत का जवाब घर में घुसकर दिया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज यहां कहा कि हमारी सरकार भारत का नए रूप निर्माण करना चाहती है। ऐसा भारत जिसमें जाति, धर्म और मजहब के नाम पर नहीं बल्कि इंसाफ और इंसानियत तथा हिन्दुस्तान और हिंदुस्तानियत की झलक दिखाई दे। राजनाथ सिंह मोदीनगर में भाजपा प्रत्याशी मंजू शिवाच के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जात-पात, धर्म मजहब और तुष्टिकरण के नाम पर पूर्व की सरकार देश को कमजोर कर चुकी हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के कार्यकाल में भारत शक्तिशाली बनकर पहली बार अपनी ताकत का पूरी दुनिया को अहसास करा चुका है। उन्होंने कहा कि अब देश कमजोर नहीं है, बल्कि एक शक्तिशाली भारत है। पाकिस्तान ने उरू व पुलवामा कांड कराया तो भारत ने तगड़ी कार्रवाई करके पाक को बता दिया कि भारत सीमा के अंदर भी उसे धूल चटा सकता है, यदि जरूरत पड़ी तो पाकिस्तान के अंदर घुसकर भी उसकी नापाक हरकतों का जवाब दे सकता है।

रक्षामंत्री ने कहा नरेंद्र मोदी जैसा संवेदनशील प्रधानमंत्री आज तक देश को नहीं मिला। उन्होंने तीन कृषि कानून बनाकर देश के किसानों से सहमति बनाने की कोशिश की। सहमति नहीं बनी तो कानून वापस ले लिया। उसे अपने सम्मान की बात नहीं माना।

# कार से 21.23 लाख की बेनामी रकम बरामद

नोएडा। उत्तर प्रदेश में आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन कराने तथा चुनाव में धन, शराब का दुरुपयोग रोकने के लिए बनाई गई एसएसटी (स्थानीय निगरानी समिति) तथा पुलिस ने एक कार से 21.23 लाख रुपये से अधिक की बेनामी रकम बरामद की। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

गौतमबुद्धनगर पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता का अनुपालन कराने के लिए, पुलिस तथा एसएसटी टीम लगातार जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि बुधवार रात जांच के दौरान टीम ने थाना सेक्टर 58 क्षेत्र में एक कार को जांच के लिए रोका। कार से पुलिस ने 21.23 लाख रुपये की बेनामी रकम बरामद की।

# कांग्रेस ने प्रदेश में निभाई मजबूत विपक्ष की भूमिका : पायलट

## पार्टी प्रत्याशी के लिए वोट मांगने गाजियाबाद आए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने योगी सरकार पर बोला हमला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पूर्व केंद्रीय मंत्री व राजस्थान राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने गुरुवार को भाजपा के साथ सपा, बसपा को भी घेरते हुए कमजोर विपक्ष बताया। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई वर्ष के दौरान प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने ही मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि उत्तर-प्रदेश की योगी सरकार ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल के दौरान मध्यमवर्ग, गरीब, किसानों व दलितों का जमकर उत्पीड़न किया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी सुशांत गोयल के लिए गुरुवार को डोर टू डोर जनसम्पर्क कर वोट मांगे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने समाज के सभी वर्गों का जमकर उत्पीड़न किया है। इस सरकार के कारनामों से जनता परेशान है और उसने इस बार उत्तर प्रदेश में बदलाव का मन बना लिया है। आने वाले विधानसभा चुनाव में चौंकाने वाले परिणाम आएंगे।



# संक्षिप्त समाचार

### एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में शख्स की मौत

नोएडा। नोएडा एक्सप्रेसवे पर हुए सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक्सप्रेसवे थाना के प्रभारी यतेंद्र कुमार यादव ने बताया कि बुधवार रात को रामप्रकाश (34) मोटरसाइकिल से नोएडा एक्सप्रेसवे से होकर जा रहे थे। एडवांट बिल्डिंग के पास एक अज्ञात वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। यादव ने बताया कि घटना में रामप्रकाश को गंभीर चोट आई। उपचार के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### पैन कार्ड अपडेट करने के नाम पर खाते से निकाला 90 हजार

नोएडा। सेक्टर 20 क्षेत्र के सेक्टर 16 स्थित फिल्म सिटी में काम करने वाले एक व्यक्ति के पैन कार्ड को अपडेट करने के नाम पर अज्ञात साइबर ठगों ने उसके खाते से 90 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर 16 ए स्थित फिल्म सिटी में काम करने वाले देवेदास चौहान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके पैन कार्ड को अपडेट करने के नाम पर उनसे संपर्क किया। सिंह ने बताया कि चौहान का आरोप है कि उस व्यक्ति ने उनके खाते की अहम जानकारी हासिल कर खाते से 90 हजार रुपए निकाल लिए। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कार में लिफ्ट देने के बाद लूटपाट, मामला दर्ज

नोएडा। शहर के परी चौक से कार में लिफ्ट देकर अज्ञात बदमाशों ने तीन युवकों से नकदी, मोबाइल फोन और अन्य सामान लूट लिया। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। थाना बीटा-2 के प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि गोविंद राजपूत ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने दो अन्य साथियों के साथ एटा जा रहे थे। फिरोजाबाद जाने के लिए राजपूत ने परी चौक से एक कार में लिफ्ट मांगा। कार में कुछ अन्य बदमाश पहले से ही सवार थे। शिकायत के अनुसार कार में सवार बदमाशों ने राजपूत और उनके दो साथियों से पेटीएम के माध्यम से 16 हजार रुपए अपने खाते में स्थानांतरित करवाया तथा उनसे एक-एक हजार की नकदी और मोबाइल फोन लूट लिया। सिंह ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपियों का पता लगा रही है।

### अगवा किशोरी को पुलिस ने किया बरामद, आरोपी फरार

नोएडा। सेक्टर-63 क्षेत्र के एक गांव से अगवा हुई एक किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया है, हालांकि आरोपी फरार है। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी तीन दिसंबर से लापता थी। उन्होंने बताया कि परिजनों ने किशन पाल नामक युवक पर किशोरी को अगवा करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बृहस्पतिवार को अगवा किशोरी को छीजारसी गांव के पास एक बस स्टैंड से बरामद कर लिया। आरोपी फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उससे कई दिनों तक बलात्कार किया। पीड़िता की चिकित्सकीय जांच कराई जा रही है।

# ईंट से कुचलकर महिला की हत्या

## रेप की जांच के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला का शव बरामद हुआ है। हत्यारोपी ने महिला के सिर पर ईंट से वार करके उसको मौत के घाट उतारा है। घटना की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दनकौर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि उनको सूचना प्राप्त हुई थी उनके थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला की हत्या हुई है। महिला के सिर पर ईंट से वार किया गया है, सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। महिला की उम्र 35 से 40 वर्ष के आसपास है। प्राथमिक जांच में लग रहा है कि महिला की हत्या ईंट से कुचलकर की गई है। इसमें दो तथ्य सामने आ रहे हैं, पहला यह है कि महिला की हत्या यहीं पर की गई है और दूसरा है कि महिला की हत्या करने के बाद शव को यहां पर फेंका गया है। प्राथमिक जांच में बलात्कार जैसी वारदात सामने नहीं आ रही है। हालांकि, इसकी पुष्टि करने के लिए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सुधीर कुमार ने बताया कि आसपड़ोस के लोगों से महिला की पहचान करवाने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई भी व्यक्ति महिला को पहचान नहीं पा रहा है।

### हंसराज कॉलेज के छात्रों ने गो केंद्र का किया विरोध

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज के छात्र कॉलेज परिसर में स्थापित एक गौरक्षा एवं शोध केंद्र का विरोध कर रहे हैं। उनका आरोप है कि इस केंद्र की स्थापना महिला छात्रावास के लिए निर्धारित जगह पर की गई है। हालांकि, कॉलेज की प्रिंसिपल रमा शर्मा ने कहा, 'यह गो केंद्र कोई 'गौशाला' नहीं है। इसमें सिर्फ एक गाय रखी गई है, ताकि छात्र गोवंश पर शोध कर सकें।' शर्मा के मुताबिक, आर्किटेक्ट की एक टीम ने संबंधित जमीन के निरीक्षण के बाद बताया था कि यह एक 'सेटबैक एरिया' है। लिहाजा, यहां महिला छात्रावास का निर्माण नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि महिला छात्रावास मेरा 'ड्रीम प्रोजेक्ट' है।

# फैक्ट्री में काम के दौरान महिला की संदिग्ध मौत

### परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर जिले के थाना सेक्टर 58 क्षेत्र में स्थित एक कंपनी में महिला कर्मी की काम के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर फैक्टरी के बाहर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत किया तथा फैक्टरी प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही से मौत का मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस आयुक्त के प्रवक्ता ने बताया कि थाना सेक्टर 58 क्षेत्र में स्थित सुपर हाउस नामक कंपनी में कार्यरत मीरा देवी को मंगलवार को काम के दौरान खून की उल्टी हुई। उन्होंने बताया कि गंभीर हालत में मीरा को उपचार के लिए दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। प्रवक्ता ने बताया कि महिला के परिजन बुधवार को उसके शव को लेकर कंपनी पहुंचे, तथा वहां पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियों ने उन्हें समझा-बुझाकर घर भेजा। उनकी शिकायत पर फैक्टरी प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और पुलिस जांच कर रही है।

### विवेक कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने परेड में भाग

नई दिल्ली। विवेक कॉलेज ऑफ कॉमर्स, गोरेगांव, मुंबई के लिए 26 जनवरी 2022 का दिन ऐतिहासिक रहा। विवेक कॉलेज ऑफ कॉमर्स मुंबई टीम ने महाराष्ट्र प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 26 जनवरी 2022 के दिन नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड समारोह में वंदे भारतम सांस्कृतिक नृत्य उत्सव में हिस्सा लिया।

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, अनेकों कैबिनेट मंत्रियों के साथ-साथ वहां पर उपस्थित हजारों गणमान्य लोगों ने वंदे भारतम नृत्य प्रस्तुति की सराहना की तथा देश-विदेश के करोड़ों लोगों ने दूरदर्शन के माध्यम से इस सांस्कृतिक प्रस्तुति का सजीव प्रसारण देखा। विवेक कॉलेज की टीम संस्कृति और रक्षा मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 75वें अमृत महोत्सव के राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया था और महाराष्ट्र प्रदेश से विजयी होने के पश्चात नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम वंदे भारतम में सम्मिलित होने का गौरव प्राप्त किया।

# दिल्ली के सरकारी स्कूलों के 20,000 क्लास रूम में लगेंगे स्मार्ट बोर्ड

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सरकारी स्कूलों के छात्र भी अब अत्याधुनिक स्मार्ट बोर्ड से पढ़ाई करेंगे। दिल्ली सरकार हर बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराने के मकसद से सरकारी स्कूलों में बनाए गए 20 हजार से अधिक क्लास रूम में स्मार्ट बोर्ड लगाने की योजना बना रही है। इसकी शुरुआत बृहस्पतिवार को शंकराचार्य मार्ग स्थित शहीद अमीर चंद सर्वोदय विद्यालय से की की है। इस स्कूल के 16 क्लास रूम में स्मार्ट बोर्ड लगाकर उन्हें स्मार्ट क्लास रूम में तब्दील किया गया है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने इस स्कूल का दौरा कर इसका जायजा लिया और स्मार्ट बोर्ड की कार्य प्रणाली को समझा।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि यह सभी स्मार्ट बोर्ड अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं, जो न केवल टीचिंग-लर्निंग प्रक्रिया को रोचक व आनंदमय बनायेंगे, बल्कि बच्चों को बेहतर ढंग से सीखने में मदद भी करेंगे।

साथ ही हैंड्स-ऑन लर्निंग को बढ़ावा देंगे। इसके माध्यम से टेक्नोलॉजी के इंटीग्रेशन के साथ-साथ बच्चों की सभी ऑनलाइन लर्निंग रिसोर्स तक पहुंच होगी। कुछ क्लास रूम में रिकॉर्डिंग के लिए आधुनिक कैमरा भी लगाए जाएंगे। ताकि क्लास की लाइव रिकॉर्डिंग की जा सके। पिछले कुछ सालों में सरकारी स्कूलों में 20 हजार से ज्यादा नए कमरों का निर्माण किया गया है।



# दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान ले गए चोर

### अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर 39 क्षेत्र में स्थित दो दुकानों का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने लाखों रुपए की कीमत का सामान चोरी कर लिया। वहीं, थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के निठारी गांव में स्थित एक दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि छलेरा गांव में हार्डवेयर की दुकान चलाने वाले संदीप चौहान ने बुधवार रात को थाना सेक्टर 39 में रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान का ताला तोड़कर वहां रखे लाखों रुपए की कीमत के पीतल के नल, ताले व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिए।

थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के ही खजूर कॉलोनी में मोबाइल फोन की दुकान चलाने वाले महावीर पुत्र राधेश्याम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान का ताला तोड़कर वहां रखे कीमती मोबाइल फोन तथा नकदी आदि चोरी कर लिए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि एक अन्य मामले में थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के निठारी गांव में रहने वाले अमित कुमार ने थाना सेक्टर 20 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 10 हजार रुपए की नकदी, लैपटॉप, मॉनिटर, प्रिंटर आदि चोरी कर लिया है। उन्होंने बताया कि सभी मामलों में घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। वहीं, पुलिस ने बुधवार रात को गश्त के दौरान तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। इनके पास से पुलिस ने एक दुकान से चोरी किया हुआ सामान बरामद किया है। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार रात को गश्त पर निकली पुलिस ने एक सूचना के आधार पर संजर आलम, कासिम तथा सुनील नामक तीन चोरों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने दो देसी तमंचा, कारतूस, निठारी गांव में रहने वाले एक व्यक्ति की दुकान का ताला तोड़कर चोरी किया हुआ प्रिंटर, कैमरा, टी-शर्ट, लैमिनेशन मशीन, सहित भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया है।

# राजधानी में 75 जगहों पर लहराया 115 फुट तिरंगा

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तिमारपुर क्रॉसिंग, रिंग रोड पर रिमोट दबाकर ध्वजारोहण किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव में दिल्ली में 115 फुट ऊंचे और 75 तिरंगा गुरुवार को लहराने के साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की शान बढ़ा रहा है। इसी कड़ी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र में 115 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया। तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर के पास आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को चिह्नित करने के लिए दिल्ली में इतने ऊंचे ध्वज-स्तंभों पर 75 तिरंगे लगाए गए हैं। केजरीवाल ने कहा कि यह देश के लिए गर्व की बात है कि हमारी आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में आज दिल्ली में 115 फीट ऊंचे ध्वज-स्तंभों पर 75 तिरंगे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य ऐसे 500 तिरंगे लगाने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे बताया गया है कि किसी भी शहर में इतनी ऊंचे स्तंभों पर इतनी संख्या में तिरंगे (राष्ट्रीय ध्वज) नहीं लगाए गए हैं। हम पता लगाएंगे कि क्या इसे 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' में दर्ज किया जा सकता है। ऊंचे ध्वज-स्तंभों पर ये तिरंगे सार्वजनिक स्थानों जैसे पार्क, बड़े स्कूल भवनों, बाजार परिसरों, आवासीय परिसरों, मैदानों, सड़क के चौराहों आदि पर लगाए जा रहे हैं।

इनमें से कुछ ध्वज एम्स गोल चक्कर, सिग्नेचर ब्रिज के पास, धौला कुआं एन्क्लेव-2, माल रोड, आउटर रिंग रोड, पीतमपुरा, दिल्ली छावनी, राजीव गांधी स्टेडियम, आजादपुर मेट्रो स्टेशन के पास आदि स्थानों पर लगाए गए हैं। लोक कल्याण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने 15 अगस्त, 2021 तक शहर में पांच स्थानों पूर्वी किदवई नगर, रानी बाग, पूर्वी विनोद नगर, कालकाजी और द्वारका में ऐसे उच्च ध्वज-स्तंभों पर तिरंगे लगाए थे। शहर में अब ऐसे 80 ध्वज-स्तंभों पर तिरंगे लगे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य यह है कि प्रत्येक नागरिक जब काम के लिए बाहर निकले तो दिन में दो से तीन बार राष्ट्रीय ध्वज उन्हें दिखाई दे। केजरीवाल ने कहा कि कई बार, हम अपने दैनिक जीवन में इस हद तक उलझ जाते हैं कि हम अपने देश और समाज को भूल जाते हैं। यह तिरंगा हमें उन लोगों के बारे में याद दिलाएगा, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया। इससे लोगों में देशभक्ति की भावना उत्पन्न होगी।

भारत की आजादी के 75वें वर्ष को मनाने के लिए दिल्ली सरकार के 'देशभक्ति बजट' के तहत लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा इन ऊंचे ध्वज-स्तंभों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाए गए हैं। परियोजना के तहत 500 स्थानों पर ऐसे ऊंचे ध्वज स्तंभों की स्थापना की जाएगी।





### दिल्ली बजट में की थी घोषणा

दिल्ली सरकार ने पिछले साल मार्च में देशभक्ति पर आधारित अपने वार्षिक बजट की घोषणा की थी और उसे देशभक्ति बजट नाम दिया था, 500 स्थानों पर ऊंचे ध्वज-स्तंभों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए 45 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया था। पिछले साल सितंबर में सरकार ने इस परियोजना के लिए बजट को बढ़ाकर 104.37 करोड़ कर दिया था।

# बरौला गांव में युवती ने की खुदकुशी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा।

जनपद के बरौला गांव में एक युवती ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। इसके अलावा, अलग-मामलों में संदिग्ध परिस्थितियों में तीन अन्य लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के बरौला गांव निवासी जूली खातून (25) ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। जूली का परिवार मूल रूप से पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रवक्ता ने बताया कि थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सदरपुर कॉलोनी के निवासी तपेश्वर पंडित (40) और इसी क्षेत्र के 65 वर्षीय एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। थाना सूरजपुर क्षेत्र के 50 वर्षीय व्यक्ति की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा रही है।

**DOC टॉक**




डॉ. सुश्रुत गणपुले
सलाहकार, पल्मोनोजिस्ट
जुपिटर अस्पताल, पुणे


# खतरनाक हो सकता है फेफड़ों में संक्रमण



फेफड़े हमारे शरीर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इसलिए फेफड़ों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक है। कई बार हम उन्हें हल्के में लेने की प्रवृत्ति रखते हैं, हालांकि, शरीर के अन्य हिस्सों की तरह, वे भी समय के साथ बूढ़े हो जाते हैं। वे अपनी ताकत खो देते हैं और कम लचीले हो जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सांस लेने में कठिनाई होती है।

हालांकि हमारा शरीर गंदगी व कीटाणुओं को दूर रखकर फेफड़ों की रक्षा करता है, मगर हम कुछ स्वस्थ आदतों को अपनाकर अपने फेफड़ों का स्वास्थ्य बनाए रख सकते हैं और इनकी बीमारी के जोखिम को कम कर सकते हैं।

**धूम्रपान से दूर रहें** – धूम्रपान न करें और धुम्रपान के धुएं से भी दूर रहें। धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर और सीओपीडी जैसे फेफड़ों के रोगों का एक प्रमुख कारण माना जाता है। इसके अलावा, धूम्रपान छोड़ने में कभी देर नहीं होती क्योंकि व्यक्ति के सिगरेट का बट छोड़ने के बाद फेफड़े लगभग तुरंत ठीक होने लगते हैं। धूम्रपान छोड़ने के दस साल बाद, फेफड़ों के कैंसर होने का जोखिम वर्तमान धूम्रपान करने वालों की तुलना में लगभग आधा हो जाता है।

**प्रदूषकों के संपर्क में आने के जोखिम को नियंत्रित करें** – इनडोर और आउटडोर प्रदूषकों के संपर्क में आने से बचें क्योंकि यह आपके फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है और बुढ़ापे में तेजी ला सकता है। फेफड़े युवा और मजबूत होने पर विषाक्त पदार्थों के खिलाफ आसानी से मजबूत रह सकते हैं, हालांकि, उम्र के साथ, वे क्षति के लिए अधिक संवेदनशील होते हैं और बीमारी के प्रति अधिक संभावित हो जाते हैं। जितना संभव हो सके बाहरी प्रदूषकों के संपर्क को कम करना सबसे अच्छा है :

- वायु प्रदूषण के चरमोत्कर्ष काल में घर से बाहर निकलने से बचें।
- भारी ट्रैफिक के नजदीक व्यायाम करने से बचें।
- काम पर प्रदूषकों के संपर्क में आने पर संभावित सुरक्षा सावधानी बरतें।
- विषाक्त कणों को छानने के लिए जब भी और जहां भी संभव हो मास्क पहनें।

इनडोर वायु प्रदूषण को आऊटडोर से भी बदतर बताया गया है, इनडोर वायु प्रदूषण को कम करने के लिए पर्याप्त कदम उठाएं जैसे :

- धूल, फफूंदी और अन्य प्रदूषकों को दूर रखने के लिए अपने घरों को यथासंभव स्वच्छ रखें।
- घर की सफाई के लिए प्राकृतिक उत्पादों का इस्तेमाल करें। सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क से बचने के लिए अपने घर को धूम्रपान मुक्त रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।
- बायोमास के संपर्क में आने से बचें जो आमतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जाता है। इसकी जगह एलपीजी या प्राकृतिक गैस का प्रयोग करें। जहां भी एक्सपोजर अपरिहार्य हो वहां मास्क का प्रयोग करें।
- घरों के अंदर उचित वेंटिलेशन सुनिश्चित करें।
- सिंथेटिक एयर फ्रेशनर, परफ्यूम और जोस स्टिक (अगरबत्ती) में पाए जाने वाले बेंजीन और फॉर्मलाडेहाइड जैसे रसायनों के संपर्क में आने से बचें।

**नियमित व्यायाम**– व्यायाम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सक्रिय रहने से आपके फेफड़े स्वस्थ रहते हैं और यहां तक कि कुछ दीर्घकालिक फेफड़ों की स्थिति के लक्षणों में भी सुधार होता है।

मजबूत, स्वस्थ फेफड़े बनाने के लिए सप्ताह में पांच दिन कम से कम 30 मिनट के लिए जिम जाना, टहलना या दौड़ना जैसे किसी भी प्रकार का व्यायाम करें। हालांकि, अगर आपको पहले से ही सांस लेने में समस्या है, तो अपने संबंधित स्वास्थ्य देखभाल चिकित्सक से बात करना सुनिश्चित करें। इन मामलों में सांस की तकलीफ को दूर करने के लिए विशेष व्यायाम की आवश्यकता होती है।

**संक्रमण को रोकें**– जैसे–जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, फेफड़ों का कोई भी संक्रमण खतरनाक हो सकता है। यह बुजुर्गों में मौत का एक आम कारण है। फेफड़ों के गंभीर संक्रमण से बचने के लिए कुछ कदम उठाए जा सकते हैं। अपने हाथों को नियमित रूप से साबुन से धोकर साफ रखें और अपने चेहरे को छूने से बचें। भीड़–भाड़ वाली जगहों से बचें, सामाजिक समारोहों में उचित सावधानी बरतें और बीमार लोगों से दूर रहें। बीमार होने पर खूब पानी पीते रहने से आपके फेफड़ों को बेहतर तरीके से काम करने में मदद मिलती है। बुखार, सीने में दर्द और कफ होने की स्थिति में जितनी जल्दी हो सके स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर के पास जाना महत्वपूर्ण है।

**टीका लगवाएं**– 65 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी व्यक्तियों को न्यूमोकोकल वैक्सीन लगवानी चाहिए, जिन लोगों को अन्य सहवर्ती रोग हैं, वे इसे पहले ले सकते हैं। पहले से मौजूद फेफड़ों की समस्या वाले या जटिल फ्लू विकसित होने का उच्च जोखिम वाले प्रत्येक व्यक्ति को हर साल फ्लू शॉट प्राप्त करना चाहिए।

## स्वास्थ्यवर्धक आहार

**मूली:** मूली में कैटेचिन, पाइरोगॉलोल, वैनिलिक एसिड और अन्य फेनोलिक कंपाऊंड्स सहित एंटीऑक्सिडेंट प्रचुर मात्रा में होते हैं। विटामिन सी, जो आपकी कोशिकाओं को नुकसान से बचाने के लिए एक एंटीऑक्सिडेंट के रूप में कार्य करता है, इन जड़ वाली सब्जियों में ज्यादा होता है। मूली में पाए जाने वाले रासायनिक कंपाऊंड्स, जैसे कि ग्लूकोसाइनोलेट और आइसोथियोसाइनेट, रक्त शर्करा के स्तर को प्रबंधित करने में मदद कर सकते हैं। मूली में इंडोल–3–कार्बिनोल और 4–मिथाइलथियो–3–ब्यूटेनाइल–आइसोथियोसाइनेट शामिल हैं, अन्य रसायनों के बीच, जो लीवर को विषाक्तमुक्त और ठीक करने में सहायता करते हैं। यही अणु गुर्दे के माध्यम से विषाक्त पदार्थों को खत्म करने में सहायता करते हैं। मूली में कैल्शियम और पोटैशियम जैसे एंटीऑक्सीडेंट और मिनरल्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। ये पोषक तत्व रक्तचाप को कम करने और हृदय रोगों के जोखिम को कम करने के लिए मिलकर काम करते हैं।



# इन मिथकों को दें मात



**विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, ग्लूकोमा दुनिया में अंधेपन का दूसरा प्रमुख कारण है। डॉ. शेफाली पारिख का कहना है कि इस बीमारी को लेकर कई तरह की भ्रांतियां हैं, जो मरीजों को गलत जानकारी दे सकती हैं**

भारत में, ग्लूकोमा स्थायी अंधेपन का प्रमुख कारण है, जिसमें लगभग 12 मिलियन लोग प्रभावित हैं और लगभग 1.2 मिलियन लोग इस बीमारी से अंधे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, ग्लूकोमा दुनिया में अंधेपन का दूसरा प्रमुख कारण है। ग्लूकोमा हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकता है, लेकिन उम्र के साथ इस बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। ग्लूकोमा ऐसी सामान्य आंख की स्थिति होती है जो आंखों की ऑप्टिक नसों को प्रभावित करती है। ये ऑप्टिक नसें आंख से मस्तिष्क तक सूचना को संसाधित करने हेतु ले जाने के लिए जिम्मेदार होती हैं। इस प्रकार, जब ऑप्टिक तंत्रिका क्षतिग्रस्त हो जाती है, तो इससे दृष्टि हानि होती है, और गंभीर मामलों में, स्थायी दृष्टि हानि होती है। दुर्भाग्य से, इस बीमारी के बारे में बहुत सी भ्रांतियाँ हैं जो रोगियों को गलत जानकारी दे सकती हैं।

**ग्लूकोमा संबंधी पांच सबसे आम भ्रांतियां**

**ग्लूकोमा केवल बुजुर्गों को प्रभावित करता है**

हालांकि यह निश्चित रूप से सच है कि 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में 40 वर्ष की आयु के लोगों की तुलना में ग्लूकोमा विकसित होने की संभावना अधिक होती है, मगर यह 20–50 आयु वर्ग के लोगों के साथ–साथ शिशुओं को भी प्रभावित कर सकता है। उदाहरण के लिए, कुछ शिशुओं को जन्म से ग्लूकोमा हो सकता है (जिसे जन्मजात ग्लूकोमा कहा जाता है), जबकि अन्य बच्चों को अन्य नेत्र रोग होते हैं जो द्वितीयक ग्लूकोमा का कारण बनते हैं।

वयस्कों के लिए भी यही सच है– किसी को आंख की समस्या हो सकती है, उदाहरण के लिए, यूवेइटिस, मधुमेह जिसके परिणामस्वरूप माध्यमिक ग्लूकोमा होता है। अन्य प्रकार के ग्लूकोमा अक्सर 20 से 50 वर्ष की आयु के रोगियों में प्रकट हो सकते हैं जैसे पिगमेंटरी ग्लूकोमा।

**ग्लूकोमा की शुरुआत के दौरान लक्षण नजर आते हैं**

ओपन–एंगल ग्लूकोमा, जो ग्लूकोमा का सबसे आम रूप है, बाद के चरणों तक कोई संकेत या लक्षण प्रदर्शित नहीं करता है जब दृष्टि हानि होती है। भले ही लोग सोच सकते हैं कि आंखों के बढ़ते दबाव में दर्द होता है, लेकिन ऐसा नहीं होता है। इसके अलावा, जैसा कि परिधीय दृष्टि आमतौर पर पहले बहुत धीरे–धीरे कमजोर होती जाती है, कि व्यक्ति किसी भी दृष्टि हानि को तब तक नहीं पहचान सकता जब तक कि दृष्टि महत्वपूर्ण रूप से खराब न हो जाए। ग्लूकोमा का पता लगाने का एकमात्र तरीका है आंखों की व्यापक जांच कराई जाए।

**ग्लूकोमा को रोका नहीं जा सकता**

नियमित और दैनिक आंखों की जांच निश्चित रूप से ग्लूकोमा से संबंधित अंधेपन की रोकथाम में मदद कर सकती है। हालांकि यह सच है कि ग्लूकोमा के कारण हुई दृष्टि हानि को वापस अर्जित नहीं किया जा सकता है, मगर एक नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा नियमित रूप से आंखों की जांच कराने से आंखों के दबाव की माप निश्चित रूप से बीमारी के कारण होने वाले अंधेपन को रोकने में एक लंबा रास्ता तय कर सकती है। ग्लूकोमा विशेषज्ञों के अनुसार, यदि कोई ग्लूकोमा जोखिम संबंधी कारक नहीं हैं, और चालीस साल की शुरुआत होने पर हर दो वर्ष में आंखों की जांच करा लेनी चाहिए, लेकिन यदि कोई उच्च जोखिम है या 65 से अधिक की आयु है, प्रत्येक वर्ष आंखों की जांच कराना महत्वपूर्ण है।




डॉ. शेफाली पारिख
ग्लूकोमा विशेषज्ञ
श्रीजी आई क्लिनिक
अंधेरी, मुंबई


> ग्लूकोमा ऐसी सामान्य आंख की स्थिति होती है जो आंखों की ऑप्टिक नसों को प्रभावित करती है। ये ऑप्टिक नसें आंख से मस्तिष्क तक सूचना को संसाधित करने हेतु ले जाने के लिए जिम्मेदार होती हैं।

**ग्लूकोमा परीक्षण दर्दनाक हो सकता है**

ग्लूकोमा का परीक्षण बिल्कुल भी दर्दनाक नहीं होता है। ग्लूकोमा के लिए विभिन्न प्रकार के परीक्षण होते हैं। गोल्डमैन एप्लायनेशन टोनोमेट्री के रूप में जाना जाने वाला एक परीक्षण भी है जहां रोगियों की प्रत्येक आंख में दर्द रहित आखों की दवा डाली जाती है। नेत्र रोग विशेषज्ञ तब प्रत्येक आंख पर एक नीली रोशनी निर्देशित करता है और एक ऐसे उपकरण से देखता है जो अंत:स्रावी दबाव को सटीक रूप से मापता है। यह टेस्ट जल्दी और दर्द रहित भी होता है। भारतीय परिदृश्यों में प्रचलित दो सबसे आम ग्लूकोमा के बीच अंतर करने के लिए गोनियोलेंस नामक लेंस के साथ कोण का आकलन बहुत महत्वपूर्ण है। अन्य परीक्षणों में परिधि के साथ दृश्य क्षेत्र का परीक्षण और इमेजिंग तकनीक के साथ ऑप्टिक तंत्रिका की स्कैनिंग शामिल है।

**ग्लूकोमा अनुवांशिक होता है**

ग्लूकोमा के कुछ प्रकार वंशानुगत होते हैं, और ग्लूकोमा का पारिवारिक इतिहास एक जोखिम कारक है, इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन ग्लूकोमा के कई मरीज ऐसे हैं जो अपने परिवार में अकेले होते हैं जिन्हें इस बीमारी का पता चलता है।

यह भी संभव है कि कोई प्रबल पारिवारिक इतिहास न हो क्योंकि परिवार के प्रत्येक सदस्य की उचित जांच नहीं की गई है। इस प्रकार, यह महत्वपूर्ण है कि ग्लूकोमा के रोगियों को अपने निदान को अपने परिवार के सदस्यों के साथ साझा करना चाहिए और उन्हें अपनी आंखों की जांच कराने के लिए कहना चाहिए।

ग्लूकोमा से जुड़े मिथकों पर विश्वास करना बंद करें और अपने नेत्र स्वास्थ्य को बनाए रखने और उसकी रक्षा करने के लिए अपने नेत्र चिकित्सक के साथ काम करें। ग्लूकोमा को ठीक नहीं किया जा सकता है लेकिन निश्चित रूप से ग्लूकोमा के कारण होने वाले अंधेपन को रोका जा सकता है

# इस बार जोड़ों के दर्द से पाएं छुटकारा

**डॉ. विवेक महाजन का कहना है कि कम तापमान जोड़ों का दर्द बढ़ा देता है। अब जब मौसम ठंडा हो रहा है, तो अपनी हड्डियों पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है**

सर्दी के मौसम में गठिया के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। गठिया को एक या एक से अधिक जोड़ों की सूजन के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसमें जोड़ों की परेशानी सबसे आम लक्षण है, जो अक्सर उम्र बढ़ने के साथ खराब हो जाते हैं। गठिया के दो सबसे आम प्रकार हैं – ऑस्टियोआर्थराइटिस और रुमेटाइड गठिया।

**घुटने का दर्द**– घुटने का पुराना दर्द घुटने की हड्डी में लिगामेंट की कमी और हड्डी के घिसाव के कारण होता है। 50 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों में घुटने की परेशानी ज्यादा आम है। अधिक वजन वाले लोगों में यह स्थिति विकसित होने का अधिक जोखिम होता है। यह एक ऐसी बीमारी है जो पीढ़ियों से चली आ रही है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में यह स्थिति होने की संभावना अधिक होती है।

**जोड़ों की जकड़न**– ठंड की स्थिति में, मांसपेशियों में ऐंठन होने की संभावना अधिक होती है, जिसके परिणामस्वरूप जोड़ों में अधिक परेशानी और जकड़न होती है। ठंड के मौसम में उंगलियों और पैर की उंगलियों में रक्त–परिसंचरण कम हो जाता है, जिससे गठिया की परेशानी बढ़ जाती है। कम तापमान जोड़ों के तरल पदार्थ को गाढ़ा कर सकता है, जिससे जोड़ कठोर हो जाते हैं और हिलना मुश्किल हो जाता है। पूरे सर्दियों में कम धूप के परिणामस्वरूप विटामिन डी का स्तर गिर जाता है, जिससे भंगुर हड्डियां और जोड़ हो सकते हैं।

**गठिया के दर्द को रोकें विटामिन डी** : सर्दियों में सूरज की रोशनी की कमी के कारण जोड़ों की परेशानी बढ़ सकती है, जिससे शरीर की विटामिन डी को संश्लेषित करने की क्षमता घट जाती है। इसलिए सर्दियों के दौरान भी पर्याप्त धूप लेना महत्वपूर्ण है। यदि आप विटामिन डी कैप्सूल लेने का इरादा रखते हैं, तो पहले अपने डॉक्टर से परामर्श करना सुनिश्चित करें।

**नियमित रूप से व्यायाम करें :** सर्दियों के दौरान, लोगों की फिटनेस दिनचर्या ठप हो जाते हैं। इससे न केवल आपका वजन बढ़ सकता है, बल्कि इससे अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं। गठिया के दर्द को कम करने के लिए फिटनेस कार्यक्रम शुरू करने से पहले अपने चिकित्सक से परामर्श लें। हर दिन कम से कम 30–40 मिनट व्यायाम करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा, प्रतिदिन लगभग 8 घंटे की अच्छी नींद लें।

**गर्म कपड़े पहनें :** स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए कपड़ों की अतिरिक्त परतों के साथ उचित रूप से ढंकें। डॉक्टर ठंडे फर्श पर बैठने की सलाह नहीं देते क्योंकि इससे दर्द बढ़ सकता है। सीढ़ियां चढ़ने से भी बचें, क्योंकि इससे आपके जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। अगर आप घर पर हैं तो भी बिना गर्म मोजे के न घूमें। पैरों की सुरक्षा के लिए हमेशा ऊनी मोजे ही पहनने चाहिए। गठिया के दर्द से राहत पाने के लिए गर्म पानी का प्रयोग करें।

**स्वस्थ आहार :** पूरे वर्ष सामान्य से अधिक फल और सब्जियां खाने की कोशिश करें। ताजे फल और सब्जियों का ही सेवन करें। अंडे, दही और कई प्रकार की मछलियों में पाया जाने वाला विटामिन बी12 होमोसिस्टीन के स्तर को कम करने में मदद करता है। रक्त में होमोसिस्टीन के स्तर को हृदय संबंधी जटिलताओं के विकास के बढ़ते खतरे से जोड़ा गया है।






डॉ. विवेक महाजन
हड्डी रोग और संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जन
इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर, नई दिल्ली


इसी तरह, विटामिन बी6 जोड़ों की सूजन को कम करने में मदद कर सकता है। गाजर, पालक, शकरकंद और केला कुछ आम विटामिन बी6 से भरपूर खाद्य पदार्थ हैं। अगर आप विटामिन या सप्लीमेंट लेने के बारे में सोच रहे हैं, तो पहले डॉक्टर से बात करें क्योंकि हर किसी की जरूरतें अलग–अलग होती हैं। स्वस्थ आहार का पालन करते हुए शराब और परिष्कृत शर्करा से बचना भी जरूरी है। अगर सर्दियों में इन चीजों का अधिक मात्रा में सेवन किया जाए तो यह दर्द को बढ़ा सकता है।

**हाइड्रेटेड रहें :** सर्दियों में पानी की खपत कम हो जाती है। इससे आर्थराइटिस के मरीजों को परेशानी हो सकती है। आपके शरीर के समुचित कार्य के लिए पर्याप्त पानी पीना महत्वपूर्ण है। पर्याप्त रूप से हाइड्रेटेड रहने से आपके शरीर के तापमान को नियंत्रित करने, पाचन में सहायता करने और अन्य चीजों के अलावा आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा, अधिक पानी पीने के परिणामस्वरूप बाथरूम में अतिरिक्त पैदल चलना आपके दिन में थोड़ी अधिक गतिशीलता जोड़ने का एक आसान तरीका है।

**लेखक डॉ. विवेक महाजन, भारतीय स्पाइनल इंजरी सेंटर, नई दिल्ली में हड्डी रोग और जोड़ प्रतिरोपण सर्जन हैं**

# स्वस्थ संकल्प करें



**छुट्टियों के मौसम के उत्साह के साथ, अब समय आ गया है कि हम एक स्वस्थ सौंदर्य आहार को प्राथमिकता दें। स्वस्थ बालों और त्वचा के लिए छह संकल्प साझा कर रहे हैं डॉ. सचिन पवार**

## अच्छी नींद की आदत बनाएं

उचित नींद स्वच्छता विकसित करने के संकल्प के लिए नया साल सही समय है। यह न केवल आपको अच्छी तरह से आराम देता है, बल्कि रात की अच्छी नींद लेना आपके बालों और त्वचा दोनों के लिए फायदेमंद होता है। जैसे ही आप सोते हैं, आपका शरीर त्वचा में रक्त–प्रवाह को बढ़ाता है, इसे ढीली पड़ने से रोकता है और एक स्वस्थ चमक देता है। नींद की कमी भी बालों के झड़ने, टूटने, क्षति का कारण बन सकती है, जो बालों के विकास को प्रभावित कर सकती है। हर दिन 7 से 9 घंटे की नींद आपको एक चमकदार रंगत विकसित करने में मदद कर सकती है।

## विटामिन ई का सेवन है जरूरी

परंपरागत रूप से, त्योहारों का मौसम, विशेष रूप से नए साल की पूर्व–संध्या सभी को सजाने और दावत देने से संबंधित होती है। ठीक है, मेकअप आपको ग्लैमर लुक दे सकता है, लेकिन संभावना है कि अगर आपने संतुलित और स्वस्थ आहार नहीं बनाए रखा तो आपकी त्वचा सुस्त दिख सकती है। इसका एक समाधान, जोकि बाहर से आपके रूप को नवीनीकृत करने के लिए अंदर से काम करता है, वो यह कि अपने आहार में विटामिन ई की दैनिक खुराक शामिल करें। हालांकि विटामिन ई रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों में व्यापक रूप से उपलब्ध है, मगर आप विटामिन ई जोड़कर अपनी त्वचा और बालों के सेलुलर स्वास्थ्य को भी मजबूत कर सकती हैं। इसलिए इवियन आर फोर्ट जैसे सप्लीमेंट्स को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। प्राकृतिक एंटीऑक्सिडेंट आपकी कोशिकाओं की मरम्मत, पुनर्स्थापना और पुनर्जीवित करने के लिए सेलुलर स्तर पर काम करते हैं, इस प्रकार, आपकी त्वचा को नुकसान से बचाते हैं और खोपड़ी के माइक्रोसरकुलेशन और ऑक्सीजन का समर्थन करते हैं। इसके सूजन या जलनरोधक गुण आपकी त्वचा को सूरज के कठोर प्रभाव से बचा सकते हैं।

## सूर्य और ताप से सुरक्षा

बाहरी तनाव आपके शरीर के मुक्त कणों का उत्पादन करने का कारण बनता है जो कोलेजन पर हमला करते हैं, प्रोटीन जो आपकी त्वचा को युवा और सुंदर रहने का अवसर देती है। मुक्त कणों के कारण होने वाले इस असंतुलन को ऑक्सीडेटिव तनाव के रूप में जाना जाता है। यह आपकी त्वचा की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है और कमजोर करता है, जिससे आपकी त्वचा थकी हुई और खराब दिखती है। इस दौरान त्वचा देखभाल दिनचर्या का होना और भी जरूरी हो जाता है। इसी तरह, बालों को नुकसान – पतले, भंगुर, सुस्त या सपाट बाल – कई कारकों के परिणामस्वरूप हो सकता है, जिनमें यूवी विकिरण और प्रदूषण जैसे पर्यावरणीय कारक शामिल होते हैं। सुनिश्चित करें कि आप अपने बालों को एक अच्छे हीट प्रोटेक्टेंट से तैयार करें। आपके नए साल के नवरूप के लिए एकदम सही, मजबूत और चमकदार बाल रखने की कुंजी स्वस्थ आदतों के साथ बालों की अच्छी देखभाल करना है।

## अपने शरीर को हाइड्रेट और पोषण दें

आप जितना अधिक हाइड्रेटेड रहेंगे, आपको उतनी ही कम झुर्रियां और बेहतर रंगत दिखाई देगी। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से आपको कई तरह की त्वचा–समस्याओं से निपटने में मदद मिल सकती है और आपको चमकदार त्वचा मिल सकती है। एक हाइड्रेटेड शरीर भी बालों के विकास में परिणाम देता है क्योंकि यह खोपड़ी में सूखापन कम करता है और जड़ों से बालों के विकास को बढ़ावा देता है। हम अपने शरीर के लिए पोषण के महत्व को न भूलें। एक स्वस्थ शरीर और दिमाग को विटामिन और खनिजों समेत पोषक तत्वों की दैनिक खुराक की आवश्यकता होती है। अपने आहार में विटामिन ई युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करना युवा त्वचा और बालों को फिर से जीवंत करने के सबसे आसान तरीकों में से एक है।

**–लेखक इंडिया क्लस्टर, प्रॉक्टर एंड गैंबल हेल्थ लिमिटेड –मेडिकल एंड टेक्निकल अफेयर्स में एमडी हेड हैं**

# मालविका बंसोड़ ने ओडिशा ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई

**तस्नीम मीर को सीधे गेम में शिकस्त देकर ओडिशा ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया**






एजेंसी। कटक

**भारत** की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी मालविका बंसोड़ ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए गुरूवार को यहां हमवतन और जूनियर नंबर एक खिलाड़ी तस्नीम मीर को सीधे गेम में शिकस्त देकर ओडिशा ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मालविका ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 टूर्नामेंट के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में 16 वर्षीय तस्नीम को 21-13 21-15 से हराया। पिछले हफ्ते 20 वर्षीय मालविका सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पीवी सिंधू से हार गई थी। इससे पहले महीने के शुरू में इंडिया ओपन में उन्होंने अपनी आदर्श साइना नेहवाल को हराया था। अब मालविका का सामना तान्या हेमंत और विजेता हरीश के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से होगा। पांचवीं वरीय अश्मिता चालिहा ने हमवतन अनुपमा उपाध्याय को 21-17 21-16 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। अब उनका सामना रूचा सावंत से होगा जिन्होंने निक्की राफड़िया को हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। पुरूष एकल में तीसरे वरीय शुभंकर डे ने साथी भारतीय राहुल यादव चिटाबोइना को 33 मिनट में 21-16 21-14 से पराजित किया।किरण जॉर्ज भी हमवतन चिराग सेन पर 21-12 21-13 की आसान जीत से पुरूष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। मिश्रित युगल स्पर्धा में ध्रुव रावत और शिखा गौतम की जोड़ी को सचिन डायस और थिलिन हेंडाहेवा की श्रीलंकाई जोड़ी से दूसरे दौर के मैच में 11-21 14-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि आयुष मखिजा और दीक्षा चौधरी ने चिराग अरोड़ा और निशा राफड़िया को 21-5 21-16 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

## एफ1 ने सिंगापुर ग्रां प्री से सात साल का अनुबंध बढ़ाया

**पेरिस।** फार्मूला वन ने गुरूवार को सिंगापुर ग्रां प्री के साथ सात साल का अनुबंध बढ़ाने के लिए हस्ताक्षर किए। फार्मूला वन ने एक बयान में कहा कि मरीना बे स्ट्रीट सर्किट पर 2028 तक रेसिंग जारी रखने के लिए सिंगापुर ग्रां प्री और सिंगापुर के पर्यटन बोर्ड के साथ करार पर सहमति बनी है। सिंगापुर में पहली बार 2008 में रात्रि रेस का आयोजन किया गया था और दुनिया भर में यह प्रशंसकों के लिए लोकप्रिय स्थल साबित हुआ। पर कोरोना वायरस महामारी के कारण रेस के पिछले दो चरण रद्द करने पड़े थे।इस साल की रेस दो अक्टूबर से की जानी है जिसके बाद अगले हफ्ते में जापान ग्रां प्री कराई जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### फार्मर्स इंश्योरेंस ओपन में लाहिड़ी की औसत शुरूआत

**सान डिएगो।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने फार्मर्स इंश्योरेंस ओपन में एक अंडर 71 के स्कोर के साथ शुरूआत की और अब कट में प्रवेश के लिए अगले दौर में उन्हें बहुत अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस साल अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रहे लाहिड़ी ने चार बर्डी लगाए और तीन बोगी किए। वह पहले दौर के बाद संयुक्त 76वें स्थान पर हैं। बिली हर्शेल ने नौ अंडर 63 का स्कोर करके एक स्ट्रोक की बढत बना ली है। वहीं माइकल थाम्पसन दूसरे स्थान पर हैं।

### पॉवेल के 107 रन से वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को हराया

**ब्रिजटाउन।** रोवमैन पॉवेलके 53 गेंद में 107 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को 20 रन से हराकर पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में 2 .। से बढत बना ली। ओडियन स्मिथ की जगह खेल रहे पॉवेल ने अपनी पारी में 10 छक्के जड़े। उनके शतक की मदद से वेस्टइंडीज ने पांच विकेट पर 224 रन बनाए। निकोलस पूरन ने 43 गेंद में 70 रन का योगदान दिया। जवाब में इंग्लैंड की टीम नौ विकेट पर 202 रन ही बना सकी। टॉम बेंटोन ने 39 गेंद में 73 रन बनाकर जीत की उम्मीद जगाई थी लेकिन उनके आउट होने के बाद इंग्लैंड को 45 गेंद में 96 रन की जरूरत थी। अपने कैरियर का पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे फिल सॉल्ट ने एक ओवर में 36 रन निकालकर वापसी की कोशिश की। उन्होंने 22 गेंद में 50 रन बनाए लेकिन अर्धशतक पूरा होते ही बोल्ड हो गए। इयोन मोर्गन को मामूली चोट लगने के कारण इंग्लैंड की कप्तानी मोईन अली ने की। आखिरी दो मैच शनिवार और रविवार को खेले जाएंगे।

### मिस्र, भूमध्यवर्ती गिनी अफ्रीकी कप के क्वार्टर फाइनल में

**डोआला।** मोहम्मद सालाह ने निर्णायक पेनल्टी पर गोल किया जिसकी मदद से मिस्र ने आइवरी कोस्ट को पेनल्टी शूटआउट में 5 . 4 से हराकर अफ्रीकी कप आफ नेशंस फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भूमध्यवर्ती गिनी ने भी पेनल्टी शूटआउट में माली को 6 . 5 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।दोनों ही मैच अतिरिक्त समय के बाद भी गोलरहित बराबरी पर थे।अब क्वार्टर फाइनल में बुर्किना फासो का सामना ट्यूनीशिया से, सेनेगल का भूमध्यवर्ती गिनी से, जाम्बिया का मेजबान कैमरून से और मिस्र का मोरक्को से होगा। मिस्र रिकॉर्ड सात बार अफ्रीकी चैम्पियन रह चुका है लेकिन 2010 के बाद से कप आफ नेशंस नहीं जीता।

### प्रज्ञानानंदा ने विदित को हराया, कार्लसन को बढत

**विज्क आन जी।** युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने हमवतन विदित गुजराती को टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दसवें दौर में हरा दिया। सोलह वर्ष के प्रज्ञानानंदा ने तीन मैच में हार के सिलसिले को तोड़कर अपने से उंची ईएलओ रेटिंग वाले गुजराती को 78 चालों में मात दी। अब गुजराती नीचे खिसककर चौथे नंबर पर आ गए और उनके 5 . 5 अंक हैं।वहीं प्रज्ञानानंदा 3 . 5 अंक लेकर 13वें स्थान पर आ गए हैं। शीर्ष पर काबिज बाकी खिलाड़ियों ने ड्रॉ खेले जिसके बाद मैग्नस कार्लसन पहले स्थान पर बने हुए हैं। कार्लसन और सर्जेइ कर्जाकिन ने 16 चालों में ड्रॉ खेला। नीदरलैंड के अनीश गिरी और पोलैंड के जान क्रिस्टाफ डुडा की बाजी भी ड्रॉ रही। गिरी दूसरे स्थान पर हैं। रिचर्ड रैपोर्ट ने फेबियानो कारूआना को हराया जबकि आंद्रेइ एसिपेंको ने दानिल दुबोव को मात दी। चैलेंजर्स वर्ग में भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने रूस की पोलिना शुवालोवा से ड्रॉ खेलकर दो अंक की बढत कायम रखी है। थाइ दाइ वान एंगुएन और योनास बुल ब्एरे दूसरे स्थान पर हैं।

# तेज गेंदबाजों को आराम देना पसंद नहीं उन्हें प्रत्येक मैच में खेलना चाहिए : ली

एजेंसी। मस्कट




**पूर्व** आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली तेज गेंदबाजों के लिए कार्यभार प्रबंधन की नीति के पूरी तरह खिलाफ हैं जो व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में एक चलन बन गया है। व्यस्त कार्यक्रम के अलावा कोविड-19 महामारी के बीच बायो-बबल की जिंदगी का असर भी क्रिकेटरों पर पड़ा है जिससे उन्हें खेल से दूर रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ली ने यहां लीजेंड्स क्रिकेट लीग के मौके पर पीटीआई से कहा, मैं इस आराम देने के नियम के खिलाफ हूं। मुझे गेंदबाजों को आराम देना पसंद नहीं है, मैं गेंदबाजों को प्रत्येक मैच खेलते देखना पसंद करूंगा। मोहम्मद शमी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला में नहीं खेले जिसमें भारत को 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। चयनकर्ताओं ने शमी और जसप्रीत बुमराह की भारतीय तेज गेंदबाजी जोड़ी को वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला के लिए भी आराम दिया है जिसमें तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच शामिल हैं।

लेकिन पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ली ने कहा कि एक तेज गेंदबाज को सिर्फ तभी आराम दिया जाना चाहिए, जब उसे कोई चोट हो। ली ने कहा, अगर वे चोट से जूझ रहे हों तभी यह (आराम देना) ठीक है। लेकिन मैं तेज गेंदबाजों को कड़ी मेहनत करते और हर वक्त खेलते हुए देखना चाहता हूं।

दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट और वनडे में लगातार श्रृंखला गंवाना विराट कोहली के सभी प्रारूपों की कप्तानी से हटने और बीसीसीआई के साथ टकराव के विवाद के बाद हुआ।

यह पूछने पर कि क्या मैदान के बाहर हुए विवाद का असर भारत के प्रदर्शन पर पड़ा तो ली ने इस पर चुप्पी बनाए रखना पसंद किया। हाल में आस्ट्रेलिया ने एशेज श्रृंखला में 4-0 से जीत दर्ज की जिसमें पैट कमिंस ने टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली क्योंकि टिम पेन ने सेक्सटिंग प्रकरण के बाद पद से हटने का फैसला किया था। कमिंस की तारीफ करते हुए ली ने कहा, हम 4-0 से जीते। मुझे लगता है कि उसने काफी अच्छा काम किया। मुझे लगता है कि उसकी कप्तानी काफी प्रभावी रही और उसे अपने चारों ओर कुछ शानदार लोगों (खिलाड़ियों) का समर्थन मिला।

### भारत बहुत अच्छी टेस्ट टीम रही है : ली

दक्षिण अफ्रीका से भारत को टेस्ट में मिली हार के बारे में बात करते हुए ली ने कहा कि उन्हें लगता है कि यह उम्मीद के विपरीत रहा क्योंकि यह वही टीम थी जिसने आस्ट्रेलिया को उसकी मांद में हराया था और फिर इंग्लैंड के खिलाफ भी 2-। से बढ़त बना ली थी। उन्होंने कहा, देखिए, कभी कभार ऐसा होता है। वे काफी अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। आस्ट्रेलिया में वे जिस तरह से खेले, उसकी घरेलू सरजमीं पर उसे हरा दिया और फिर इंग्लैंड में...। ली ने कहा, आस्ट्रेलियाई टीम इस समय दुनिया की नंबर एक टीम है। लेकिन भारत बहुत अच्छी टेस्ट टीम रही है। दक्षिण अफ्रीका में ऐसा हुआ कि मेजबान टीम ने अपनी सरजमीं पर वास्तव में काफी शानदार श्रृंखला खेली।

# महान हॉकी खिलाड़ी चरणजीत सिंह का निधन

एजेंसी। नई दिल्ली



**पांच साल पहले भी चरणजीत को स्ट्रोक हुआ था और तब से वह लकवाग्रस्त थे।**

**भारत** की 1964 तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हॉकी टीम के कप्तान रहे चरणजीत सिंह का हिमाचल प्रदेश के ऊना में उनके घर पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह लंबे समय से उम्र से जुड़ी बीमारियों से भी जूझ रहे थे। चरणजीत अगले महीने अपना 91वां जन्मदिन मनाने वाले थे। उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी है। पांच साल पहले भी चरणजीत को स्ट्रोक हुआ था और तब से वह लकवाग्रस्त थे। उनके बेटे वी पी सिंह ने बताया , पांच साल पहले स्ट्रोक के बाद से वह लकवाग्रस्त थे।

वह छड़ी से चलते थे लेकिन पिछले दो महीने से उनकी हालत और खराब हो गई। उन्होंने सुबह अंतिम सांस ली। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम की कप्तानी के साथ वह 1960 रोम ओलंपिक की रजत पदक विजेता टीम में भी थे। इसके अलावा वह 1962 एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता टीम के भी सदस्य थे। सिंह ने कहा , मेरी बहन के दिल्ली से आने के बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। चरणजीत की पत्नी का 12 वर्ष पहले निधन हो गया था। उनका बड़ा बेटा कनाडा में डॉक्टर है और छोटा बेटा उनके साथ था। उनकी बेटी विवाह के बाद से दिल्ली में रहती है। दो बार के ओलंपियन चरणजीत भारतीय हॉकी के गौरवशाली दिनों के साक्षी थे। करिश्माई हाफ बैक चरणजीत की कप्तानी में भारत ने 1964 ओलंपिक के फाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता।

# जस्टिन लैंगर और राइली थॉमसन आस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल

एजेंसी। मेलबर्न

**पूर्व** सलामी बल्लेबाज और सीनियर पुरूष टीम के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर को महिला क्रिकेटर राइली थॉमसन के साथ आस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। लैंगर बतौर खिलाड़ी काफी सफल रहे और टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने मैथ्यू हेडन के साथ सफल सलामी जोड़ी बनाई थी।

वहीं पूर्व तेज गेंदबाज राइली (76) ने चार मौकों पर आस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तानी की थी। आस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम 1996 में स्थापित गया था। राइली इसमें शामिल होने वाली 58वीं और लैंगर 59वें खिलाड़ी बने। एएफसी एशिया कप : दक्षिण कोरिया से अंक बांटकर शीर्ष पर रहा जापान

पुणे, 27 जनवरी (भाषा) दो बार के मौजूदा चैंपियन जापान ने एएफसी महिला एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लीग चरण के अपने आखिरी मैच में गुरुवार को यहां दक्षिण कोरिया के खिलाफ।-। से ड्रा खेलकर ग्रुप सी में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## बार्टी आस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में

**मेलबर्न।** ऐश बार्टी ने गैरवरीय मेडिसन कीज को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाकर मेजबान देश के लंबे इंतजार को खत्म किया और अब उनकी नजरें एक और सूखे को खत्म करने पर टिकी हैं।बार्टी ने सेमीफाइनल में एकतरफा मुकाबले में कीज को 6-।, 6-3 से हराया। बार्टी 1980 में वेंडी टर्नबुल के बाद अपने घरेलू ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली आस्ट्रेलिया की पहली महिला खिलाड़ी हैं। आस्ट्रेलिया का कोई खिलाड़ी 1978 में क्रिस ओ नील के बाद आस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब नहीं जीत पाया है।

# रामकुमार को 2022 टाटा ओपन महाराष्ट्र में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश

एजेंसी। पुणे



**भारत** के शीर्ष रैंकिंग के पुरुष टेनिस खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन को 31 जनवरी से 6 फरवरी तक पुणे के बालेवाड़ी स्टेडियम में होने वाले 2022 टाटा ओपन महाराष्ट्र के एकल मुख्य ड्रॉ में वाइल्डकार्ड के जरिए प्रवेश दिया गया है। आयोजकों ने गुरुवार को इसकी घोषणा की।

रामकुमार ने पिछले साल नवंबर में बहरीन के मनामा में अपने करियर का पहला एटीपी चैलेंजर खिताब जीता था और शीर्ष 200 खिलाड़ियों में दोबारा जगह बनाई थी। रामकुमार ने 2017 में शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में उलटफेर करते हुए विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी डोमीनिक थीम को सीधे सेटों में हराया था। महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ (एमएसएलटीए) द्वारा आयोजित और टाटा समूह द्वारा प्रायोजित दक्षिण एशिया के एकमात्र एटीपी 250 टूर्नामेंट में रामकुमार चौथी बार हिस्सा लेंगे। टाटा ओपन महाराष्ट्र के टूर्नामेंट निदेशक प्रशांत सुतार ने कहा, भारतीय खिलाड़ियों को सीधे मुख्य ड्रॉ में खेलते हुए देखकर हमेशा अच्छा लगता है और हमें पहला वाइल्ड कार्ड रामकुमार को देने की खुशी है।

# भरत के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए केमार रोच की वेस्टइंडीज टीम में वापसी

एजेंसी। सेंट जोंस



अनुभवी तेज गेंदबाज केमार रोच और युवा हरफनमौला एन बोनेर को भारत के खिलाफ छह फरवरी से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की एक दिवसीय क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। रोच ने 2019 में आखिरी वनडे खेला था जिसके बाद कोई लिस्ट ए मैच नहीं खेला। वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज डेसमंड हैंस ने मुख्य चयनकर्ता का पदभार संभालने के बाद उनकी वापसी कराई है। आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला हारने वाली कीरोन पोलार्ड की कप्तानी वाली कैरेबियाई टीम में छह बदलाव किए गए हैं।

भारत के खिलाफ वनडे मैच छह, नौ और 11 फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाएंगे।टी20 मैच कोलकाता के ईडन गार्डंस पर 16, 18 और 20 फरवरी को खेले जाएंगे। इसके लिए टीम की घोषणा शुक्रवार को होगी। रोच के अलावा मध्यक्रम के बल्लेबाज बोनेर और सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग की टीम में वापसी हुई है। किंग ने आखरी वनडे 2020 में खेला था। रोच अब तक 92 वनडे में 124 विकेट ले चुके हैं। हैंस ने एक बयान में कहा , केमार रोच हमारे प्रमुख तेज गेंदबाजों में से है। हमें लगता है कि शुरूआती विकेट लेने के लिए ऐसे गेंदबाजों की जरूरत है। वहीं बोनेर को 50 ओवरों के प्रारूप में खेलने का मौका दिया जाना चाहिए। यह श्रृंखला आईसीसी वनडे सुपर लीग का हिस्सा है और वेस्टइंडीज को अंक लेकर शीर्ष सात में शामिल होने का मौका मिलेगा ताकि 2023 विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर सके।

**टीम इस प्रकार**

कीरोन पोलार्ड (कप्तान , फेबियन एलेन, एन बोनेर, डेरेन ब्रावो, शामार ब्रूक्स, जैसन होल्डर, शाइ होप, अकील हुसैन, अलजारी जोसेफ, ब्रेंडन किंग, निकोलस पूरन, केमार रोच, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, हेडन वॉल्श जूनियर।

# अंडर-19 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी इंग्लैंड

**बेथेल ने पहले शानदार गेंदबाजी करके दक्षिण अफ्रीका को 209 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई**



एजेंसी। नॉर्थ साउंड

**जैकब** बेथेल की शानदार बल्लेबाजी के दम पर इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराकर आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। बेथेल ने पहले शानदार गेंदबाजी करके दक्षिण अफ्रीका को 209 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद 88 रन बनाकर इंग्लैंड को सेमीफाइनल में पहुंचाया जहां उसका सामना श्रीलंका या अफगानिस्तान से होगा। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए धीमी शुरूआत की। पारी का पहला चौका चौथे ओवर की पहली गेंद पर लगा। अगली गेंद पर जोशुआ बॉयडेन ने वेलेंटाइन किटिमे को आउट किया। बॉयडेन ने सलामी बल्लेबाज एथान जॉन कनिंगघम के रूप में टूर्नामेंट का अपना 12वां विकेट लिया। दक्षिण अफ्रीका का स्कोर दो विकेट पर 21 रन था। इसके बाद डेवाल्ड ब्रेविस और गेहार्डस मारी ने पारी को संभालकर 55 रन जोड़े।

## आस्ट्रेलियाई ओपन में पुरूष युगल फाइनल मेजबान खिलाड़ियों की जोड़ी के बीच

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई ओपन का पुरूष युगल फाइनल शनिवार को मेलबर्न पार्क में मेजबान खिलाड़ियों की जोड़ी के बीच ही खेला जाएगा। निक किर्गियोस और थानासी कोकिनाकिस की जोड़ी ने स्पेन के मार्सेल ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 7-6 6-4 से शिकस्त दी। वहीं मार्गेट कोर्ट एरीना में मैथ्यू एबडन और मैक्स पुर्सेल की साथी आस्ट्रेलियाई जोड़ी ने भी दूसरे सेमीफाइनल में जीत हासिल की। मैथ्यू और मैक्सी की जोड़ी अमेरिका के राजीव राम और ब्रिटेन के जो सैलीसबरी की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-3 7-6 से पराजित किया।

# नार्वे की स्कीयर सहित कई खिलाड़ी कोविड-19 पॉजिटिव

एजेंसी। ओस्लो



**नार्वे** महिला क्रास-कंट्री स्की टीम की दो सदस्य अगले महीने होने वाले बीजिंग शीतकालीन खेलों से पहले कोरोना वायरस पॉजिटिव पाई गई हैं।

नार्वे की टीम ने यह जानकारी दी। अन्य देशों को भी इंतजार है कि उनके संक्रमित खिलाड़ी खेलों में भाग लेने के लिए समय पर उबर सकते हैं या नहीं। इन खिलाड़ियों में स्विट्जरलैंड के हॉकी खिलाड़ी, रूस के बॉबस्लेडर्स और जर्मनी के स्केलेटन स्लाइडर्स शामिल हैं जो इस वायरस संक्रमण से उबरने का इंतजार कर रहे हैं।

इस सूची में अमेरिका के बॉबस्लेडर जोश विलियमसन भी शामिल हैं जिन्होंने बुधवार को हुई जांच में पॉजिटिव होने का खुलासा किया और वह गुरूवार को चीन जा रही टीम के साथ रवाना नहीं होंगे।

# एफआईएच प्रो लीग के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित,जुगराज सिंह और अभिषेक दो नए चेहरे

## एफआईएच प्रो लीग के लिए 20 सदस्ईय भारतीय पुरुष टीम घोषित, जुगराज सिंह और अभिषेक के रूप में दो नए चेहरे

एजेंसी। नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका में मेजबान टीम और फ्रांस के खिलाफ होने वाले एफआईएच प्रो लीग मुकाबलों के लिए गुरुवार को यहां मनप्रीत सिंह की अगुआई में 20 सदस्ईय भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की जिसमें जुगराज सिंह और अभिषेक के रूप में दो नए चेहरों को शामिल किया गया है।दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में आठ से 13 फरवरी के बीच होने वाले इन मुकाबलों के लिए हरमनप्रीत सिंह को भारतीय टीम का उप कप्तान बनाया गया है। अनुभवी खिलाड़ियों से सजी भारतीय टीम में तोक्यो ओलंपिक में एतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली टीम के 14 खिलाड़ियों को जगह मिली है।भारतीय टीम बेंगलुरू से चार फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होगी। टीम को आठ फरवरी को पहले मैच में फ्रांस का सामना करना है जबकि अगले दिन उसकी भिड़ंत दक्षिण अफ्रीका से होगी। टीम 12 फरवरी को दोबारा फ्रांस से भिड़ेंगी जबकि अगले दिन मेजबान टीम का सामना करेगा।

ए सभी मुकाबले भारतीय समयानुसार रात साढ़े नौ बजे से खेले जाएंगे और इनका सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स सिलेक्ट 2 और स्टार स्पोर्ट्स सिलेक्ट 2 एचडी पर किया जाएगा। हॉटस्टार पर भी ए मुकाबले देखे जाएंगे।टीम में युवा ड्रैग फ्लिकर जुगराज और फारवर्ड अभिषेक के रूप में दो नए चेहरों को शामिल किया गया है। पंजाब के अमृतसर के अटारी के रहने वाले जुगराज को जनवरी 2022 में पहली बार सीनियर राष्ट्रीय शिविर में जगह मिली थी।




उन्होंने पहली हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष अंतर विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) की ओर से खेलते हुए प्रभावित किया था।स्ट्राइकर की भूमिका निभाने वाले अभिषेक भारत के जूनियर कार्यक्रम का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने 2017 और 2018 में सुल्तान आफ जोहर कप में भारतीय की जूनियर टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। जुगराज की तरह हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले अभिषेक ने भी पंजाब नेशनल बैंक की ओर से अच्छा प्रदर्शन करते हुए पहली बार सीनियर राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाई थी।भारत की 20 सदस्ईय टीम में पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक के रूप में दो गोलकीपर को शामिल किया गया है। रक्षापंक्ति में हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, सुरेंदर कुमार, वरूण कुमार, जरमनप्रीत सिंह और जुगराज सिंह को जगह मिली है।

मिडफील्ड में जिम्मेदारी मनप्रीत सिंह, निलाकांत शर्मा, हार्दिक सिंह, जसकरण सिंह, शमशेर सिंह और विवेक सागर प्रसाद पर होगी। फारवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, आकाशदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह और अभिषेक शामिल हैं।

टीम के संदर्भ में मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, आगामी वर्ष बेहद व्यस्त और महत्वपूर्ण है और उसे देखते हुए भारतीय टीम विश्व मंच पर वापसी और एफआईएच हॉकी प्रो लीग के नवीनतम सत्र में हिस्सा लेने को लेकर रोमांचित है। बेंगलुरू में तीन हफ्ते के शिविर के बाद तोक्यो ओलंपिक की टीम में शामिल 14 खिलाड़ियों के अलावा पदार्पण का इंतजार कर रहे दो खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा, हमने अनुभवी टीम चुनने का प्रयास किया है जो हमें एफआईएच हॉकी प्रो लीग के इस सत्र की सकारात्मक शुरूआत करने का शानदार मौका देगी। साथ ही इस टीम से हमारी विश्व स्तरीय विरोधियों का भी पता चला है जिनसे शुरूआती मुकाबलों में हमें भिड़ना है।

**टीम इस प्रकार है**

**गोलकीपर :** पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक।
**डिफेंडर :** हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, सुरेंदर कुमार, वरूण कुमार, जरमनप्रीत सिंह और जुगराज सिंह।
**मिडफील्डर :** मनप्रीत सिंह, निलाकांत शर्मा, हार्दिक सिंह, जसकरण सिंह, शमशेर सिंह और विवेक सागर प्रसाद।
**स्ट्राइकर :** मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, आकाशदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह और अभिषेक।